राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 जेलेंस्की ने की बाइडन-हैरिस से मुलाकात, यूक्रेन की विजय योजना के विवरण पर हुई चर्चा

चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप-नीरज चोपड़ा 11



वर्ष : 12 | अंक : 167 | पटना, शनिवार, 28 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 29.0°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

## पर्यटन शांति और समृद्धि का प्रमुख वाहक : धनखड़

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पर्यटन को शांति और समृद्धि का वाहक करार देते हुए कहा है कि आर्थिक विकास के इंजन के रूप में पर्यटन भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को यहां विश्व पर्यटन दिवस के अवसर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक शांति, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मानवता को जोड़ता है, जिसकी आज की दुनिया में बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा, पर्यटन शांति में बहुत बड़ा योगदान देता है। पूरी दुनिया शांति के लिए तरस रही है और कहीं भी लगने वाली आग सभी के लिए पीड़ादायक है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला और अर्थव्यवस्था बाधित होती है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि इंडिया, यानी भारत, अब एक पसंदीदा वैश्विक पर्यटन स्थल है। आध्यात्मिकता, उत्कृष्टता और 5,000 साल पुरानी सभ्यता के लोकाचार की भूमि से, पर्यटक पूरे साल, सभी मौसमों का अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के इंजन के रूप में पर्यटन, भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, हर पर्यटक एक सपना लेकर आता है। वह एक सहज अनुभव चाहता है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे मानव संसाधन इसे प्रदान करने के लिए कुशल हों। श्री धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और उन्हें पर्यटन का सबसे बड़ा राजदूत बताया। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप में कुछ ही पल बिताए और पूरी दुनिया को इसके बारे में पता चल गया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी और पर्यटन मंत्रालय में सचिव वी. विद्यावती और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## त्योहार के मौसम में रेलवे चलाएगा 6 हजार विशेष ट्रेन : वैष्णव



नई दिल्ली/एजेंसी। त्योहारों का मौसम नजदीक आता देख भारतीय रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के मौके पर एक करोड़ से अधिक यात्रियों की सुविधा के लिए 6, हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ भाड़ को देखते हुए 108 ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य डिब्बा जोड़ने के अलावा 12,500 डिब्बे स्वीकृत किए गए हैं। विशेष तौर पर बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जाने वाले कई रेल मार्गों पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहार के दौरान भारी भीड़ रहती है। वैष्णव ने कहा कि इस साल के त्योहार के मौसम के लिए अब तक कुल 5,975 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 4,429 थी। उन्होंने कहा, इससे पूजा के दौरान एक करोड़ से अधिक यात्रियों को घर जाने में सुविधा होगी। दुर्गा पूजा उत्सव नौ अक्टूबर से शुरू होगा, दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी जबकि छठ पूजा इस साल सात और आठ नवंबर को होगी। बता दें कि हर साल दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। यूपी-बिहार के लोगों के लिए यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होता है। इस दौरान स्थिति ऐसी हो जाती है कि दो-तीन महीने पहले से ही अधिकांश ट्रेन की टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। ट्रेनों में भारी भीड़ होने के कारण यात्रा करना अक्सर मुश्किल हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरजी कर मामला: सीबीआई को जांच रिपोर्ट में बड़ी खामियां मिलीं

कोलकाता। सीबीआई ने आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले में जांच रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाई हैं। सूत्रों ने बताया कि पहली चूक तब पकड़ी गई जब मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें पीड़िता के शव की जांच के लिए केवल 20 मिनट का समय मिला। यह समय मामले की गंभीरता को देखते हुए असामान्य रूप से कम है। कानूनी शब्दों में, जांच रिपोर्ट एक दस्तावेज है जो पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट द्वारा तब बनाया जाता है जब कोई व्यक्ति अचानक, अनजाने में या हिंसक तरीके से मरता है। इसमें मृतक की पहचान, उसकी मौत का कारण तथा यह पता लगाने के लिए तैयार किया जाता है कि क्या मौत अप्राकृतिक या संदिग्ध थी। सूत्रों ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट को पीड़िता के शव की जांच के लिए बहुत कम समय दिया गया था। जांच अधिकारियों का मानना है कि जांच रिपोर्ट तैयार करने में भी जल्दबाजी की गई। इसके अलावा, पोस्टमार्टम प्रक्रिया को केवल 70 मिनट में पूरा कर लिया गया, जिससे जांच में अनियमितताओं की आशंका है।

### मणिपुर: सुरक्षा बलों ने हथियार और गोला बारूद बरामद किए

इंफाल। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कांगपोकपी जिले के हराओथेल और लाम्बुंग पहाड़ियों में बृहस्पतिवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर (पम्पी), 11 बम (प्रत्येक का वजन लगभग 1.5 किलोग्राम) और अन्य हथियार बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले के सुआंगदाई में एक अन्य अभियान में पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने एक देसी 9 एमएम पिस्तौल और एक सिंगल बैरल शॉटगन समेत कई हथियार बरामद किए। टीम ने म्यांमा की मुद्रा, एक बुलेटप्रूफ जैकेट और एक सैन्य वर्दी भी जब्त की। असम राइफल्स के जवानों ने बुधवार को भी तलाशी अभियान के दौरान थौबल जिले में एक आईईडी बरामद किया था।

### एनआईए का राजौरी और रियासी में सात स्थानों पर छापा

जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शिव खोडी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर जून में हुए घातक आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में आज सुबह राजौरी और रियासी जिले में सात स्थानों पर छापा मारा है। सभी जगह तलाशी ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि 9 जून को आतंकवादियों द्वारा बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हो गए थे। शिव खोडी मंदिर से कटरा जा रही बस रियासी के पौनी इलाके के त्रयाठ गांव के पास गोलीबारी की बौछार के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई थी। मरने वालों में राजस्थान का दो वर्षीय बच्चा और उत्तर प्रदेश का 14 वर्षीय किशोर भी शामिल था। 17 जून को गृह मंत्रालय ने आतंकी हमले का मामला एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि हाकम ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी और हमले से पहले इलाके की रेकी करने में आतंकियों की मदद की थी। एनआईए ने 30 जून को राजौरी में आतंकवादियों और उनके ओवरग्राउंड वर्करों से जुड़े पांच स्थानों पर तलाशी ली थी।

### मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल करें समाधान : नीतीश

### बोलें- स्मार्ट प्री-पेड मीटर के फायदे के बारे में लोगों को करें जागरूक



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ तौर पर अधिकारियों को कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की किसी प्रकार की शिकायत मिलती है उसका तत्काल समाधान करें। दरअसल, मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अणे मार्ग स्थित संकल्प में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट प्री-पेड मीटर की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**दुष्प्रचार और अफवाह से लोग भ्रमित न हों :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर बिजली की खपत में बचत के साथ-साथ लोगों को बिजली बिल के भुगतान में भी सहूलियत प्रदान करती है। इसमें किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि की शिकायत मिलती है तो उसका तत्काल समाधान करें। जो लोग दुष्प्रचार और अफवाह फैला रहे हैं उससे लोग भ्रमित न हों। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच अभियान चलाकर स्मार्ट प्री-पेड मीटर के फायदे के बारे में लोगों को बताएं और उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए पूरी तत्परता से काम करें। सभी जिलाधिकारी भी स्मार्ट प्री-पेड मीटर के फायदे के संबंध में लोगों को जागरूक और प्रेरित करें।

**समस्याओं के समाधान के प्रति सरकार संवेदनशील :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में सभी घरों तक बिजली पहुंचा दी गई है। सभी को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की खपत पर राज्य सरकार उपभोक्ताओं के लिये अनुदान के रूप में राशि खर्च कर रही है ताकि राज्य के लोगों को सस्ती बिजली मिल सके। सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है और उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**2005 के पहले राज्य में बिजली की क्या स्थिति थी :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले राज्य में बिजली की क्या स्थिति थी ये सभी लोग जानते है। सरकार में आने के बाद से लोगों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। स्मार्ट प्री-पेड मीटर को लेकर कुछ लोगों द्वारा भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। आजादी के बाद से 2005 तक जब उनलोगों की सरकार थी तो बिहार को बिजली के मामले में उनलोगों ने कितनी बदतर स्थिति में पहुंचा दिया था। हमने 15 अगस्त 2012 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में अपने संबोधन के दौरान वादा किया था कि अगर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं लायेंगे तो 2015 के विधानसभा चुनाव में मैं वोट मॉगने लोगों के बीच नहीं आऊँगा। हमने वादा किया और उसे अक्षरशः पूरा करते हुये हर घर तक लोगों को बिजली पहुंचा दी गई।

**सौर ऊर्जा के उपयोग को दिया गया बढ़ावा :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया है। सभी सरकारी भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाए गए हैं। सभी गांव और टोलों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है ताकि लोगों को रात में भी रोशनी मिलती रहे और आवागमन में कोई असुविधा न हो। किसानों के लिये कृषि फीडर लगाये जा रहे हैं ताकि किसानों को सस्ती और निर्बाध बिजली मिलती रहे और उन्हें सिंचाई कार्य में असुविधा न हो।

**2025 तक स्मार्ट मीटर को लगा दिया जाएगा : सचिव**

समीक्षा के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ऊर्जा विभाग के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने स्मार्ट प्री-पेड मीटर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में अब तक 50.23 लाख स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाया जा चुका है जिसमें शहरी क्षेत्रों में 17.47 लाख, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 32.76 लाख स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जा चुके हैं। वर्ष 2025 तक शेष स्मार्ट मीटर को भी लगा दिया जाएगा। स्मार्ट प्री-पेड मीटर के उपयोग करने पर राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली सब्सिडी के अलावे रिचार्ज कराने पर 3 प्रतिशत का वित्तीय लाभ मिलता है। उपभोक्ता दैनिक खपत एवं ऊर्जा शुल्क की राशि स्मार्ट मीटर में देख सकते हैं। स्मार्ट प्री-पेड मीटर के उपयोग से उपभोक्ता की मनःस्थिति में ऊर्जा खपत के प्रति हमेशा सजगता बनी रहती है जिससे ऊर्जा की बचत होती है। बिजली की खपत पर राज्य सरकार 15 हजार 343 करोड़ रुपये अनुदान दे रही है।

**ये रहें मौजूद :**

बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, नॉर्थ बिहार पावर ड्रिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक निलेश देवड़े सहित ऊर्जा विभाग के अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## भागलपुर में ढह गया एक और छोटा पुल

### उपमुख्यमंत्री बोलें- पुल-पुलियों की स्थिति का आकलन कर रहा है विभाग



भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को एक छोटे पुल का एक खंभा ढह गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा, पीरपैंती-बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर एक छोटे पुल का एक खंभा शुक्रवार सुबह करीब छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पूरा पुल नहीं गिरा है पुल पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और तकनीकी विशेषज्ञ क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा संभवतः गंगा नदी से बाढ़ का पानी सड़क पर आ जाने के कारण हुआ होगा । जिलाधिकारी ने कहा कि घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश भी दिए गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस पुल का निर्माण कुछ साल पहले राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने कराया था। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों और पुलियों के ढहने की पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है। इससे पहले सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज आदि जिलों में छोटे पुलों के ढहने की घटनाएं सामने आई थीं।

**क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण 20 वर्ष पुराना : विजय**



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पीरपैंती, भागलपुर में क्षतिग्रस्त हुआ पुल भागलपुर के कार्यपालक अभियंता द्वारा क्षतिग्रस्त पुलों की सूची में प्रतिवेदित नहीं किया गया था, इसकी जाँच का निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण 20 वर्ष पूर्व हुआ था, जैसा कि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भागलपुर एवं मुख्य अभियंता, सीमांचल द्वारा प्रतिवेदित किया गया है। इस पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियंता प्रमुख को निदेश दिया गया है कि ग्रामीण कार्य विभाग से सम्पर्क कर पुल के निर्माण की लागत, तत्कालीन संवेदक और पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण के पूर्व उसके रख-रखाव की जानकारी अविलम्ब प्राप्त करें। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले पर टिप्पणी की है तो सरकार पूरी ईमानदारी से जाँच करेगी और जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार सभी क्षेत्रों में विकास का कार्य कर रही है। यह जनता देख रही है।

## समस्तीपुर के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव



**इस घटना में कोई हताहत नहीं**

समस्तीपुर/एजेंसी।। बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने बताया, बीती रात करीब नौ बज कर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया। इस घटना में पेंट्रीकार समेत तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के सिलसिले में संबंधित अधिकारियों ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद ट्रेन मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, पथराव से यात्रियों में दहशत फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सतर्क लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी और कुछ देर बाद रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी वहां पहुंच गए। समस्तीपुर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) आरके सिंह ने संवाददाताओं को बताया, एक पेंट्रीकार और दो बोगियों: ए-1 और बी-2 की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

**प्रेस वार्ता** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता को पर्यटन मंत्री ने किया संबोधित

# राज्य में जुलाई तक 2.67 लाख पहुंचे विदेशी.पर्यटक



प्रात : किरण

पटना। ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक रमणीक स्थलों की उपलब्धता बिहार प्रदेश को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। इन स्थलों की उपलब्धता बिहार में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं भी पैदा करती है। राज्य सरकार इन संभावनाओं के मद्देनजर संपूर्ण बिहार में पर्यटन के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत एवं कृत संकल्पित है। उक्त बातें पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने विव पर्यटन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पर्यटन विभाग के द्वारा राज्य में विभिन्न पर्यटकीय संरचनाओं तथा आधुनिक सुविधायुक्त होटलों का निर्माण एवं विकास, परिवहन के साधनों का विकास, महत्वपूर्ण पर्यटक गंतव्यों पर रोप-वे निर्माण इत्यादि पहल की गई है।

**पिछले वर्ष 46 लाख विदेशी पर्यटकों ने किया परिभ्रमण :**

मंत्री ने बताया कि पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सरंचनाओं के निर्माण एवं विकास के फलस्वरूप स्थानीय तथा अन्य राज्य से आनेवाले पर्यटकों और विदेशी पर्यटकों की संख्या में आशातीत वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023 में राज्य में लगभग 5.46 लाख विदेशी पर्यटकों द्वारा परिभ्रमण किया गया है। वर्ष 2024 के जुलाई माह तक कुल 2.67 लाख विदेशी.पर्यटकों द्वारा राज्य में परिभ्रमण किया गया है। अभी गत श्रावणी मेला और अभी गयाजी में चल रहे पितृपक्ष मेला में देश भर से श्रद्धालु बिहार आ रहे हैं। हम आने वाले दिनों में पारंपरिक छठ पर्व को एक पर्यटन उत्सव बनाने की योजना बना रहे हैं, जिसमें टूर पैकेज के माध्यम से देश भर के लोग छठ पूजा आयोजन को देख सकते हैं। हर प्रखंड में एक पर्यटन स्थल हेतु मेरा प्रखंड मेरा गौरव और सोशल मीडिया के इन्फलूएंसर्स के लिए बिहारः एक इन्फलूएंसर की नजर से प्रतियोगिता की शुरूआत दो अक्तूबर से होने जा रही है, जिसमें लोग भाग ले सकते हैं।

**प्रतियोगिता का आयोजन:**

बिहार के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है एवं आगे भी किया जा रहा है। बिहार के पर्यटक स्थलों, संस्कृति, धरोहर, व्यंजन, मेला-महोत्सव आदि पर आधारित लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें लगभग 10 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**बिहार पर्यटन के ब्रांडिंग कार्य:**

विभाग के द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के साथ पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर आधारित त्रैमासिक पत्रिका यायावर का प्रकाशन किया जा रहा है। विभाग द्वारा देश के कोने-कोने में होनेवाले प्रमुख टूरिज्म इवेन्ट्स में थीम आधारित सहभागिता की जा रही है। इन इवेन्ट्स में राज्य के सभी प्रमुख टूर ऑपरेटर्स तथा होटल व्यवसायियों को भी नेटवर्किंग के उद्देश्य से टीम में सहभागी बनाया गया है। साथ ही देश के प्रमुख महानगरों में विभिन्न प्रचार-प्रसार के माध्यमों से बिहार के पर्यटक स्थलों की ब्रांडिंग की जा रही है। वर्तमान में देश के प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों आदि पर डिजिटल डिस्पले बोर्ड, ऑडियो स्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**पर्यटन मित्र प्रशिक्षण:**

केन्द्र सरकार के द्वारा बोधगया पर्यटक स्थल पर चयनित पर्यटन मित्र यथा होटेलियर, टैज्फिक पुलिस, फोटोग्राफर, टैज्वल एजेंट, वेंडर शॉपकीपर, ऑटो चालक को प्रषिक्षण होटल प्रबंधन संस्थान, बोधगया के माध्यम से दिया जा रहा है।

**18 प्रकार की योजनाओं पर सीधी कैपिटल सब्सिडी**

पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने पर्यटन विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि उद्यमी आकर 18 प्रकार की योजनाओं पर सीधी कैपिटल सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम मद से लगभग 509.78 करोड़ रुपये की नई योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सचिव ने बताया कि बिहार पर्यटन नीति 2023 :राज्य में पर्यटन के समग्र एवं समावेशी विकास हेतु महत्वाकांक्षी बिहार पर्यटन नीति 2023 की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस नीति के तहत पर्यटन प्रक्षेत्र से जुड़े सभी निवेशकों को परियोजना के संबंध में प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में विस्तृत कार्यान्वयन दिशा-निर्देश वर्ष 2024-25 में जारी किया गया है। राज्य में पर्यटन केन्द्रों के निकट पर्यटन रोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु मुख्यमंत्री होमस्टे/बेड एण्ड ब्रेकफस्ट प्रोत्साहन योजना- 2024 प्रारंभ की गयी है। यह योजना राज्य के 15 जिलों के 29 पर्यटन स्थलों पर लागू की गई है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आधुनिक विपणन तकनीकी का उपयोग प्रचार प्रसार करने हेतु बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति, 2024 को लागू किया गया है। राज्य के टूर ट्रैवल ऑपरेटर तथा होटल संचालकों को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु बिहार टूर ऑपरेटर, टैज्वल एजेंसी एवं होटल संचालक प्रोत्साहन योजना, 2024 का क्रियान्वयन किया गया है। राजधानी पटना में पीपीपी मोड पर तीन पॉच सितारा होटल का निर्माण- राजधानी पटना में पीपीपी मोड पर तीन पॉच सितारा होटल ;पाटलिपुत्र अषोक, बांकीपुर बस स्टैण्ड एवं सुल्तान पैलेसद्ध का निर्माण हेतु विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## युवाओं को तम्बाकू सेवन की लत से बचाना प्राथमिकता: मंत्री

### सूबे में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 का हुआ आगाज



पटना। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि तंबाकू का सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्कूली बच्चों एवं युवाओं पर पड़ रहा है। बच्चों और अवयस्कों को तम्बाकू सेवन की लत से बचाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने आने वाले युवा पीढ़ी को इसकी भयावहता से बचा सकें। श्री पांडेय ने इसी के साथ राज्य में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की। यह अभियान अगले दो महीने तक चलेगा। इस 60-दिवसीय अभियान में पांच प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें तम्बाकू के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकू से मुक्त रखने के लिए दिशा निदेर्शों के अनुपालन में सुधार करना, तंबाकू तक युवाओं की पहुंच को सीमित करना, कोटपा 2003 और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पेका) 2019 के प्रवर्तन को मजबूत करना, तंबाकू-मुक्त गांवों को बढ़ावा देना शामिल है।

## तहसील स्तर पर खुलेंगे आयुष औषधि केंद्र

नई दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने शुक्रवार को कहा कि आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी तथा अन्य भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए शुद्ध और प्रमाणिक दवा उपलब्ध कराने के लिए देशभर में तहसील स्तर पर आयुष औषधि केंद्र खोले जायेंगे। श्री जाधव ने यहां मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए कहा कि देश के दूर दराज के हिस्सों आयुष औषधियां नहीं मिलने की मामला सामने आ रहा है। इससे निपटने के लिए देशभर में तहसील स्तर पर आयुष औषधि केंद्र खोलने की योजना बनायी गयी है। ये शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में होंगे। पहला आयुष औषधि केंद्र राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में नौ अक्टूबर को खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये आयुष केंद्र शुद्ध और प्रमाणिक दवा उपलब्ध करायेंगे। केंद्र सरकारी निजी भागीदारी से खोले जाएगें।

## संक्षिप्त खबरें

### कल होने वाले एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में भागीदारी

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी व्यापार मंडल के कार्यसमिति की बैठक टेढ़ी घाट मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष भगवती मोदी ने की। इसमें अनुमंडल प्रशासन द्वारा 29 सितंबर को रामदेव महतो सामुदायिक भवन में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। साथ ही व्यापार मंडल के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय रतन कुमार सिन्हा के पुत्र संजय कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी कन्हाई पटेल, राजकुमार शर्मा, शारदानंद प्रसाद, मोहम्मद यूनुस आदि उपस्थित थे।

### पति से विवाद के चलते महिला ने किया विषपान

फतुहा। विद्युत्त पावर ग्रिड के पास किराए पर रहने वाली एक महिला ने पति से विवाद होने पर विषपान कर लिया तथा थाने पहुंच गई। महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस के समक्ष आपबीती बताई। पुलिस उसकी बात सुनकर सन्न रह गयी और उसकी बिगड़ते हालत को देखकर तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। हालत की गंभीरता को देखते हुए महिला को प्राथमिक उपचार के बाद एनएमसीएच भेज दिय गयाा। इधर पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में ले लिया तथा पुलिस के कस्टडी में ही इलाजरत महिला को देखरेख करने के लिए एनएमसीएच भेज दिया। महिला की पहचान फतुहा ग्रिड में काम करने वाले कर्मी दिवाकर देवनाथ मेघवाल की 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी के रुप में हुई है। महिला का मायके भागलपुर जिले के चम्पापुर में है तथा ससुराल झारखंड के धनबाद जिले में है। महिला को एक बच्चा भी है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि महिला क्यों विषपान की, इसकी छानबीन की जा रही है। फिलवक्त महिला के मायके व ससुराल वालों को भी घटना की जानकारी दे दी गयी है। उनके मुताबिक महिला के परिजन जो आरोप गठित कर शिकायत दर्ज कराएंगे, उसपर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### रेल फुटओवर ब्रिज के दोनों साइड होगा सीढ़ी का निर्माण

फतुहा। रेलवे गुमटी के ऊपर बने फुटओवर ब्रिज के निर्माण के बाद से पुल के नीचे के दुकानदारों का रोजगार ठप हो गया था जिसके चलते दुकानदारों ने कई बार धरना-प्रदर्शन कर फुटओवर ब्रिज से सीढ़ी निर्माण का मांग किया। इस संबंध में दैनिक अखबार प्रातः किरण लगातार इस खबर को प्रकाशित किया। हाल ही में निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सत्येन्द्र सिंह से भी जब इस मुद्दे पर बात की गई तो इन्होंने भी आश्वासन दिया था। वहीं शुक्रवार को सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि हमने इस संबंध में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दक्षिणी निर्माण रामाश्रय पांडेय से मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया तब उन्होंने भी आश्वासन दिया कि फुट ओवर ब्रिज के दोनों ओर सीढ़ी निर्माण का कार्य बहुत जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा। मौके पर पूर्व पार्षद केशर प्रसाद, अभिषेक झा सहित दर्जनों दुकानदार मौजूद रहे। वहीं इस खबर से स्थानीय दुकानदारों में हर्ष का माहौल है।

### आर्यन कलेक्शन शॉप का विधायक ने किया उद्घाटन

फतुहा। शहर के गोविंदपुर में शुक्रवार को आर्यन कलेक्शन का उद्घाटन स्थानीय विधायक रामानंद यादव ने किया। इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा बहुत खुशी की बात है कि सभी कपड़े एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। वहीं आर्यन कलेक्शन के प्रोपराइटर विनोद कुमार ने बताया कि ग्राहकों का विश्वास ही हमारी पूंजी है। एक जरूर पधारे। मौके पर धर्मवीर गोप, डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, मनोज यदुवंशी, भोला सिंह, विपिन यादव, वीना यादव, वीरेन्द्र राय सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राहत शिविर मे रहने वाले एक युवक की इलाज के दौरान मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत बलदेव इंटर स्कूल स्थित राहत शिविर मे रहने वाले एक युवक की मौत इलाज के लिए जाने के क्रम में शिविर से बाहर निकलते ही गिड़ पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गया। मौत की खबर सुनते ही शिविर मे रहने वाले उनके परिजन चित्कार कर उठे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दियारा के अकिलपुर थाना क्षेत्र के कासिमचक पंचायत के केदलपुरा निवासी भुषण महतो 24 वर्षीय पानी घर में घुसने से बलेदव इंटर स्कूल स्थित राहत शिविर में रह रहा था। पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव ने बताया कि केदलपुर निवासी महेश राय का पुत्र भूषण महतो बीमार चल रहा था। इलाज के लिए शुक्रवार को अस्पताल जाने के शिविर से निकला था। कुछ दूर गया था कि अचानक गिड़ पड़ा और उसकी मौत हो गई

# गुलमोहर मैत्री ने कराया पंद्रहवें चरण में एक सौ बारह बच्चियों का एचपीवी वैक्सीनेशन का दूसरा डोज

## एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति बढ़ रही है जागरूकता :सीता साहू

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था गुलमोहर मैत्री ने अपने भागीरथी प्रयास को बढ़ाते हुए आज राजधानी पटना के मेडिवर्सल हेल्थ स्टूडियो में पटना की 112 बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाया। इन बच्चिया में वो भी थी जिन्हें छह माह पूर्व वैक्सीनेशन दी गई थी। आज दूसरा डोज देने के साथ उन्हें सर्विकल कैंसर से 99 फीसदी सुरक्षित किया गया। आज संस्था की महत्वाकांक्षी परियोजना नव्या के पंद्रहवें चरण का शुभारंभ पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, बीएमडब्ल्यू वेंचर्स के विजय किशोरपुरिया, लेमन ट्री के महाप्रबंधक गौरव गांधी, मेडीवर्सल हेल्थ स्टूडियो के डा जयंत गांधी एवं संस्था की सचिव मंजू सिंहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। महापौर सीता साहू ने पंद्रहवें चरण की शुभारंभ पर कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति लोग जागरूक हो रहे है।। महिला होने के नाते एक महिला के दर्द को समझते हुए, यह कह सकती हूं की कामकाजी महिला है या घरेलू महिलाएं आज भी अपनी समस्याओं पर चुप्पी नहीं तोड़ती। जरूरत है की घर परिवार में इसकी महत्ता को बताया जाए। संस्था की यह पहल सराहनीय है। पंद्रहवें वे चरण नव्या के टीकाकरण अभियान के अवसर पर मौजूद विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि बच्चियों के टीकाकरण अभियान नव्या परियोजना अब महाअभियान का रूप लेगी। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की इस विषय पर समाज को चिंतन करने की जरूरत है। टीकाकरण अभियान की सहयोगी बीएमडब्ल्यू वेंचर्स के विजय किशोर पुरिया ने कहा की सामाजिक सरोकारों को भी पूरा करने का प्रयास हम करते रहते है। गुलमोहर मैत्री संस्था का प्रयास देश के लिए नजीर बने यह शुभकामना है। लेमन ट्री के महाप्रबंधक गौरव गांधी ने कहा कि बच्चियों को दिया जाने वाला यह टीका बच्ची ही नहीं परिवार को भी सुरक्षित करता है। परिवार स्वास्थ्य और आर्थिक मामले में सुरक्षित रहता है। मेडिवर्सल हेल्थ स्टूडियो के डॉ जयंत गांधी ने कहा की एचपीवी टीका बच्चों को सर्वाइकल कैंसर से 99% तक सुरक्षित करता है। संस्था की सचिव मंजू सिंहा ने कहा कि हम सफलतापूर्वक एचपीवी का पंद्रहवां चरण पूरा कर रहे हैं। इस दौरान इस विषय पर लाखों लोगों से संवाद करने का मौका मिला। कार्यक्रम के दौरान डॉ जयंत गांधी, नवनीत रंजन, गौरव गांधी, डॉ दीप्ति, डॉ निधि मनीष कुमार, प्रीति प्रिया सहित सभी बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## गुरु नानकदेव जी के ज्योतिजोत पर्व पर तख्तश्री में सजा दीवान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानकदेव जी महाराज के ज्योतिजोत पर्व पर शुक्रवार को विशेष दीवान सजा। इसमें जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी चरणजीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन में आध्यात्मिक व सांसारिक उन्नति के सिद्धांत को रेखांकित किया। इससे पहले दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे दीवान में रागी जत्था भाई हरभजन सिंह, भाई बिक्रम सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई जोगिंदर सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई कविंदर सिंह ने वैराग्यमय कीर्तन की प्रस्तुति दी। दीवान की समाप्ति अरदास, हुकुमनामा व शस्त्र दर्शन के साथ जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने की। विशेष दीवान में श्रद्धा निवेदित करने सिख संगत व पदधारक समेत अन्य शामिल हुए। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला। गुरु महोत्सव का आयोजन गुरुपर्व महोत्सव का आयोजन चैनपुरा स्थित उदासी मठ में किया गया। सोनपुर के हरिहरनाथ कोनहारा घाट से जुड़े मठ में अध्यक्ष विष्णुदास उदासीन उर्फ मौनी बाबा की देखरेख में धार्मिक आयोजन किया गया। इसमें महापौर सीता साहू, वार्ड पार्षद मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल, पार्षद सुनीता देवी, पार्षद मनोज मेहता, दीपक पांडेय समेत अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत अमरजीत कुमार उर्फ टुन्नी मेहता, हरिमोहन यादव व प्रवक्ता डॉ विनोद कुमार अवस्थी ने किया। आयोजन में विपुल मेहता, प्रभात कुमार, विश्वजीत कुमार, राजेश कुमार खन्ना, आदित्य आर्य आदि शामिल थे।

## तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार की सुरक्षा को ले डीएम को भेजा पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिखों के प्रमुख तख्त और दशमेश पिता की जन्मस्थली तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार सह मुख्य ग्रंथि भाई बलदेव सिंह को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद बिहार ही नहीं बल्कि देश-विदेश के संगठनों में आशा आक्रोश देखा जा रहा है अनेक लोगों ने तख्त श्री कमेटी के पदाधिकारी को कॉल कर घटना की निंदा करते हुए उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करने की बात कही है इसे लेकर कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को भाई बलदेव सिंह को सुरक्षा प्रदान करने के लिए गुरुवार को पत्र भेजा है। फिलहाल अपने गृह नगर जमशेदपुर में रहे महासचिव ने लिखा है कि उन्हें सूचना मिली है कि तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार सह हेड ग्रंथी भाई बलदेव सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। सरदा दीपक सिंह, जो तख्त साहिब जी में गैस ऑपरेटर के पद पर अपनी ड्यूटी करता है तथा गुरुद्वारा गुरु का बाग स्टॉफ क्वार्टर में रहता है, को 17 सितंबर को अपराह्न 4.30 में दमराही घाट एवं पीरदमरिया घाट के बीच में बाइक सवार दो अज्ञात युवक के द्वारा रोक कर कहा गया कि तुम बलदेव सिंह के भतीजे हो। उनको जान से मारने की सुपारी हमें मिली है। अब उनका कभी भी मर्डर हो सकता है। इतना कह वह लोग आगे बढ़ गए। इस बात से दीपक सिंह काफी घबरा और सहम गया। इसकी सूचना भाई दीपक सिंह ने जत्थेदार साहिब के पुत्र स. मनजीत सिंह को 22 सितंबर को दिया। उसके द्वारा जानकारी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों को दी गई। इस खबर को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद देश-विदेश के संगतों में गुस्सा है और उनकी सुरक्षा को लेकर खासा कॉल पदाधिकारियों के पास आ रही है। जत्थेदार साहिब सुबह से लेकर रात तक किसी भी समय दरबार साहिब जन्म स्थान की सेवा के लिए जाते हैं। इनका निवास फिलहाल बाड़े की गली स्थित जौहरी निवास में है। इस दौरान इनसे कई साध संगत एवं अनजान व्यक्तियों से मिलना भी पड़ता है। इससे उनकी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा भी है। पटना के डीएम व एसएसपी को लिखे पत्र में यह बताया गया है कि पूर्व में तख्तश्री पटना साहिब के हेड ग्रंथी भाई राजिन्दर सिंह अपने पद पर रहते हुए 13 जनवरी, 22 को तख्त साहिब परिसर स्थित अपने मीरी पीरी के आवासीय कमरे में घायल अवस्था में मिले तथा उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दिनांक 17 जनवरी, 22 को उन्होंने अंतिम सांस ली। इस संबंध में मामला चौक थाना में दर्ज कराया गया, किन्तु अबतक कोई ठोस कार्रवाई और परिणाम सामने नही आया है। अधिकारियों से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उचित कार्रवाई करने तथा उनके जान-माल की रक्षा को अंगरक्षक प्रतिनियुक्त कराने हेतु आवश्यक आदेश निर्गत करने का आग्रह किया गया है। पत्र की कॉपी पटना सिटी एसडीओ डीएसपी 2 और चौक थाना को भी भेजी गई है। कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने भी घटना की निंदा की है और कहा कि एक प्रमुख तहत के जत्थेदार को जान से मारने की धमकी देना और एक माह की अवधि बताना निंदनीय है। पुलिस प्रशासन उन्हें उचित सुरक्षा प्रदान करें यह उनकी मांग है।

## सोने का लौकेट व कानबाली बदमाशों द्वारा निकाले

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत स्टेशन के घर जाने के क्रम में एक महिला के बैग से सोने का लौकेट व कानबाली बदमाशो द्वारा निकाले जाने की बात सामने आयी है। इस संबंध में पीडिता पुष्पांजली कुमारी ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन मे लगी है। बताया जाता है कि शास्त्रीनगर के राजवंशीनगर निवासी पुष्पांजली कुमारी दानापुर स्टेशन से अपने घर जाने के लिए आटो पर सवार हुई थी। जिस पर कुछ और लोग बैठे थे। पुष्पांजलि ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि उसका बैग ऑटो में ही था। जब वो रूपसपुर ओभरब्रीज के निकट ऑटो से उतरी तो उसके बैग में रखा सोने को लॉकेट व कान बाली नही था। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि पुष्पांजलि के आवेदन पर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## दो महिला से मोबाइल छिनने वाला दो गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

### खाजेकलां थाना की पुलिस ने मोबाइल चोर को पकड़ा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मालसलामी थाना की पुलिस ने गुरु के बाग रोड से दो महिला से झपट्टा मार कर छिने गए दो मोबाइल के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का मोटरसाइकिल और छिन गया दोनों मोबाइल भी बरामद कर लिया है। वहीं दूसरी ओर खाजेकलां थाना की पुलिस ने मच्छरहट्टा स्थित एक खिलौने की दुकान से चोरी गए मोबाइल के साथ एक अपराधी मोहम्मद चांद को गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार पूर्व से कांड में संलिप्त रहा है और जेल की हवा खा चुका है। मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को गुरु के बाग रोड में दो महिला से दो मोबाइल बाइक सवार दो अपराधियों ने झपट्टा मारकर छिन लिया था। इस संबंध में 31 अगस्त को कांड संख्या 412/24 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर काम किया गया और घटना में शामिल दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार में खाजेकलां थाना क्षेत्र के पानी टंकी का रहने वाला भैरव उर्फ पियूष पिता मुन्ना यादव को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं कांड 434/24 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त घटना में शामिल दूसरा अपराधी आलमगंज थाना क्षेत्र के बड़ी पटनदेवी के पास का रहने वाला आशीष प्रियदर्शी पिता संजय पासवान को भी दबोचा गया। उसके पास से दोनों महिलाओं से छिन गया दो मोबाइल को बरामद कर लिया गया। आशीष कदमकुआं थाना में नौ दिसंबर, 23 को कांड 860, मालसलामी थाना में 13 सितंबर, 24 को कांड 434 और 31 अगस्त, 24 को कांड 412 में शामिल रहा है। वहीं भैरव उर्फ पियूष मालसलामी थाना में 31 अगस्त, 24 को दर्ज कांड 412, 13 सितंबर, 24 को दर्ज कांड 434, गांधी मैदान थाना में आठ अगस्त, 24 को दर्ज कांड 449 और कदमकुआं थाना में 11 सितंबर, 24 को दर्ज कांड 401 में शामिल रहा है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, एसआई अखिलेश कुमार, एएसआई संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, संजीत कुमार, संतोष कुमार यादव और संतोष कुमार शामिल थे। वहीं खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा स्थित एक खिलौना दुकान से मोबाइल की चोरी इसी 23 सितंबर को कर ली गई थी। इस संबंध में 23 सितंबर को अधिवक्ता अभिषेक कुमार के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। थाना अध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर मोहम्मद चांद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। मोहम्मद चांद पहले दोरूखी में रहता था। अब आलमगंज में रहता है। उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह स्नैचिंग और शराब के मामले में जेल जा चुका है।

## रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल ने की सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला की मेजबानी

प्रात :किरण संवाददाता




दानापुर : 27 और 28 सितंबर 2024 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय ह्यट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला की दानापुर स्थित रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल ने मेजबानी की, जिसे कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के तहत सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान द्वारा डिजाइन और प्रस्तुत किया गया था। जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यशाला का उद्देश्य संसाधन व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उन्हें शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन के उत्प्रेरक बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीबीएसई के अध्यक्ष आईएएस राहुल सिंह ने अपने संबोधन में भारत सरकार के इस व्यापक प्रशिक्षण योजना के महत्व पर जोर दिया, जिसमें छात्र सशक्तिकरण को सक्षम करने वाले जीवंत और गतिशील कक्षाओं के निर्माण की दृष्टि को रेखांकित किया गया था। उन्होंने कहा, ह्रहमारी सफलता संसाधन व्यक्तियों को सशक्त बनाकर सुनिश्चित की जा सकती है, ताकि हमारे छात्र एक स्वस्थ और पोषणकारी वातावरण में फल-फूल सकें।ह्र वहीं सीबीएसई के प्रशिक्षण निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ह्रभारत भर में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्कूलों को एनईपी 2020 द्वारा निर्धारित दृष्टिकोण के साथ संरेखित करना हैं।ह्र कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री मनीषा सिन्हा, प्राचार्य, सीबीएसई के प्रशिक्षण निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव, सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल कपूर, सीबीएसई उत्कृष्टता केंद्र प्रमुख श्री रवि प्रकाश व वरिष्ठ लेखा अधिकारीअमित गर्ग समेत कई अन्य अतिथि शामिल थे` कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नेतृत्व विकास क्षमता और प्रभावी संचार रणनीतियों से संबंधित विभिन्न विषयों को शामिल किया गया, ताकि एक प्रवाहपूर्ण और प्रेरक शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया जा सके। रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल और सीबीएसई इस पहल के माध्यम से शिक्षक विकास और व्यावसायिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करके शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। ह्यट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्सह्र कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की एक प्रभावी लहर पैदा करना था, जहां प्रशिक्षित संसाधन व्यक्ति अपने ज्ञान और कौशल से देश भर के शिक्षकों को संपुष्ट करेंगे और इस प्रकार भारत भर में छात्रों के लिए अधिगम प्रक्रिया एवं शैक्षिक अनुभव समृद्ध हो सकेगा।

## दुर्गा पूजा में नहीं बजेगा डीजे, विधि व्यस्था को लेकर पुलिस रहेगी मुस्तैद, सीसीटीवी से होगी निगरानी



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम। दुर्गा पूजा को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के अलावे क्षेत्रीय कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद थे` बैठक में थाना अध्यक्ष ने लोगों से शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की` वहीं उन्होंने दुर्गा पूजा में डीजे पर पूर्णतः बैन लगाते हुए मध्यम साउंड में बाजा आदि का उपयोग करने को लेकर हिदायत दी` थानाध्यक्ष ने दुर्गा पूजा समितियों का लाइसेंस ताजा कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि इस दौरान पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था को पुलिस बल की तैनाती की जाएगी एवं मेले में हुरदुंगई करने वालों पर विशेषकर नजर रखा जायेगा व इन्हें किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। पूजा समितियों को वोलंटियर रखने का निर्देश दिया गया, साथ ही ससमय मूर्ति विसर्जन करने पर बल दी गयी। मौके पर जनप्रतिनिधियों के साथ पत्रकार गण की मौजूदगी देखी गई।

## बिस्कोमान कॉलोनी के घर से विदेशी शराब बरामद, कमरा सील

पटना सिटी, बिस्कोमान कालोनी स्थित एक मकान में छापेमारी कर विदेशी शराब के 22 बोतल बरामद किया है। साथ ही कमरे को सील करते हुए एक को गिरफ्तार किया गया। वहीं गोविंदपुर मुसहरी के बगल में नट टोली में की गई छापेमारी में विदेशी शराब बरामद किया गया। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि बिस्कोमान कॉलोनी स्थित एक मकान में छापेमारी की गई। यहां एक कमरे से 22 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया, जिसकी मात्रा 16.5 लीटर था। इस संबंध में उक्त कमरे को सील कर दिया गया है। यहां से रणवीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी टीम में उत्पाद निरीक्षक निरंजन राय, एसआई अफसर अली, एएसआई रंजन कुमार शामिल थे। वहीं गोविंदपुर मुसहरी के बगल में स्थित नट टोली में प्रतिदिन कार्रवाई की जाती है और चुलाई शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर बने शराब को बहाया या जब्त किया जाता है। बुधवार को हुई छापेमारी में वहां से 75 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया।

## इस नवरात्र भी मूल गर्भगृह में नहीं विराजित होंगी मां पटनेश्वरी

पटना सिटी (आनन्द केसरी)





शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी में विराजित महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमा इस शारदीय नवरात्र में भी मूल गर्भगृह में विराजित नहीं हो पाएंगी। इसके पीछे का कारण गर्भगृह का पूरी तरह से तैयार नहीं होना और गुंबद, जिसकी ऊंचाई करीब 63 फीट है, का तैयार नहीं होना रहा। हालांकि इस संबंध में डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने इसी साल 16 जुलाई को समीक्षा बैठक में कार्य एजेंसी को समय से कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया था। इसके बाद 21 अगस्त को भी खुद श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर और आसपास का निरीक्षण किया था और 30 सितंबर तक मूल गर्भगृह और गुंबद का कार्य पूरा कर प्रबंधन को सौंपने का निर्देश दिया था। अब तीन अक्टूबर को दुगार्पूजा की शुरूआत कलश स्थापना के साथ शुरू होना है। इसके पूर्व डीएम ने कहा था कि नवनिर्मित मुख्य भवन में भगवती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और इस बार श्रद्धालुओं को यहां दुगार्पूजा के लिए अत्यंत उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध होगी, मगर ऐसा नहीं हो पाया। सबसे पहले कार्य एजेंसियों के साथ जिलाधिकारी डॉ सिंह ने चल रहे कार्यों की समीक्षा की थी और कार्य को हर हाल में दुगार्पूजा शुरू होने के पूर्व फेज-1 का काम पूरा करने का सख्त निर्देश दिया था। डीएम ने 21 अगस्त को बड़ी पटनदेवी मंदिर का निरीक्षण करते हुए विकास कार्य का जायजा लिए थे। उन्होंने कहा था कि यहां मंदिर में मुख्य भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन-1 के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थल भ्रमण के समय समीक्षा में पाया गया कि मुख्य भवन के निर्माण कार्य में खासा प्रगति है। इस भवन में बेदी का भी निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में शिखर यानी गुंबद का कार्य एवं पॉलिशिंग का कार्य चल रहा है। नवदुर्गा के कलाकृतियों का कार्य 23 अगस्त से शुरू होगा। डीएम ने कहा कि फेज-1 का सभी कार्य 30 सितंबर तक पूरा करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया है। इस कार्य के पूरा होने के बाद इसे प्रबंधन को सौंप दिया जाएगा। इस वर्ष तीन अक्टूबर को दुगार्पूजा कलश स्थापना के साथ शुरू हो रहा है। इसके पूर्व निर्मित मुख्य भवन में भगवती की प्रतिमा की स्थापना कर दी जाएगी। इस दशहरा पर श्रद्धालुओं को यहां दुगार्पूजा के लिए अत्यंत उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध होगी, मगर कार्य कर रहे एजेंसियों के द्वारा डीएम के सपनों को तोड़ दिया गया। उनके निर्देश की अवहेलना हुई। कार्य एजेंसियों के द्वारा काम को रोक दिया गया। कारण कि मंदिर का शिखर यानी गुंबद 63 फीट निर्माण होना था, जो किसी भी कीमत पर नवरात्र शुरू होने के पूर्व निर्माण पूरा करना संभव नहीं था। मुख्य गर्भ गृह में भी नव कलाकृतियों के लिए पॉलिशिंग का काम चल रहा था। मगर उसे भी पूरा किया जाना संभव नहीं दिख रहा था। ऐसे में इस बार शारदीय नवरात्र में भगवती अपने मूल गर्भगृह में विराजित नहीं हो पाएंगी। शायद चैत्र नवरात्र में ही वह मूल गर्भगृह में ही भगवती विराजित हो पाएंगी। इस संबंध में शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरी से बात की गई, तो उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इसलिए इनकार किया कि पूरा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यक्तिगत अभिरुचि से जुड़ा हुआ है।

## केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड पटना में हिन्दी पखवाड़ा का हुआ समापन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ राजभाषा हिन्दी पर परिचर्चा हुई। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने बताया कि इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा अधिक से अधिक अनुप्रयोग करने एवं अपने आचरण में लाने हेतु विभिन्न प्रकार की आठ प्रतियोगिताएं (हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता, हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता (केवल अहिन्दी भाषी के लिए), हिन्दी प्रश्न मंच (केवल वाहन चालक एवं एम. टी.एस. कर्मचारियों के लिए), हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, तत्काल भाषण / विचार प्रतियोगिता तथा कविता-पाठ प्रतियोगिता) आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें जल एवं भाषा से संबंधित अच्छे स्लोगन, विचार आए, उनको अपने जीवन में तथा समाज में चलन में लाने हेतु सभी ने विश्वास दिलाया। इस राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गुरुवार को सभी प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को तथा उत्साह वर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं हिन्दी पखवाड़ा सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विवेक शर्मा, वैज्ञानिक-ह्यखह्न, सिपर्णा नायक, सहायक भूजल वैज्ञानिक, निर्मल कुमार, अधिकारी सर्वेक्षक एवं अश्वनी कुमार, अवर श्रेणी लिपिक की कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# भण्डारण हेतु 154 गोदाम के निर्माण से किसानों को मिलेगा लाभ : मंगल

## कृषि मंत्री ने लाभुकों का चयन के लिए ऑन लाईन लॉटरी का किया शुभारम्भ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने शुक्रवार को कृषि भवन पटना में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भण्डारण हेतु गोदाम निर्माण योजना अंतर्गत 154 लाभुकों का चयन के लिए ऑन-लाईन लॉटरी का शुभारम्भ किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण स्तर पर अनाजों के सुरक्षित भण्डारण तथा कृषि आधारित उद्यमिता के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत गोदाम निर्माण की योजना बिहार के सभी जिलों में ली गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत किसानों को 100 मीट्रिक टन एवं 200 मीट्रिक टन का गोदाम का लाभ मिलेगा। 100 मीट्रिक टन वाले भण्डारण गोदाम के लिए सामान्य वर्ग के किसानों को 5,50,000 रुपए प्रति इकाई अथवा लागत का 40 प्रतिशत जो भी कम हो तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को 7,00,000 प्रति इकाई अथवा लागत का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, की सहायता दी जायेगी। इसी प्रकार, 200 मीट्रिक टन वाले भण्डारण गोदाम के लिए सामान्य वर्ग के किसानों को 8,00,000 रुपए प्रति इकाई अथवा लागत का 40 प्रतिशत जो भी कम हो तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को 10,00,000 प्रति इकाई अथवा लागत का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, का सहायतानुदान दिया गया। इस योजनान्तर्गत राज्य में 154 भण्डारण गोदाम का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर कुल 10 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवेदन के पश्चात जिलावार/कोटिवार लक्ष्य के अनुरूप पारदर्शिता बरतने के लिए ऑनलाईन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थी का चयन मुख्यालय स्तर पर किया गया। मुख्यालय स्तर पर लाभार्थी का चयन कर जिलावार सूची कृषि विभाग के वेबसाईट पर अपलोड किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा गोदाम निर्माण के लिए कायार्देश निर्गत के पश्चात लाभान्वित किसान 6 माह में गोदाम निर्माण पूर्ण करायेंगे।

श्री पाण्डेय ने बताया कि विपणन सहायता के तहत कृषि आधारित उद्यमिता के विकास हेतु किसानों को अधिकतम लाभ पहुँचाने के लिए गोदाम निर्माण की योजना प्रारम्भ की गई है। किसान गोदाम में अनाज का भण्डारण कर भविष्य में उत्पादों का बढ़े बाजार मूल्य का लाभ उठा सकते हैं। विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सचिव ने सभी जिलों के सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण को निदेश दिया कि सभी लाभुकों को दूरभाष के माध्यम से आज ही उनके चयन के संबंध में सूचित किया जाये। साथ ही, 3 दिनों के अंदर लाभुक के जमीन का सत्यापन करा लिया जाये। इस अवसर पर विशेष सचिव, कृषि विभाग विरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, अपर निदेशक शैलेन्द्र कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक, पीपीएम आभांशु सी जैन, प्रभारी पदाधिकारी, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना समीर कुमार सहित मुख्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे एवं सभी जिलों से सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण ऑन-लाईन जुड़े थे।

# रोपवे राजगीर के ऑनलाइन टिकट सेवा का हुआ शुभारंभ

## सूबे में अत्याधुनिक पर्यटकीय सुविधाओं का हुआ विस्तार : नीतीश

● बिहार पर्यटन टीजर का भी किया गया लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के तत्वावधान में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सिख हेरिटेज, पटना में रोपवे राजगीर के ऑनलाइन टिकट सेवा का शुभारंभ और बिहार पर्यटन टीजर का लोकार्पण पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। मंत्री का स्वागत प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम नंद किशोर ने किया। इस अवसर पर बिहार पर्यटन नीति 2024 और बिहार पर्यटन उद्योग में भविष्य की धुरी विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस परिचर्चा को संबोधित करते हुए नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक पर्यटकीय सुविधाओं का निर्माण और विस्तार हुआ है। इसके कारण दुनियाभर से लोग बिहार आ रहे हैं। हम सब यदि अपने जानने वालों को बिहार आने के लिए आमंत्रित करें तो इससे उनके मन में बिहार को लेकर बनी हुई भ्रामक धारणा समाप्त होगी। पर्यटन सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने राजगीर रोपवे के ऑनलाइन टिकट सेवा को जू और नेचर सफारी के टिकट सिस्टम से जोड़ने के लिए वन विभाग के साथ समन्वय करने के निदेश प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को दिए। प्रबंध निदेशक नंदकिशोर ने बताया कि वेबसाइट पर जाकर टिकट की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। परिचर्चा कार्यक्रम में होटल ताज के प्रबंधक, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और पर्यटन से जुड़े अन्य हितधारकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अनुसेवक मुनवा देवी, माया देवी, रामविलास पासवान, सुरेंद्र कुमार, रामेश्वर राम, अरविंद कुमार, अजय शंकर आदि को बेहतर कार्य हेतु सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक श्री अभिजीत कुमार ने किया।

# प्रदेश की आम जनता के हित में है बिजली स्मार्ट मीटर : मदन



● बिहारी स्मिता पर ठेस पहुँचाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं होगा : सुमित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

समाज कल्याण मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोला है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के बाद मीडिया से मुखातिब मदन सहनी ने कहा कि बिजली स्मार्ट मीटर आम जनता के हित में है लेकिन विपक्ष के नेतागण राजनीति की भावना से इसका विरोध कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा 200 यूनिट मुफ्त बिजली दिए जाने के वादे को श्री मदन सहनी झूठा प्रलोभन करार दिया। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक राजद की सरकार थी लेकिन कभी हर गांव के हर घर तक बिजली पहुंचाने का प्रयास नहीं किया गया। वही, माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल से गरीबों का घर एलईडी बल्ब से रौशन हो रहा है। इस अवसर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने पश्चिम बंगाल की घटना के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि बिहारी स्मिता पर ठेस पहुँचाने का प्रयास किसी भी किमत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। घटना में संलिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ पश्चिम बंगला की सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने कार्यकाल का आंकड़ा निकाल कर वर्तमान आँकड़े से तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिए। तब उन्हें पता चलेगा कि पहले के मुकाबले आज आपराधिक घटनाओं में भारी कमी आई है। इससे पहले मंत्री गण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पार्टी के वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव राणा रणधीर सिंह मौजूद रहे।

# बिहार आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या गोवा से अधिक : जदयू

● प्रवक्ता ने कहा- जनता बाढ़ के चपेट में और तेजस्वी उठा रहे हैं पर्यटन का लुफ्त

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद एवं प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रवक्ताओं ने कहा कि नीतीश सरकार में बिहार आने वाले घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। कहा कि वर्ष 2005 से 2023 के बीच बिहार आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में 15 गुना की वृद्धि हुई है। प्रवक्ताओं ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में बिहार देश के प्रमुख 10 राज्यों की सूची में शुमार है। भारत सरकार के आँकड़े यह बताते हैं कि विदेशी पर्यटक अब गोवा से अधिक बिहार आ रहे हैं। बिहार आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या जहां 4.3 फीसदी हैं वहीं गोवा की 4.2 फीसदी। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा कथित रूप से तेजस्वी यादव दुबई टूर पर हैं तो उन्हें वहां के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों का भ्रमण जरूर करना चाहिए, ताकि पता चले कि भारत के कितने पर्यटक दुबई जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-05 में तत्कालीन राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मात्र 1 करोड़ 93 लाख रुपये आवंटित किए थे, जिसमें महज 50 लाख राज्य सरकार का था। वहीं, आज बिहार का पर्यटन बजट 1,668 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। प्रवक्ताओं ने कहा कि गंगा का जल स्तर बढ़ने से राघोपुर विधानसभा बाढ़ के चपेट में है और वहाँ की जनता बाढ़ में तंग और तबाह लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने मतदाताओं की चिंता छोड़कर विदेश में पर्यटन का लुफ्त उठा रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार राघोपूर विधानसभा के बाढ़ प्रवभावित क्षत्रों में जोर-शोर से राहत एवं बचाव कार्य चला रही है और बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु तमाम उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राघोपूर के बाढ़ प्रभावित क्षत्रों में कुल 13 सामुदायिक किचन का संचालन हो रहा है, जहां 9,787 लोगों के लिए सुबह-शाम भोजन की व्यवस्था की गई है।

# तेजस्वी ने पुल ढहने की घटना को लेकर सरकार को घेरा

● नेता प्रतिपक्ष ने सूबे में दुष्कर्म की घटनाओं की जारी की सूची

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सूबे में विधि व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर बने हुए हैं। गुरूवार को आपराधिक घटनाओं की सूची जारी की थी। इसी कड़ी में एक बार फिर शुक्रवार को सोशल मीडिया पर राज्य में दुष्कर्म की घटनाओं का बुलेटिन जारी किया है। साथ ही लिखा है कि एनडीए के मंगलराज की दुखद, शर्मनाक एवं रूह कंपकपाने वाली दुष्कर्म की इन घटनाओं को आप क्या नाम देंगे? आगे लिखा कि बिहार में चहुंओर घटित बलात्कार और दुष्कर्म की चंद दिनों की प्रमुख घटनाएं। सासाराम, पश्चिमी चंपारण, बेगूसराय, मधुबनी, जहानाबाद, सासाराम, कैमूर, सहरसा, गया, रोहतास, समस्तीपुर, मोतिहारी, समस्तीपुर, पटना, गया, बक्सर, हाजीपुर में दुष्कर्म की घटनाओं की सूची जारी की है। आगे लिखा कि बिहारवासी जानते है कि सरकार से किसी प्रकार के एक्शन, व्यक्तव्य और कारवाई की अपेक्षा करना स्वयं को अंधेरे में रख धोखा देना है।

वहीं, सूबे में पुल ध्वस्त होने के मामले पर भी नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरा है। सोशल मीडिया एक्स पर तेजस्वी ने लिखा, बिहार के भागलपुर में एक पुल और ध्वस्त हुआ। एनडीए के शासन में भ्रष्टाचार की जड़े जितनी गहरी है पुल के पिलर उतने ही सतही है इसलिए विगत 2-3 महीनों में ही हजारों करोड़ की लागत से निर्मित एवं निमाणाधीन सैंकड़ों पुल-पुलिया और मेगा ब्रिज भरभराकर गिर चुके है। तेजस्वी ने आगे लिखा, आपने मुख्यमंत्री का इन गिरते पुलों के भ्रष्टाचार पर कभी कोई बयान सुना हो अथवा सरकार बड़ी भ्रष्टाचार रूपी व्हेल मछली पर कभी कोई कारवाई की है? आखिर करेंगे भी कैसे? उन छोटी मचलती मछलियों को खिला-पिला कर उन्होंने ही बनाया गया है।

# दिल की बिमारियों से सचेत रहने की आवश्यकता : डॉ रविशंकर

## जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल में मेदांता हार्ट जर्नल का अनावरण



पटना। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल आगामी 29 सितम्बर रविवार को विश्व हृदय दिवस को मनाने के लिए कुछ अलग ढंग से तैयारी कर रहा है। अपनी नयी पहल के तहत हॉस्पिटल ने मेदांता हार्ट जर्नल की संरचना की है जिसका उद्देश्य रोगियों, आगन्तुकों तथा रोगियों के परिजनों को उनके हृदय स्वास्थ्य के बारे में प्रोत्साहित और शिक्षित करना है ताकि वे अपने वर्तमान हृदय स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकें। मेदांता हार्ट जर्नल का अनावरण शुक्रवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। इस जर्नल के माध्यम से लोग अगले पांच दिनों तक हृदय स्वास्थ्य के प्रति जानकरी प्राप्त कर सकेंगे। अनावरण के मौके पर हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि अस्पताल में आये मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जगाने के लिए इस जर्नल की संरचना की गयी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली और खान-पान हृदय को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जर्नल के माध्यम से लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के तरीके बताये जायेंगे एवं अगर समस्या है तो हमारे द्वारा उपयोग होने वाले तकनीक एवं सर्जरी के बारे में भी लोग जान सकेंगे। वस्तुतः देखा गया है की लोगों के बीच हृदय सम्बंधित बिमारियों, सर्जरी एवं जीवनशैली की सही जानकारी का अभाव और भ्रम है और सही जानकारी और शिक्षा ही उनको एक स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए मदद करता है। हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि अपने जर्नल के माध्यम से मेदांता हॉस्पिटल अपने रोगियों, आमलोगों को हृदय को स्वस्थ रखने की हर जानकारी देगा। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा हम बिहार वासियों से आग्रह करते हैं कि इस हार्ट जर्नल को आकर देखे और जानकारी बढ़ाये दिल की बिमारियों से कैसे बचें और अगर दिल की बीमारी हो गयी है तो क्या क्या नई तकनीक मौजूद है ईलाज के लिए।

# महागठबंधन सरकार में बिहार पर्यटन का डंका विदेशों तक बजा : अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने जदयू प्रवक्ताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार एक पौराणिक, आध्यात्मिक, धार्मिक और ऐतिहासिक रूप से सबसे समृद्ध राज्य होने के बावजूद 17 साल में एनडीए सरकार ने जो काम पर्यटन के क्षेत्र में नहीं किया वो काम महागठबंधन की सरकार में 17 माह के सेवाकाल में उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री रहते हुए तेजस्वी यादव ने कर दिखाया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने 17 माह की महागठबंधन सरकार में पर्यटन मंत्री पद पर रहते हुए टूरिज्म पॉलिसी बनायी। बिहार के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टोक्यो, जपान गए। बिहार टूरिज्म रोड शो के माध्यम से वहाँ के प्रमुख टूर & ट्रैवल ऑपरेटर्स के साथ संवाद कर उन्हें बिहार के पर्यटक स्थलों के बारे में अवगत कराया। बिहार पर्यटन का डंका विदेशों तक बजा और 2023 में 8 करोड़ से अधिक पर्यटक बिहार घूमने आए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी में भव्य मंदिर पुनर्निर्माण के लिए 72.47 करोड़ की राशि और गोपालगंज के प्रसिद्ध थावे मंदिर के जीणोर्धार के लिए 28.97 करोड़ की राशि आवंटित किया। 17 माह की महागठबंधन सरकार में अनेकों कार्य तेजस्वी यादव जी के प्रण अनुरूप हुए हैं। जोकि राज्य की जनता अच्छी तरह जानती है और जिसका क्रेडिट स्वतःस्फूर्त तेजस्वी यादव जी को मिल रहा है। जदयू से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है।

# बिहारी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं : दिलीप



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना पर भडकते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार में बिहार के बच्चों के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार हो रहा है। उन्होंने आज कहा कि यह घटना न केवल पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था की विफलता है, बल्कि बाहरी राज्यों के लोगों के प्रति सरकार की दुर्भावना भी दशार्ता है। पश्चिम बंगाल में बिहार के बच्चों की पिटाई के मामले को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसके लिए ममता बनर्जी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, जब राज्य की मुख्यमंत्री कानून और व्यवस्था बनाए रखने में असफल हो जाती हैं, तो इसका सबसे बुरा असर आम जनता पर पड़ता है, खासकर जब वह दूसरे राज्यों से होते हैं। बिहार और बंगाल के बीच सदियों से सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं, लेकिन ममता सरकार ने इस सौहार्द को तोड़ने का काम किया है। डॉ. जायसवाल ने मांग करते हुए कहा कि इस घटना की तुरंत निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ी तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार के बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और उनके साथ इस तरह का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. जायसवाल ने आगे राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस घटना के बाद राजद में अगर थोड़ी भी नैतिकता शेष बची है तो ममता बनर्जी को इंडी गठबंधन से अलग करे या उससे संपर्क तोड़े, नहीं तो यह माना जाएगा कि इस घटना में राजद की भी स्वीकृति है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था अब किसी से छिपी नहीं रही है। भाजपा किसी भी हिंसा का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की बात करती है।

# अंतराष्ट्रीय बधिर दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## दिव्यांगों ने पेश की आकर्षक प्रस्तुति

पटना। पटना में अंतर्राष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर जे एम इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग एव बिहार बधिर संघ के द्वारा आयोजित 42 वें वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविन्द्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगों ने अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल भी पहुंचे और दिव्यांगों का हौसला बढ़ाया। इसके उपरांत दिव्यांग महिलाओं एव बालिकाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, कलाकृति और वस्तुओं को भी देखा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह निवर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी , विधान पार्षद सह राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संजय मयूख, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा सहजानंद प्रसाद सिंह एव अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि समाज से हटकर कुछ अलग करने का जज्बा पैदा करता है। इसे लेकर जिंदगी को कोसने के बजाय उसके साथ जीने का सलीका सीखना चाहिए। ऊपरवाले ने हर किसी को अलग काबिलियत से नवाजा है। बस जरूरत है उसे निखारने की। उन्होंने दिव्यांगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अगर समाज का सही साथ मिले तो मूक-बधिर भी आसमान छू सकते हैं। आज बधिर दिवस के मौके पर दिव्यांगों का हुनर सबके सामने है। आज ये भी सामान्य लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। इनकी प्रतिभा पर पहचान का संकट भले ही हो, पर उनके हुनर ऐसे हैं कि उनको जमाने के सामने आना ही है।

# सांसद वीणा देवी से मिले चिराग शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढांढस



पटना। विगत दिनों वैशाली लोकसभा से सांसद वीणा देवी के सुपुत्र के निधन उपरांत शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत उनके पैतृक ग्राम बड़ा दाउदपुर, पारु पहुंचे और उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट की। दुःख के इस घड़ी में पूरा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है।

# बिहारी छात्रों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में प्रदर्शन

पटना। पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ मारपीट की हुई घटना के विरोध में शुक्रवार को पटना में युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और छात्र लोजपा (रामविलास) ने प्रदर्शन किया। इसके बाद पुतला दहन आयकर गोलंबर पर किया गया। भाजपा कार्यालय के पास पुतला दहन करने के पूर्व पुतला के साथ सैकड़ो की संख्या में लोजपा रामविलास के कार्यकताओं ने भारी संख्या में आयकर गोलंबर पर उपस्थित थे। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार प्रदेश युवा लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे और छात्र लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस मृणाल और पार्टी के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट कर रहे थे।

# कमल किशोर बने बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी

## कंचन कुमार सिन्हा मगध प्रमंडल और शिवेंद्र सिंह पटना प्रमंडल के प्रभारी मनोनीत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में पिछले72 वर्षों से पत्रकारों के हित में कार्यरत संगठन बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन को मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । यूनियन के अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा एवं महासचिव कमलकांत सहाय ने बताया कि प्रदेश के सभी 38 जिलों में यूनियन का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । इस अभियान के लिए यूनियन के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर को प्रदेश सदस्यता प्रभारी बनाया गया है । इसी प्रकार वरिष्ठ पत्रकार शिवेंद्र नारायण सिंह को पटना प्रमंडल और प्रभात खबर के गया स्थित प्रधान मुख्य संवाददाता कंचन कुमार सिन्हा को मगध प्रमंडल का सदस्यता अभियान प्रभारी मनोनीत किया गया है जबकि बेगूसराय के शालिग्राम सिंह को मुंगेर प्रमंडल और समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं शशि मोहन भारद्वाज को दरभंगा प्रमंडल में यूनियन के सदस्यता अभियान के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी सौंप गई है । इस बीच नवमनोनीत प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी कमल किशोर ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत वास्तविक, सक्रिय और मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकारों को यूनियन की सदस्यता प्रदान की जाएगी तथा उन्हें यूनियन की ओर से विधिवत परिचय पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान को तेजी से संचालित करने के लिए हर जिले में यूनियन के अध्यक्ष, महासचिव, जिला संयोजकों को जिम्मेवारी दी जाएगी और आवश्यक हुआ तो वहां सदस्यता प्रभारी का भी मनोनयन किया जाएगा । यूनियन की सदस्यता प्रदान करने के लिए विधिवत फार्म जारी किए जाएंगे और सदस्यता के लिए यूनियन के दो पदाधिकारी की अनुशंसा आवश्यक होगी । श्री किशोर ने बताया कि इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन से संबद्ध बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन वर्ष 1952 - 53 से ही कार्यरत राज्य का सबसे पुराना पत्रकार संगठन है और पत्रकारों के हित के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है ।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–11/प.भ.प्र./2024–25 (single Bid system)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि : दिनांक 25-09-2024
3. निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक –21-10-2024 से 02.11.2024 के 15.00 बजे तक।
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक –04.11.2024 के 15.00 बजे तक।
5. प्री–बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : (1)अधीक्षण अभियंता (पटना), पटना के कार्यालय कक्ष दिनांक –25-10-2024 के 15.00 बजे। (2)मुख्य अभियंता(पटना), भ0नि0वि0, पटना के कार्यालय कक्ष दिनांक –28-10-2024 के 15.00 बजे।
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक –05.11.2024 को 15.30 बजे
7 वित्तीय बिड खोलने की तिथि : तकनीकी बीड निष्पादन उपरान्त
8 निविदा वैधता की तिथि : 120 दिन
9. निविदा पत्र बिक्री का स्थान : केवल वेबसाइट www. e-proc 2 .bihar.gov.in
10 कार्य का विवरण :

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | BID Processing Charge + Service Tax | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G+1) in M.S Kumhrar(elementy)at Patna for the year 2024-25 | 28.00 | 56000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 2 | Construction of 3 nos. additional class room(ACR) (G.F) in Kanya M.S Begampur(elementy) at Patna for the year 2024-25 | 39.90 | 79800.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 3 | Construction of 3 nos. additional class room(ACR) (F.F) in Kanya M.S Begampur(elementy) at Patna for the year 2024-25 | 38.00 | 76000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 4 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Urdu M.S Sultanganj(elementy) at Patna for the year 2024-25 | 22.00 | 44000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 5 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Manda Samadar M.S Lalji Tola(Elementry) Patna for the year 2024-25 | 28.00 | 56000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 6 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Kanya M.S Shalimpur Ahara(Elementry) Patna for the year 2024-25 | 28.00 | 56000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |
| 7 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G+1) in M.S Bhawar Pokhar(Elementry)under Patna for the year 2024-25 | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | E-proc 2.0 website के अनुसार | Four months |

PR. No.009350 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 46 वर्ष 2024–25

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 08.10.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Supply & Installation of Air Condition System for Chamber of Hon'ble Minister Chamber, Cell and Corridor of Krishi Department at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 009284 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### संपूर्णता अभियान का लक्ष्य हासिल करने की समय सीमा निर्धारित

मुजफ्फरपुर।आकांक्षी प्रखंड मुशहरी सहित जिला के सभी प्रखंडों को 28 सितंबर तक संपूर्णता अभियान के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया है। इस अभियान के तहत सभी प्रखंडों में एएनसी बीपी शुगर टीकाकरण का सघन अभियान चलाया गया है। इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर टास्क का निर्धारण किया गया है।प्रतिदिन के कार्य की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है प्रखंड के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रिय एवं तत्पर होकर लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का सख्त निर्देश दिया गया है।सिविल सर्जन ,डीपीएम सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पूरी तत्परता से अपने दायित्व के निष्पादन का निर्देश दिया गया है। इस आशय से संबंधित पत्र सिविल सर्जन द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को जारी किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन के कार्य का रिपोर्टिंग एवं अपलोडिंग का कार्य भी पूरी जवाबदेही से करने का निर्देश दिया गया है। संपूर्ण कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया है।

### ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,बिहार- सह- प्रधान सचिव, निर्वाचन विभाग एच आर श्रीनिवास एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने सिकंदरपुर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानक के तहत सीसीटीवी की क्रियाशीलता, सुरक्षा बल की तैनाती, अग्निशमन यंत्र का अधिष्ठापन सहित कई अन्य विंदुओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री विक्रम वीरकर,उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी,उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी तथा मान्यता -प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### बिहारी छात्रों से मारपीट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

मुजफ्फरपुर।एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने बंगाल में परीक्षा देने गए बिहार के छात्रों के साथ मारपीट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस घटनाकी तीव्र निंदा करते हुए उन्होंने कहा है किएआईडीएसओ की बिहार राज्य कमेटी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग कर रही है। एआईडीएसओ की पश्चिम बंगाल राज्य इकाई ने भी इस घटना की निंदा की है और राज्य सरकार से अविलंब न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की है। यह घटना कुछ संकीर्णतावादी, क्षेत्रवादी और अतिवादी तत्वों की करतूत है, जिनका समर्थन न तो बंगाल की आम जनता करती है और न ही छात्र समाज। यह बेरोजगारी की समस्या से लोगों का ध्यान भटकाने का एक कुप्रयास है, जो केंद्र और राज्य सरकारों की रोजगार देने में असमर्थता से उपजी है। यह समाज में विभाजन और अशांति फैलाने की कोशिश है। हम समाज के सभी न्यायप्रिय और प्रगतिशील लोगों तथा छात्रों से अपील करते हैं कि वे इन संकीर्णतावादी और क्षेत्रवादी मानसिकताओं के खिलाफ जनवादी आंदोलन को तेज करें।

### भाकपा माले का एक दिवसीय धरना

कलयाणपुर समस्तीपुर प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा माले ने हक दो-वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले प्रखंड सचिव दिनेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न मांगों को लेकर एवं भ्रष्टाचार के सवाल पर विशाल धरना दिया गया। प्रखंड के कोने-कोने से गरीब धरना में शामिल हुए और बहत्तर हजार रुपये से कम का आय प्रमाण पत्र हेतु, पांच डिसमिल जमीन हेतु और आवास हेतु हजारों आवेदन जमा किया गया। दाखिल खारिज में राजस्व कर्मचारियों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से अवैध राशि वसूली पर रोक लगाने, बिजली स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, राशनकार्ड के लिये आरटीपीएस काउंटर पर ऑफलाइन आवेदन जमा करने पर से रोक हटाने, जनवितरण प्रणाली में सड़ा-गला खाद्यान्न पर रोक लगाने, माईक्रोफाईनांस के समूह ऋण वसूली में एजेंट द्वारा बेइज्जती एवं रात्री में वसूली पर रोक लगाने आदि मांग सहित तेरह सूत्री मांगो का मांगपत्र अंचलाधिकारी को सौंपा गया।धरना में सुखलाल यादव,रंजीत राम, ने अपना विचार प्रगट किया।

# कमाडेंट स्तरीय समकक्ष समन्वय बैठक का आयोजन

## भारत नेपाल दोनो देशों के बीच सीमा सुरक्षा और समन्वय को लेकर जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी जयनगर में दिनांक 27 सितंबर 2024 को कमांडेंट स्तरीय समकक्ष समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय पक्ष से 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कमांडेंट गोविंद सिंह भण्डारी संतोष कुमार निमोरिया उप कमांडेंट प्रचालन, तथा नेपाल पक्ष से सशस्त्र पुलिस बल के बिनोद केसी 9वी बटालियन एपीएफ महोत्तरी नेपाल दर्शन गिरी 8वी बटालियन एपीएफ धनुषा नेपाल दीपक राज भट्ट एपीएफ जठी व अन्य अधीनस्थ अधिकारी उपस्थित रहे । बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओ पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनो देशों के बीच सीमा सुरक्षा और समन्वय को और सुदृढ़ करना था।बैठक के दौरान निम्नलिखित प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गयाःजयनगर में नेपाली रेलवे स्टेशन की सुरक्षाः दोनों पक्षों ने जयनगर के नेपाली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा उपायो को और मजबूत करने के लिए रणनीतिया साझा की।सीमा प्रबंधन और सुरक्षाः सीमा प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दो पर गहन चर्चा की गई। दोनो देशो ने सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने प्रयासों को तेज करने का संकल्प लिया।तीसरे देश के नागरिको की अनधिकृत आवाजाही की जांचः आईएनबी इंटरनेशनल बॉर्डर पर तीसरे देश के नागरिको की अनधिकृत आवाजाही को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई और इसके लिए कठोर कार्यवाही का निर्णय लिया गया।सीमा पार अपराधों को रोकने के लिए संयुक्त गश्तः सीमा पार अपराधों को रोकने के लिए नियमित संयुक्त गश्त को और मजबूत करने की दिशा में विचार किया गया और इसके लिए आवश्यक संसाधनो और समन्वय के उपायों पर सहमति बनी कार्यवाही योग्य इनपुट साझा करनाः सुरक्षा एजेसियो के बीच कार्यवाही योग्य इनपुट्स को त्वरित रूप से साझा करने की दिशा में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई।आईएनबी पर अतिक्रमण की लगातार जांचः सीमा पर अवैध अतिक्रमण की घटनाओं की नियमित रूप से निगरानी करने और इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पर बल दिया गया।अनधिकृत ड्रोन का उपयोगः सीमा क्षेत्र में अनधिकृत ड्रोन के उपयोग को नियंत्रित करने के उपायो पर चर्चा की गई और ड्रोन की गतिविधियो की सख्त निगरानी का निर्णय लिया गया।सीमा स्तंभो की मरम्मतः दोनो देशो के बीच सीमा स्तंभों की मामूली मरम्मत के लिए आपसी सहमति बनी।त्यौहारी सीजन के लिए सतर्कताः आगामी दुर्गा पूजा और दीवाली के त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए सीमा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया गया।अन्य महत्वपूर्ण मुद्देः बैठक मे अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दो पर भी चर्चा की गई और दोनो पक्षो ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।इस समन्वय बैठक के सफल आयोजन के साथ दोनों देशो ने सीमा पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया तथा बैठक के अंत मे गोविद सिंह भण्डारी कमांडेट द्वारा नेपाल के अधिकारियो और अथिनस्थअधिकारियो को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया गया ।

## तिरहुत साहित्य उत्सव के लिए आयोजन समिति गठित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राष्ट्रभाषा हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के विकास और शोध के प्रति समर्पित साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था राष्ट्रकवि दिनकर अकादमी के तत्वाधान में तीन दिवसीय ‌‌तिरहुत साहित्य उत्सव- 2024‌‌ का आयोजन तीन चरणों में मुजफ्फरपुर सहित तिरहुत प्रक्षेत्र के विभिन्न जिलों में होगा; जिसमें पूरे प्रदेश के नौ भाषाओं के विद्वानों को आमंत्रित किया गया है जो संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मैथिली, भोजपुरी, बज्जिका, अंगिका और मगही की भाषण संवेदना और सामाजिक सरोकारों पर व्याख्यान देंगे। उक्त निर्णय आज छोटी सरैयागंज स्थित श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट भवन के सभागार में आयोजित राष्ट्रकवि दिनकर अकादमी के पदाधिकारी की बैठक में लिया गया। अकादमी के विद्वत परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कराधीक्षक देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साहित्यकारों और संस्कृति कर्मियों कि इस बैठक में तीन दिवसीय तिरहुत साहित्य उत्सव को सफल बनाने के लिए सर्व समिति से 11 सदस्य आयोजन समिति का गठन भी किया गया, जिसका संयोजक अकादमी के निदेशक आचार्य चंद्र किशोर पाराशर को तथा सहसंयोजक साहित्यकार डॉक्टर शिव बालक राय प्रभाकर एवं कथाकार देवेंद्र कुमार को मनोनीत किया गया। डॉक्टर हरीकिशोर सिंह एवं डॉक्टर महेंद्र प्रियदर्शी आयोजन का मीडिया प्रभारी, कवित्री सविता राज एवं मुस्कान केसरी को आयोजन का प्रचार प्रभारी, युवा कवि उमेश राज एवं युवा समाजसेवी अनिल कुमार को जनसंपर्क प्रभारी, साहित्यकार शुभ नारायण शुभंकर तथा सुमन कुमार मिश्रा को सत्र नियोजन प्रभारी, मंचीय व्यवस्था का प्रभार सत्यम पाराशर एवं राघवेंद्र राज राघव को दिया गया है। राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर भगवान लाल साहनी एवं बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर प्रसून कुमार राय तथा लंगट सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश राय को तिरहुत साहित्य उत्सव-2024 का संरक्षक बनाए गए है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष आचार्य चंद्र किशोर पाराशर ने बताया कि सन 2018 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला तिरहुत साहित्य उत्सव बिहार का एकमात्र ऐसा प्रादेशिक अस्तर का साहित्यिक आयोजन है जिसमें प्रान्त की पांच लोक भाषाओ सहित कुल नौ भाषाओं की विकास यात्रा एवं उन भाषाओं के साहित्यिक श्री वृद्धि में योगदान करने वाले मूर्धन्य साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विशद परिचर्या होती है। साथ ही सामाजिक सरोकार के समकालीन विषयों पर भी परिचर्चा आयोजित की जाती है।आयोजन समिति के अध्यक्ष आचार्य पाराशर ने बताया कि राष्ट्रकवि दिनकर अकादमी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित तिरहुत साहित्य उत्सव विभिन्न संस्थाओं के सहयोग और सहकार से समायोजित होता है तथा इसमें सरकारी निधि का उपयोग नहीं किया जाता है। आचार्य पाराशर ने बताया कि आगामी शनिवार को तिरहुत साहित्य उत्सव- 2024 के वैशाली सोपान का आयोजन राष्ट्रकवि दिनकर अकादमी और देवचंद महाविद्यालय हाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में हाजीपुर स्थित महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा, जिसका उद्घाटन सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर संजय पासवान करेंगे तथा बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ मुख्य अतिथि के रूप में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर दिनकर साहित्य पर विशद चर्चा होगी तथा विभिन्न भाषाओं की सृजन यात्रा पर भी विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा एवं सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न भाषा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले साहित्यकारों को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर साहित्य साधना सम्मान प्रदान किया जाएगा। तिरहुत साहित्य उत्सव के सारण सोपान का आयोजन आगामी रविवार (29 सितंबर) को सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर प्रांगण मे स्थित सत्संग सभागार में होगा।

## मां ही सृष्टि की आधार होती हैं : डॉ प्रभाकर पाठक




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।मातृशक्ति ही सर्वोपरि होता है। मां ही सृष्टि की आधार होती हैं। उक्त बातें मुख्य अतिथि-प्रोफेसर डॉ प्रभाकर पाठक, पूर्व विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी विभाग लनामिवि, दरभंगा ने आज आयोजित मातृ स्मृति दिवस सह बाल कवि सम्मेलन में दरभंगा सेंट्रल स्कूल, कृष्णा विहार वासुदेवपुर में कही। वहीं वरिष्ठ कवि हीरालाल सहनी ने कहा कि मां ब्रह्मांड की दिव्य शक्ति होती हैं। चर्चित बाल कवि सतीश चंद्र भगत ने कहा कि मां का स्मरण ही परम कल्याणकारी होता है। तथा प्रो विनोद विनीत ने कहा कि मां बच्चे की स्वर्णिम भविष्य को उजागर करती है। उक्त अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल के प्राचार्य अभय कुमार कश्यप ने कहा कि मां ही पूजा, साधना, उपासना,तथा श्रद्धा भक्ति की साधन हैं। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक राज ऋषि आचार्य सुदर्शन जी महाराज तथा प्रबंधनकीय न्यासी , डॉ कुमार अरुणोदय ने प्रेषित संदेश में मां कृष्णा सिंह के प्रति अपनी श्रद्धा भाव निवेदित किए। इस अवसर पर पूजा, गीता पाठ के साथ बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अल्फिया अकील वर्ग आठवीं डी को प्रथम पुरस्कार, आराध्या सिंह- वर्ग-आठवीं सी को-द्वितीय पुरस्कार एवं आदर्श राज-वर्ग-छठी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन-अल्फिया अकील, एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक शैलेंद्र नाथ झा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की भागीदारी रही। जिसमें विजयकांत झा, भोगेंद्र कुमार, नीलम झा, श्रद्धा कश्यप, प्रदीप कुमार झा, मधुमति मधु, सपना सुमन, प्रियंका झा, मधु झा, अनुपम चौधरी, रंजन कुमार, कौशल कुमार सिंह आदि की सहभागिता रही। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम की संपूर्णता की गई।

## बारिश की वजह से सदर अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में घुसा पानी, मरीज को हो रहा है कठिनाई



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार सरकार के द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर प्रत्येक साल सबसे अधिक बजट का व्यवस्था की जाती है लेकिन सही देख रेख एवं निगरानी नहीं रहने की वजह से सदर अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में भी पानी घुसते हुए देखने को मिल रहा है जिससे मरीजो एवं चिकित्सको को कार्य करने में काफी असुभिधा हुआ मधुबनी में गुरुवार के अहले सुबह से हो रही मूसलधार बारिश के कारण एक बार फिर सदर अस्पताल के ओटी में पानी घुस गया। ये कोई नयी बात नहीं है। हल्की बारिश होती है तो ओटी और अस्पताल अन्य जगहों पर पानी लग जाता है। इस साल में कई बार सदर अस्पताल के ओटी में पानी घुसा है। मालूम हो कि ओटी में पानी घुस जाने की वजह से परेशानी हो रही है।जबकि इसकी परेशानी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को उठाना पड़ रहा है।वही सदर अस्पताल के सामने मुख्य सड़क पर भी जलजमाव देखने को मिला जिस वजह पैदल अस्पताल जाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिविल सर्जन कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति की ओर जाने वाले रास्ते पर पानी सड़क पर लगा हुआ है।

## अगर रहेगी गंदगी से आजादी तो स्वस्थ रहेगी भारत की आबादी : डॉ शंभू कुमार यादव

### एमएलएसएम कॉलेज में मनाया जा रहा है स्वच्छता अभियान पखवाड़ा

प्रात: किरण संवाददाता




दरभंगा। महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा में स्वच्छता अभियान पखवाड़ा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के 8 बिहार बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य प्रो. शंभू कुमार यादव ने कहा कि सिर्फ झाड़ू लगाना ही स्वच्छता नहीं है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान का वृहत उद्देश्य अपने आस पड़ोस, सरकारी व निजी संस्थान, सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ रखना, नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाना, गीला व सूखे कचड़े का अलग-अलग प्रबंधन करना, पेड़ लगाना व बचाना, हरित भारत बनाना, ग्रामीण भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाना, जलजनित रोगों को कम करना व वैश्विक स्तर पर भारत को स्वच्छ बना पर्यटन को बढ़ावा देना आदि है। प्रधानमंत्री का सपना है स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। अगर रहेगी गंदगी से आजादी तभी स्वस्थ होगी भारत की आबादी। स्वच्छता से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। आपलोग युवा ही नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य हैं। अगर आप स्वच्छता के प्रति जागरूक हो गये तो घर, समाज और राष्ट्र जागरूक हो जायेगा और स्वच्छता के मामलों में भारत वैश्विक स्तर पर स्थापित होगा। इस मौके पर महाविद्यालय के बर्सर सह इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कु. चौधरी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुबोध चंद्र यादव, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैप्टन डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. कुमार नरेंद्र नीरज, डॉ. उदय कुमार साह, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. भवनाथ झा, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. कुमुद कुमारी, डॉ. अनुप्रिया व डॉ. सुमन कुमार पोद्दार सहित सभी शिक्षक, दर्जनों स्वयंसेवक व एनसीसी सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## जीवन मे प्रशिक्षण की महती भूमिका : कुलपति

प्रात: किरण संवाददाता




दरभंगा।संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्री सत्र 2024-26 के नव नामांकित छात्रों के लिए गुरुवार को आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण की महती भूमिका है। इसका सभी संजीदगी से लाभ उठाएं। उन्होंने सभी छात्रों को नियमित रुप से कक्षा में उपस्थित होकर दो वर्ष तक गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी। कुलपति ने कहा कि शिक्षा शास्त्र विभाग के सभी शिक्षक कुशल व ज्ञान प्रबंधन में निपुण हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जिस प्रकार शिक्षा की आवश्यकता है उसी अनुरूप यहां ज्ञान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तम शिक्षक निर्माण में कौशल आधारित प्रशिक्षण की महती उपयोगिता है। नवागंतुक शिक्षाशास्त्री छात्रों को संस्कृत में सम्भाषण प्रशिक्षण प्राप्त कर परिसर में हमेशा संस्कृत में वातार्लाप करने का भी कुलपति ने आह्वान किया। इसके लिए वीसी ने दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण वर्ग को भी शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं, शिक्षा शास्त्र के निदेशक डॉ.घनश्याम मिश्र ने सभी पहलुओं पर फोकस करते हुए कहा कि त्याग एवं समर्पण के साथ मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करना है। आज का समेकित प्रशिक्षण ही आप सभी को कल का कुशल शिक्षक बना सकता है। इसलिए शुरू से ही साकांक्ष रहने की जरुरत है। बता दें कि इस सम्भाषण प्रशिक्षण कार्य को सफल कराने के लिए दरभंगा संस्कृत अध्ययन केंद्र के शिक्षक अमित कुमार झा, शिक्षा शास्त्र के प्राध्यापक कुंदन कुमार को निदेशक डॉ. मिश्र ने अधिकृत किया है। साथ ही इस प्रशिक्षण वर्ग के पर्यवेक्षण के लिए डा.रामसेवक झा एवं डॉ.त्रिलोक झा को आमंत्रित भी किया गया है। इस इंडक्शन प्रोग्राम में प्रो.रेणुका सिंहा, डीन डॉ.शिवलोचन झा,सीसीडीसी डॉ.दिनेश झा , व्याकरण प्राध्यापक डॉ.रामसेवक झा, प्रशिक्षक अमित कुमार झा, कुंदन कुमार, डॉ.अमन कुमार राय, संजीव कुमार,पवन सहनी , गोपाल महतो, राकेश, अरुण के अलावा साहित्य विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर जीविका संघ ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

दस सूत्री मांगों को लेकर जीविका समूह की महिलाओं के द्वारा शुक्रवार को बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ जिला ईकाई के बैनर तले शहर के सरकारी बस पड़ाव में अनिश्चितकालीन हडताल करते हुए जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष कुमार अनुपम ने किया। वहीं इस दौरान सैकड़ों की संख्या में जीविका से जुड़ी महिलाएं मौजूद थी। संघ के जिलाध्यक्ष कुमार अनुपम ने कहा कि बिहार में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित जीविका परियोजना ने महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने के साथ साथ गांव की तस्वीर और तकदीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बाबजूद वह सरकार से उपेक्षित है। इसको मिलने वाली राशि में कटौती की गई। पारिश्रमिक इतनी कम है कि गुजारा भत्ता करना मुश्किल हो रहा है। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र देने, मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाने, सभी कैडरों का मानदेय कम से कम 25 हजार और इसे नियमित करने, काम से हटाने की धमकी पर रोक लगे और धमकी देने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने, सभी कैडरों का क्षेत्र भ्रमण भत्ता कम से कम 3000 देने, महिला विकास निगम के अस्तित्व को बरकार रखते हुए।

## पोषण माह अभियान डेवलपमेंट को लेकर एसडीओ ने प्रखंडस्तरीय समीक्षा बैठक की

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी आहार स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी है इस अभियान को जनजन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं स्वच्छता अभियान कहर वर्ष चलाकर लोगो को इसके लिए जागरुक करता है। यह अवगत करबाए जयनगर एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने पोषण माह के डेवलपमेंट पर प्रखंडस्तरीय समीक्षा बैठक पर कहा कि कुपोषण से बनो अल्प वजन नाटापन और मानसिक बीमारी के शिकार हो जाते है। जिस कारण बच्चो का सम्पूर्ण जीवन खराब हो जाता है. जो समान राज्य और देश के लिए शुभ संकेत नहीं होता।बैठक को संबोधित करते एसडीओ कुपोषित बच्चे से परिवार के लोग भी सही व्यवहार नही कर पाते है। बच्चो को कुपोषण से बचाने मे हम सभी को सार्थक प्रयास करना चाहिए। खासकर आशा एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को अहम भूमिका निभानी चाहिए, इस महत्वपूर्ण रूप से लगातार मॉनिटरिंग करने की जरूरत है।सभी सेविका ओ को समय पर केद्र खोलना और बंद करना है बच्चो का वजन ऊंचाई की माप लेकर वजन पेनी मे दर्ज करना है। साथ ही पोषण ट्रैकर मे भी अपलोड करना है। जो बच्चे ऊंचाई और वजन के हिसाब से कुपोषित चिन्हित होते है उन्हे सस मय कुपोषण उपचार केंद्र मे भर्ती कराया जाय। सभी सेविकाओ को को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। जिन बालिकाओं का जॉइंट एकाउंट खाता होने के कारण आवेदन नहीं हो पा रहा है। वैसे आवेदन को बैंक से सहयोग लेकर ठीक कराया जाय। साथ ही सभी सेविका ओ को पोषण ट्रैकर मे समुदाय आधारित कार्यक्रम गृह भ्रमण टीकाकरण पूरक पोषाहार वितरण आंगनबाड़ी भवन की भौतिक स्थिति को प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया घर घर जाकर माताओ को बच्चे के पूरक आहार की जानकारी देकर बच्चो को कुपोषित होने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर अदा करे।

## उत्तर बिहार के जिलों में अगले 48 घंटों तक मानसून रहेगा सक्रिय

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के कुछ जिलों में अगले 24से 48 घंटे तक मानसून के सक्रिय बने रहने की सम्भावना है। इस दौरान पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश का अनुमान है।अगले दो दिनों तक उत्तर बिहार के अधिकतम स्थानों पर सक्रिय मौसम सिस्टम के प्रभाव से हल्की से मध्यम बिरिश हो सकती है। इसके बाद मानसून की सक्रियता में कमी आने का अनुमान है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम त क्रमशः 30.5 एवं 23.9 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 94 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 89 प्रा हवा की औसत गति 15.1 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 1.8 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसत घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30. दोपहर में 31.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 34.0 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई।पूवार्नुमानित अवधि में अगले 1-2 दिनों तक पुरवा हवा उसके बाद पछिया हवा चलने का अनुमान है। औसतन कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। किसिनो को सलाह दी गई है कि पिछले 1-2 दिनों में उत्तर बिहार के तराई एवं मैदानी जिलों के अनेक स्थानों पर अच्छी वर्षा होने एवं मौसम पूवार्नुमान की अवधि में संभावना को देखते हुए कृषि कार्यों में सर्तकता बरतें। सब्जियों के लत्तर को उपर चढ़ाएं ताकि वर्षा से सब्जियों की लत्तर को गलने से बचाया जा सकें। किसान धान, मक्का, खरीफ प्याज, चारा एवं अन्य सब्जियों नत्रजन उर्वरक का उपरिवेशन फिलहाल मौसम देखकर करें।धान की फसल जो दुग्धाअवस्था में आ गयी हो उसमें गंधी बग कीट की निगरानी करें। इस कीट के शिशु एवं पौढ़ दोनों प्रारंभ में घा पत्तियों तथा तनों का रस चूसते हैं जिससे पत्तियों पीली होकर कमजोर हो जाती है तथा पौधों की बढ़वार बाधित हो जाती है और वे है। धान की दुग्धावस्था में यह पौधों को अधिक क्षति पहुंचाती है जिससे उपज में काफी कमी होता है। इसके शरीर से विशेष प्रव निकलती है, जिसकी वजह से इसे खेतों में आसानी से पहचाना जा सकता है। इसकी संख्या जब अधिक हो जाती है तो एक-एक कीट बैठे मिलते है। इसके नियंत्रण के लिए फॉलीडाल 10 प्रतिशत धूल का प्रति हेक्टेयर 10-15 किलोग्राम की दर से भूरकाव सुबह 8 बजे से पहले अथवा 5 बजे शाम के बाद बालियों पर करें। खतों के आस-पास के मेड़ों पर दवा का भुरकाव करें।

## फर्जी तरीके से ऋण निकासी का मामला हुआ उजागर

प्रात: किरण संवाददाता

बोचहा।फर्जी तरीके से गांव की भोली -भाली महिलाओं के नाम पर लाखों रुपए लोन निकालने का ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र के रामदास मझौली गांव का है। जहां दिपलेश राम की पत्नी माला देवी के नाम पर दो लाख रुपए लोन निकाल लिए गए। और पीड़िता को इस बात की भनक तक लगने नहीं दिया। हैरान करने वाली बात तो यह है कि मामले की जानकारी पीड़िता को उस समय लगी जब गुरुवार को आरोही उत्थान फाउंडेशन द्वारा लोन बकाया राशि की भुगतान समय पर न करने की नोटिस रामदास मझौली गांव निवासी दिपलेश राम को दिया गया। 23 हजार 3 सौ 80 रुपए बकाया राशि देखते ही पीड़ित के होश उड़ गए। ऐसे कई गांव में रहने वाली भोली भाली महिलाएं हैं, जिनके नाम पर लाखों रुपए लोन निकाल लिए गए और उन महिलाओं को पता भी नहीं है कि उनके नाम पर लाखों का लोन है । ऐसा ही एक मामला करणपुर उत्तरी वार्ड 10 के रहने वाले सुजीत कुमार की पत्नी माला देवी का है।पूरे मामले को लेकर सुजीत कुमार ने बताया कि गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने भोली -भाली महिलाओं के नाम पर लाखों रुपए लोन की निकासी कर लेता है। मैं अपनी पत्नी माला देवी के खाता से पैसा निकालने बैंक में गया तो पता चला कि उसके नाम पर 2 लाख रुपए लोन की निकासी की गई है। लोन का किस्त बकाया है ।इस वजह से उनके खाते को होल्ड पर रखा गया है।

## अगले 24-48 घंटों में उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा शुक्रवार को 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक का मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया। इस पूवार्नुमान के अनुसार इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रह सकते हैं। अगले 24-48 घंटों में उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर सक्रिय मौसमीय सिस्टम के प्रभाव से हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण में अगले 24-48 घंटों में भारी वर्षा होने की सभांवना है। उसके बाद वर्षा की सक्रियता में कमी आएगी। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूवार्नुमानित अवधि में अगले एक-दो दिनों तक पुरवा हवा उसके बाद पछिया हवा चलने का अनुमान है। औसतन 10-15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 26.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार के बीते तीन दिनों के दौरान जिले में 34 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है। पिछले एक-दो दिनों में उत्तर बिहार के तराई एवं मैदानी जिलों के अनेक स्थानों पर अच्छी वर्षा हुई है। मौसम पूवार्नुमान की अवधि में और वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों को कृषि कार्यों में सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। कटुवर्गीय सब्जियों को उपर चढ़ाने की व्यवस्था करें ताकि वर्षा से सब्जियों की लत्तर को गलने से बचाया जा सकें। किसान, धान, मक्का, खरीफ प्याज, चारा एवं अन्य सब्जियों की फसलों में नत्रजन उर्वरक का उपरिवेशन फिलहाल मौसम देखकर करें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 28 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बिजली चोरी करते पकड़े गए छह लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [ झाझा ] अवैध तरीके से तार जोड़कर बिजली चोरी करने को लेकर विद्युत प्रशाखा झाझा के कनीय विद्युत अभियंता आदित्य कुमार की अगुवाई में चलाए गए छापेमारी अभियान में कुल बिजली चोरी करते पकड़े गए कुल छह लोगों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कि गई है। दर्ज आवेदन में कनीय विद्युत अभियंता के द्वारा बताया कि थानाक्षेत्र के सुंदरीटांड में सुरेंद्र दास, शंकर दास, हेमा देवी, विनोद कुमार दास और धोबियाकुरा गांव में रजिया देवी, कमरून निशा के नाम पर बिजली कन्केशन है और इनलोगों पर पूर्व का कुल मिलाकर 138505 रूपए बाकि है। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पकड़े गए सभी लोगों ने मीटर से पूर्व अवैध तार जोड़कर अपने अपने परिसर में बिजली का उपयोग कर रहा था जिससे विभाग को 128225 रूपए का राजस्व क्षति पहुंचा है।

# महिला की मौत पर परिजनों ने पिपराडीह स्थित बालाजी इमरजेंसी अस्पताल के पास किया बवाल

## मृतिका के घर पर 12 साल के बाद आई खुशी में मातम में पसर गया

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] जिस घर में 12 साल के बाद खुशी आनी थी उस घर में खुशी गम में तब्दील हो गया जिसका कारण लोगों ने नगर क्षेत्र के पिपराडीह स्थित बालाजी इमरजेंसी अस्पताल के डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए बताया। दरअसल थानाक्षेत्र के डुमरहार गांव के रहने वाले तुलसी राय ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती पत्नी 35 वर्षीय सुकरी देवी को प्रसव के लिए गुरूवार की रात्रि लगभग 9 बजे बालाजी इमरजेंसी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर से संपर्क किया तो डॉक्टर ने पूर्ण भरोसा दिया कि किसी भी बात की चिंता नही होगी और उसके बाद मुझे कुल 37 हजार देने के लिए कहा जिसपर मैने 30 हजार रूपए जमा जिसके बाद 11:30 रात्रि में ऑपरेशन किया। मेरी पत्नी को लड़का हुआ और उसके बाद अचानक मेरी पत्नी चिल्लाने लगी और उसका पेट पूरी तरह से फूलने लगा तो डॉक्टर ने कहा कि देवघर में मेरा बड़ा अस्पताल है वहां चले जाइए और एंबुलेंस बुलवाया जिसके बाद 4 बजे सुबह बालाजी इमरजेंसी अस्पताल के एक कर्मी के साथ देवघर निकला और वहां पर पहुंचने पर मेरी पत्नी कि मौत हो गई तो कर्मी वहां से चुपचाप से निकल गया। मृतिका के पति ने बताया कि पहला बच्चा का निधन हो गया और उसके बाद फिर दूसरा बेटा हुआ और 12 साल के बाद तीसरा बेटा हुआ है। वही सुबह से लगभग दस बजे तक अस्पताल का मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ था जहां कोई भी कर्मी या डॉक्टर नही मौजूद थे। अस्पताल में पहुंचे पूर्व पंसस मनोज कुमार अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति नाजुक की खबर मिली तो हमलोग भी निजी अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर से बात हुई तो उसने हमसभी ग्रामीणों को भी भरोसा देते हुए कहा कि मै जूनियर डॉक्टर हूं और मेरा सीनियर डॉक्टर देवघर में रहता है जो मरीज को पूरी तरह से ठीक कर देगा। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टर के द्वारा दिए जा रहे आश्वासन पर थोड़ा शक हो रहा था लेकिन उस वक्त महिला की जान बचाना सबसे उचित समझते हुए परिजन उसे देवघर ले गया। जबकि मृतिका की भाभी ने बताया कि आशा सुशीला देवी के कहने पर सुकरी देवी को निजी अस्पताल लाया गया था। निजी अस्पताल में हंगामा की खबर सुनकर पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और लोगों को किसी तरह शांत किया जिसके बाद लगभग 12 बजे परिजनों ने मृतिका के शव को उठाकर अपने साथ गांव ले गया। एसआई मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अगर परिजन थाना में आवेदन देते है तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी लेकिन दोपहर बजे तक पीड़ित परिवार के द्वारा थाना में किसी भी प्रकार का कोई आवेदन नही दिया गया था। वही घटना की जानकारी अन्य परिजनों को मिलने के बाद परिजनों की भीड़ निजी अस्पताल के पास लग गई जहां एक तरफ नवजात शिशु परिजनों की गोद में था तो दूसरी ओर उसकी मां का शव पास में रखा जहां मृतिका का 12 वर्षीय पुत्र सौरव सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बूरा हाल बना हुआ था।

# पप्पू यादव हत्याकांड के 13 दिन बीत जाने के बाद भी नामजद अपराधी पुलिस गिरफ्तरी से बाहर




प्रात : किरण संवाददाता

ई०अलीगंज जमुईः चंद्रदीप थाना क्षेत्र में बीते 13 सितंबर को सिकंदरा नवादा मुख्य मार्ग झंझरी गांव के समीप दीनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने सांपो गांव निवासी पप्पू यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के 13 दिनों बाद भी अभी तक चंद्रदीप पुलिस के हाथ खाली है। आपको मालूम हो की पप्पू यादव कुछ काम को लेकर अलीगंज आये थे। वापस अपने बाइक से गांव जाने के दौरान बाइक पर ही दिन दहाड़े जमुई नवादा मुख्य मार्ग पर ताबड़ तोड़ चार गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद जमुई पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे और आश्वासन दिया था की जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन आज खबर लिखने तक इस मामले में ना ही किसी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है और ना ही इस मामले में कोई ठोस कारवाई जमुई पुलिस द्वारा की गई है। हालांकि हत्या में नामजद अपराधियों की पहचान कर ली गई है। परंतु अभी तक किसी भी नामजद अपराधी की गिरफ्तारी संभव नहीं हो पाई है। जमुई एसडीपीओ से फोन कर जानकारी लेने पर उन्होंने बताया की टेक्निकल डाटा एकत्रित कर लिया गया है और पुलिस अपराधियों की तलाश में छापेमारी भी कर रही है। जल्द ही इस मामले में जमुई पुलिस को सफलता मिलेगी। अब बड़ा सवाल यह है की हत्या के इतने दिनों के बाद भी पुलिस इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार क्यों नहीं कर पाई है और अब देखना लाजिमी होगा की इस हत्याकांड का खुलासा जमुई पुलिस कब तक कर पाएगी।मृतक के परिजनों में पुलिस के विरुद्ध नाराजगी है।

# देव सुंदरी मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के तत्वाधान में चलाया गया स्वच्छता अभियान




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर की अंगीभूत इकाई देव सुंदरी मेमोरियल महाविद्यालय झाझा प्रांगण में एनएसएस इकाई के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी प्रो० राकेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है थीम को लेकर स्वयंसेवक जगह-जगह पर जाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरुक कर रहे हैं, यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा ,स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इसके तहत, लोगों को साफ-सुथरे रहने के लिए जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता है और उन्हें अपने आसपास के माहौल को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए काम करना चाहिए। मौके पर प्रोफेसर ईश्वर पासवान, प्रोफेसर विपिन बिहारी ने समल्लित रूप से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और अवसर भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोग भाग लेते हैं और स्वच्छता के महत्व को समझते हैं।स्वच्छ भारत अभियान ने देशभर में बदलाव लाया है। इसके तहत, लोगों की स्वच्छता संबंधित सोच और आचरण में सुधार हुआ है। लोग अपने आसपास के स्थानों को साफ-सुथरा रखने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही, सरकार ने भी विभिन्न स्वच्छता योजनाओं को शुरू किया है और स्वच्छता के मामले में सख्ती बढ़ाई है। मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अजफर शमशी ने भी इस कार्यक्रम की सरहाना की। मौके पर प्रो रूबी सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, मनोज भगत, सतीश कुमार, पवन दास , सुधांशु कुमार वर्मा, सोनू मेहरा, खुशबू चौधरी, संध्या कुमारी, रिया कुमारी, रूपा कुमारी, गुनगुन झा, रूना चौधरी, ज्योति चौधरी, गुड़िया कुमारी, परमिला कुमारी, अनीशा राजपाल, मुस्कान कुमारी, राज नंदनी कुमारी, सुरुचि कुमारी, सुखदा कुमारी, स्वास्तिक कुमारी, अंशिका कुमारी आदि उपस्थित रहें।

# बिहार अग्निशमन सेवा की टीम ने आग से बचाव के तरीकों की जानकारी दी



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बिहार अग्निशमन सेवा की टीम के द्वारा शुक्रवार को संग्रामपुर बाजार के दुकानों, क्लीनिक एवं अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में जाकर आग से बचाव के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। अनुमंडल अग्नि समन पदाधिकारी राजबल्लभ प्रसाद यादव के नेतृत्व में कई प्रकार की जानकारी लोगों के साथ साझा किया गया ।इस मौके पर टीम के द्वारा बताया गया कि गैस से संबंधित उपकरणों का उपयोग करने के बाद रेगुलेटर को अवश्य बंद कर दें। क्लीनिक इत्यादि जैसे सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर आग बुझाने फायर पंप सिलेंडर को अवश्य रखें ताकि आग लगने की परिस्थितियों में इसका उपयोग किया जा सके। दुकानों एवं क्लीनिक में बिजली का वायरिंग और उपकरण अच्छी क्वालिटी का उपयोग करें ताकि शॉर्ट सर्किट की संभावना से बचा जा सके। इस मौके पर टीम का नेतृत्व कर रहे राजबल्लभ प्रसाद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज एक बहुत बड़ी मानव जनित आपदा है थोड़ी सी सावधानी अपना कर इसके प्रकोप से बचा जा सकता है।

# पर्यटन रोजगार सृजन और गरीबी के मकड़जाल से निकलने का एक माध्यमः प्रो.गौरी शंकर

## भारत में पर्यटन की संभावनाएं अपार, दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाएं सरकार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर नगर परिषद जमुई स्थित के के एम कॉलेज जमुई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में देश के विकास में पर्यटन उद्योग का महत्व और भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता के. के. एम कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। प्रो.पासवान ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पर्यटन दिवस हर वर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत यूएनओ के द्वारा 1980 में की गई थी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा उद्योग का दर्जा प्राप्त कर चुका है।एक दशक के अंतर्गत इस उद्योग में तीव्र वृद्धि हुई है। पर्यटन का महत्व धन उपार्जन तथा रोजगार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विश्व बंधुत्व की दिशा में इसका योगदान महत्वपूर्ण है। पर्यटन और देशाटन की जड़ें बहुत ही गहरी हैं। यह संस्कृति को जोड़ता है। भारत में पर्यटन संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं । भारत में सबसे पहले पर्यटन की शुरूआत अंग्रेजों ने शिमला, दार्जिलिंग, मंसूरी इत्यादि में की थी। जमुई में पर्यटन स्थलों को विकसित करना समय की मांग है। प्रो.पासवान ने कहा कि भारत में पर्यटन रोजगार सृजन और गरीबी के मकर डाल से निकलने का एक माध्यम है। यहां पर्यटन की विपुल संभावनाएं हैं जरूरत है केवल सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति की। भारत संसार के पांच सिर्फ पर्यटक स्थलों में से एक है। वर्ल्ड टूरिज्म ऑगेर्नाइजेशन ने भारतीय पर्यटन को सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र बताया है। विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा पर्यटन स्थल को और विकसित करने, सुविधाएं देने और योजनाएं लागू करने की जरूरत है । पर्यटन देश का तीसरा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला उद्योग है। भारत में विदेशी पर्यटकों के प्रति आत्मीयता दिखाने के लिए अतिथि देवो भवः कार्यक्रम भी शुरू किया गया है, जो सराहनीय है। पर्यटन पर पुनर्विचार करना आवश्यक ही नही, अपरिहार्य है। हमारे देश में 10 पर्यटन स्थल हैं,, जिन्हें पर्यटक पसंद करते हैं। जैसे दिल्ली, आगरा, जयपुर, दार्जिलिंग कन्याकुमारी, कश्मीर, गोवा, अजंता एलोरा की गुफाएं और बनारसी इत्यादि सरस्वती अर्जुन एकलव्य महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर एवं इग्नू समन्वयक डॉ निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि भारत में पर्यटन की संभावनाएं अपार हैं। पर्यटन के विकास में केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। सरकार को पर्यटन स्थलों को विकसित करने और नए पर्यटन स्थलों की पहचान करने की जरूरत है। विश्व पर्यटन दिवस का मुख्य उद्देश्य पर्यटन और उसके सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों के प्रति विश्व समुदाय को जागरूक करना है। आज ट्रेवल और टूरिज्म वैश्विक उद्योग बन चुका है। इस क्षेत्र में छात्रों के लिए कैरियर भी निहित है। पर्यटन हर देश के लिए लाभकारी है। इस पर विहंगम दृष्टि से पुनर्विचार करने की जरूरत है। जमुई जिला में भी पर्यटन स्थल हैं जिनका विकास अपेक्षित है. मौके पर प्रो संजीव कुमार सिंह, प्रो सरदार राय, प्रो कैलाश पंडित, प्रो अजीत कुमार भारती , तथा कार्यालय सहायक रवीश कुमार सिंह, सुशील कुमार, बटेश्वर यादव, कृष्ण कुमार गिरी आदि ने एक स्वर में कहा कि देश प्रदेश के विकास के लिए पर्यटन स्थलों में वृद्धि तथा विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। जमुई में दर्जनों पर्यटन स्थल है इसे भी सरकार को विकसित करने की जरूरत है।

# गोनाडीह व छतरपुर गांव से दो शराबी को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के गोनाडीह गांव व छतरपुर गांव से गिद्धौर पुलिस ने दो शराबी व्यक्ति से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पंकज कुमार को गोनाडीह गांव से एक व छतरपुर गांव से एक लोगों को शराब के नशे में हंगामा करने की सूचना मिली। सूचना उपरांत मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दोनो शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।जहां उनका चिकित्सकीय जांच करवा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इधर गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि सुरेश रावत के पुत्र संजय रावत,व झाझा थाना क्षेत्र के धमना गांव निवासी गोपाल यादव के पुत्र रंजीत यादव को नशे में हंगामा करने की सूचना मिली।वहीं पकड़कर थाना लाया गया जहां जांचोपरांत के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस अभियान में अवर निरीक्षक उमेश कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# गिद्धौर प्रखंड के 67 स्कूलों की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन कार्य शुरू

## गिद्धौर प्रखंड के आठ सीआरसीसी में उत्तर पुस्तिका का हो रहा है मूल्यांकन

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड के विभिन्न संकुल समन्वय केन्द्रों में सत्र 2024-25 के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू हो गयी। इस क्रम में गिद्धौर प्रखंड के आठ संकुल केंद्र में 67 विद्यालयों के बच्चों की उत्तरपुस्तिका की जांच की जा रही है।इस दौरान मूल्यांकन पंजी और प्रगति पत्रक में विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित किया जा रहा है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जमुई के निर्देश पर 27 सितंबर से शुरू होकर मंगलवार यानि 01 अक्टूबर तक मूल्यांकन कार्य होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में अभिभावकों की बैठक बुलाई जाएगी और वहां बच्चों के प्रगति रिपोर्ट के आधार पर उनके बच्चों के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक जिन बच्चों की स्थिति असामान्न होगी। उनके शैक्षणिक क्षमता को मजबूत करने और बढ़ानें के लिए अलग से क्लास ली जाएगी।सभी संकुल में मूल्यांकन कार्य के लिए परीक्षक के साथ साथ प्रधान परीक्षक को प्राधिकृत किया गया है।परीक्षक लाल कलम से उत्तर पुस्तिका की जांच करेंगे वहीं प्रधान परीक्षक हरा कलम से रेंडीमाइजेशन उत्तर पुस्तिका की जांच कर हस्ताक्षर करेंगे।मूल्यांकन कार्य हेतु सभी संकुल संचालक को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।मूल्यांकन कार्य में प्रत्येक दस से बारह परीक्षक पर एक प्रधान परीक्षक बनाया गया है।मूल्यांकन कार्य में कुमार परवेज,प्रदीप रजक, छोटू कुमार,कंचन कुमारी,रेणुका पांडेय,अनुपमा कुमारी,दीपक कुमार,संतोष सिंह,रंजीत यादव,मंटू मंडल,मुरारी गुप्ता,पूजा भारती,आशीष भारती,सुनीता कुमारी,विक्रम कुमार सहित 158 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।

# पुत्र ने रूपए के खातिर पिता के साथ कि मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] कलयुगी पुत्र ने अपने पिता के उपर लोहे के रॉड से वार कर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घायल बुजुर्ग की पहचान सोहजाना गांव के रहने वाले भीम यादव के रूप में हुई है। घायल बुजुर्ग इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसका इलाज किया गया। घायल बुजुर्ग ने बताया कि मेरा छोटा बेटा नूनदेव यादव नशा करता है और नशा के लिए वह तीन लाख रूपए मांगा जिसका मैने विरोध किया तो उसने मेरे साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए घायल कर दिया।

# झांझी नदी में डुबने से एक व्यक्ति की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो जमुई : झांझी नदी में डुबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है ।मृतक की पहचान बटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दहियारी पंचायत के कोरियासार गाँव निवासी स्वः साधु रविदास का 53 वर्षिय पुत्र कारु रविदास के रूप में की गई है ।बताया गया है कि कारु रविदास गुरुवार की देर शाम घर से निकला था लेकिन शुक्रवार की सुबह तक घर वापस नहीं लोटने के बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई , खोजने के दौरान कारु रविदास का शव झांझी नदी के एक छोर पर बरामद किया गया है । बताया गया है कि कारु रविदास शौच करने के बाद पानी लेने नदी मे गया होगा तभी अचानक तैज बारिश के कारण झांझी नदी मे आई बाढ़ की चपेट में आ गया और पानी की तैज बहाव में बहते हुए डुबकर उसकी मौत हो गई है ।अचानक हुई मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है ।स्थानीय लोगों की मदद से कारु रविदास की शव को नदी से बाहर निकाला गया है ।मृतक कोरियासार गाँव निवासी सह राशन डीलर भीम रविदास का चचेरा भाई बताया गया है ।इसकी घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई हे । सुचना प्राप्ति से घंटो बाद पहुंचे बटिया थाना की पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए जमुई सदर भेज दिया ।

# लोक लेखा समिति के सभापति से मुंगेर विश्वविद्यालय जमीन अधिग्रहण मुख्यालय के इर्द गिर्द में करने को लेकर सरकार पर दवाब बनने का मांग किया

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। शनिवार को परी सदन मुंगेर में प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर का एक प्रतिनिधिमंडल लोक लेखा समिति बिहार विधानसभा के सभापति भाई वीरेंद्र से मुलाकात कर मुंगेर विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए मुंगेर मुख्यालय के इर्द- गिर्द भूमि अधिग्रहण करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया है।मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन एवं संरक्षक नरेश सिंह यादव ने कहा की प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के लंबी लड़ाई एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के दबाव पर बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने 15 अगस्त 2017 को बिहार की जनता के नाम संदेश के तहत यह घोषणा किया कि मुंगेर प्रमंडल मुख्यालय में शीघ्र ही विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। 18 मार्च 2018 को उन्होंने मुंगेर के आर डी एंड डी जे कॉलेज, मुंगेर में विधिवत रूप से मुंगेर विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय कार्य प्रारंभ होने के बाद ही विश्वविद्यालय भवन विस्तार के लिए भूमि का चयन शुरू हो गया। पर मंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने अनेकों बार तत्कालीन आयुक्त मुंगेर, जिलाधिकारी मुंगेर, कुलपति मुंगेर विश्वविद्यालय से मिलकर छात्र-छात्राओं के सुविधा को देखते हुए मुंगेर मुख्यालय के आसपास उपलब्ध जमीनों के बारे में जानकारी दी। जिला प्रशासन ने आसपास के जमीन देखने के पश्चात बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत स्थित भूखंड का चुनाव किया। जमीन के खोज के क्रम में उक्त पंचायत में ऋषि कुंड के नजदीक 20 एकड़ सरकारी जमीन भी मिला। उक्त भूखंड के नजदीक ही फोरलेन भी उपलब्ध है अतः छात्र-छात्राओं को आने-जाने में भी कोई विशेष कठिनाई नहीं होती। परंतु लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद मुंगेर के सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के दबाव में जिला प्रशासन ने खड़गपुर प्रखंड के तेलियाडीह पंचायत में जमीन अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है उक्त भूखंड चारों ओर पहाड़ियों से घिरा हुआ जंगली एरिया है जो की छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। अतः आपसे आग्रह है कि बिहार सरकार पर दबाव बनाकर मुंगेर मुख्यालय के इर्द-गिर्द नहीं तो पूर्व में चयनित रतनपुर पंचायत में ही विश्वविद्यालय के लिए जमीन अधिग्रहण किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, संरक्षक श्री नरेश सिंह यादव, मंटू प्रसाद यादव, मोहम्मद कौसर फैयाज, नवल किशोर एवं विकास चंद्र यादव शामिल थे।

# तालाब में डूबकर 8 वर्षीय मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- प्रखंड के पुरसण्डा पंचायत के सब्सिनिया बीघा गावं में गुरुवार की संध्या एक परिवार पर उस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनके घर का एक चिराग बुझ गया। दर असल सिकंदरा थाना क्षेत्र के सब्सिनिया बीघा गांव में एक 8 वर्षीय बालक खेलने के दौरान तालाब मे डूबने से मौत हो गई। बच्चे की पहचान सबसिनियां बीघा गांव निवासी चन्द्रिका यादव के 8 वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार उर्फ बाजो के रूप में हुई है।. वहीं मृतक बालक के चाचा मसूदन यादव जानकारी देते हुए बताया की मेरे घर के कुछ दूर पर एक तालाब है। जहां मेरा भतीजा बजरंगी तालाब के किनारे खेल रहा था। तभी खेलने के दौरान फिसल कर पानी में गिर गया।, हो हल्ला होने पर लोगों की मदद से बच्चे को तालाब से निकाला और आनन फानन में बच्चे को अलीगंज पीएचसी लाया गया। जहाँ डॉक्टरों के जांचों प्रांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया।, वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि सुनील व्यास के द्वारा इस घटना की सुचना सिकंदरा पुलिस को दिया।,वहीं सिकंदरा पुलिस पहुँच कर कागजी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेजा गया।, वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि सुनील व्यास ने इस घटना की जानकारी अंचलधिकारी रंजन कुमार दिवाकर से दूरभाष पर बातें करते हुए कहा की बालक के परिवार को जो भी सरकारी लाभ एवं विभागीय सहयोग हो हर सम्भव मदद की जाय।, वहीं सीओ रंजन कुमार दिवाकर ने आश्वासन देते हुए कहा की विभागीय नियमानुकूल जो भी लाभ होगा हर संभव दिया जायेगा।,वहीं मृतक बालक के दादा बूँदी यादव ने कहा की हमलोग बहुत ही गरीब लोग है, बालक के पिता चन्द्रिका यादव पंचाब में मजदूरी करता है।बीते साल भी चन्द्रिका यादव का बड़ा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया था।इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।मृतक बच्चे का परिजनों का रो रो कर बुराहाल है और पूरे गावं में मातम का माहौल है।

# रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान




● प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते 7 यात्रियों से वसूला गया 1200 रूपए जुमार्ना राशि

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक पेड़ मां के नाम और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर दानापुर रेल मंडल के वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, 4 पर रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय की ओर से चलाया गया। सीएचआई गिरीश कुमार सिंह आरपीएफ एवं टीटीई और स्वच्छताकर्मी के साथ अप एवं डाउन में आने वाले प्लेटफार्म पर बैठे रेलयात्री और गाड़ियों में यात्रा करने वाले रेलयात्रियों के बीच स्वच्छता और पेड़ के फायदों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि अगर आप स्टेशन पर है या गाड़ियों में यात्रा कर रहे है तो हमेशा इस बात की ध्यान रखे कि आप खान पान की बची सामग्री इधर उधर न फेंककर बल्कि डस्टबीन का प्रयोग करे ताकि घर की तरह रेलवे परिसर एवं गाड़ी में साफ-सफाई बना रहे। इसके अलावे उन्होनें यात्रियों से कहा कि कई बार यात्री प्लेटफार्म पर खुले जगह में पेशाब करते है तो उन्हे स्टेशन पर बने पेशाबखाना का उपयोग करना चाहिए। सीएचआई ने यात्रियों के बीच पर्यावरण को लेकर भी जागरूक करते हुए कहा कि धरती पर शुद्ध वातावरण चाहिए तो पौधारोपण अवश्य करे ताकि पर्यावरण संरक्षित कर सके। वही प्लेटफार्म पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान लगभग सात यात्रियों को प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते भी पकड़ा जिससे कुल मिलाकर 1200 रूपए जुमार्ना राशि वसूला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### झमाझम बारिश से उमस से मिली निजात, पारा गिरा

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा समेत पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर परिक्षेत्रों में हो रही बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो चला है। बतादें की वृहस्पतिवार की रात से जमकर रह रह कर बारिश हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। वहीं इस बारिश से किसानों के खेती को कहीं फायदा तो कहीं नुकसान पहुंच रहा है। सन्तपुर निवासी समाजसेवी व किसान नेता केदारनाथ काजी ने बताया कि यह बारिश किसानों के लिए कहीं परेशानी तो कहीं फायदेमंद है। बतादें की भारी बरसात होने के कारण वीटीआर जंगल से सटे रिहायशी इलाके में जंगली जीव जंतुओं के चले आने का खतरा बढ़ जाता है। ये जीवजंतु सूखे जगह और भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके का रुख करते है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की पटना में इलाज के दौरान मौत

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। सड़क दुर्घटना में जख्मी माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर निवासी मुन्ना पाण्डेय की बीती रात्रि पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद गाँव में मातम का माहौल पसर गया। शुक्रवार को शव पहुँचने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताते चलें कि विगत 31 अगस्त को छपरा सिवान मुख्य मार्ग पर दरौंदा थाना क्षेत्र के लीला साह के पोखरा के समीप बाइक व ट्रक की टक्कर में बाइक सवार दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में एडमिट कराया गया था। मिली जानकारी के पटना में इलाजरत बाइक सवार दूसरे जख्मी शामू ओझा अब खतरे से बाहर बताए जाते हैं।

### डीएम ने लोक शिकायतों के 07 मामलों को निपटाया

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।
जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 07 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 03 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### नगर पंचायत में स्वच्छ भारत के तहत हुआ पौधारोपण

माँझी। माँझी नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार की सुबह स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह एवम कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया तथा नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद की मौजूदगी में पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# जिलाधिकारी ने 44 लाभुकों को प्रदान किया चयन पत्र

- मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत लाभुकों का किया गया है चयन
- ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन होगा सुलभ, स्वरोजगार को मिलेगा बल

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के 44 लाभुकों को चयन पत्र प्रदान किया।
लाभुकों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चयन पत्र प्राप्त करने वाले सभी लाभुक निर्धारित वाहन का क्रय कर परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे ताकि ग्रामीणों को सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक ओर जहां परिवहन सुलभ होगा वहीं स्वरोजगार को बल मिलेगा।
लाभुकों को नसीहत देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वाहनों का संचालन करते समय यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करेंगें। यात्रियों को यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखेंगे।
चयन पत्र पाकर लाभुक काफी खुश दिखें और सरकार एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिए। लाभुकों ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत उन्हें लाभान्वित किया गया है। जिला प्रशासन की बदौलत उन्हें स्वरोजगार मिला है, वे पूरे मनोयोग से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में वाहनों को संचालित करेंगे।
जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत पश्चिम चम्पारण जिले को 133 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। लक्ष्य के विरूद्ध 94 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 44 लाभुकों का चयन किया गया है। शेष लाभुकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।
लाभुकों में नौतन प्रखंड के आलोक



कुमार गुप्ता, जिकरूल्ला मन्सूरी, संदीप कुमार राम, अजय कुमार राम के नाम शामिल है। इसी तरह नरकटियागंज प्रखंड के लाभुकों में कुणाल राम, कुंदन पासवान, धीरज कुमार, मुकेश कुमार ठाकुर, राहुल कुमार, सिद्धार्थ, मझौलिया प्रखंड के अमित कुमार, आरिफ आलम, लौरिया प्रखंड के अशोक कुमार, मैनाटांड़ प्रखंड के यशवन्त कुमार, गौनाहा प्रखंड के रोहित कुमार, मधुबनी प्रखंड के विपिन कुमार बैठा, साहिल सिंह, चनपटिया प्रखंड के मिथिलेश कुमार, मिन्टू कुमार, अमित कुमार, आलोक कुमार ठाकुर, बैरिया प्रखंड के विनोद कुमार, चंदन कुमार, सिकटा प्रखंड के सुमित कुमार, नेकमहम्मद, पिपरासी प्रखंड के रंजित कुशवाहा, रामनगर प्रखंड के चन्द्रमोहन महतो, सुनिल कुमार, सकूर आलम, आशिष कुमार, बगहा-02 प्रखंड के अविनाश कुमार उरांव, मुकेश कुमार राम, राजकुमार, छोटे कुमार तुरहा, विवेक यादव, योगापट्टी प्रखंड के मनौबी चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, शोएब अख्तर एवं बगहा-01 प्रखंड के तरूण कुमार गौड़, दिवाकर राम, धर्मेन्द्र कुमार, हेयातुल्लाह, मनीष कुमार यादव तथा इमामुद्दीन अंसारी के नाम शामिल हैं।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बेबी कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ गोलबंद हो रहे ग्रामीण, एसडीओ को देंगे ज्ञापन

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर थानांतर्गत सन्तपुर सोहरिया पंचायत के सन्तपुर में ग्रामीणों ने बैठक कर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए नहीं लगाने का निर्णय लिया है।सन्तपुर निवासी समाजसेवी किसान नेता केदारनाथ काजी ने बताया कि स्मार्ट मीटर में गड़बड़ियों की शिकायत के बाद स्मार्ट मीटर नहीं लगाने का ग्रामीणों बैठक कर निर्णय लिया है।इस बात की जानकारी बगहा बिजली विभाग के एसडीओ को चिठ्ठी देकर दी जाएगी। बतादें की बगहा के कई क्षेत्रों से स्मार्ट मीटर के खिलाफ लोगों के गोलबंद होने और विरोध करने की खबरें आ रही है।ऐसी भी खबरें आ रही है कि लोग पुराने मीटर से ही बिजली आपूर्ति को सही बता रहे है।ऐसी कई बातें सामने आई हैं जिसमे उपभोक्ता रिचार्ज कराने के बावजूद एक सप्ताह बाद तक अंधेरे में रहने पर मजबूर हो रहे हैं।कहीं रिचार्ज के बाद बिजली आपूर्ति नहीं तो कहीं रिचार्ज के अनुरूप बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

## यूपी बिहार मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर ग्रामीणों ने घंटो बवाल काटा

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। धनहा थाना क्षेत्र के दौनाहा बिनटोली के समीप यूपी बिहार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जाम कर स्थानीय लोगों ने घंटों हंगामा किया । आरोप है की धनहा थाने कि पुलिस शराब माफिया व गांजा व बालू तस्करों से मिलकर आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, ग्रामीणों का यह भी आरोप है शराब माफिया को छोड़कर कोलाई निषाद के बाइक कि डिग्गी में जबरदस्ती अवैध शराब रखकर फसाया जा रहा है, पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया कोलाई निषाद बिल्कुल निर्दोष है,धनहा थाना पुलिस कि कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश है, ग्रामीण मौके पर एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे,लिहाजा इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुँचे तब जाकर धनहा थाना कि पुलिस के सहयोग से आक्रोषितों को समझा बुझाकर हंगामा शांत करवाया। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर नें आवेदन मिलने पर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। सड़क जाम के दौरान यूपी और बिहार को आने जाने वाले सैकड़ों वाहनों में सवार हजारों यात्रियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी ।बतादें कि उतर प्रदेश कि सीमा पर स्थित धनहा थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है लिहाजा लोग सड़कों पर उतर आये हैं यही वजह है कि इस थाना के पुलिस अधिकारी और जवानों कि कार्यशैली पर सवाल खड़े किये जा रहें हैं और कोई आला अधिकारी इस पर बोलना नहीं चाहता है ।

## जन-जन तक पहुंचाएं स्वच्छता का संदेश :श्वेता रानी

प्रातः किरण संवाददाता

एकमा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत एकमा बाजार के द्वारा मध्य विद्यालय हंसराजपुर मध्य विद्यालय भूईली के छात्र छात्राओं के बीच स्वच्छता के प्रति चित्रकला व रंगोली एवं पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें दोनों विद्यालय के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़चढ कर हिस्सा लिया जिसमें नगर के मध्य विद्यालय हंसराजपुर व मध्य विद्यालय भूईली द्वारा बनाई गई रंगोली चित्रकला व पर्यावरण एवं स्वच्छ के प्रिंटिंग प्रतियोगिता देखकर मनमुग्ध हुई नगर अध्यक्ष श्वेता रानी इस दौरान अव्वल छात्र-छात्राओं के बीच नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरण मुख्य पार्षद श्वेता रानी के द्वारा किया गया । जहां मध्य विद्यालय भूईली के प्रथम स्थान नीतू कुमारी दुतिय सोनी कुमारी त्रिसिरा स्थान अनुष्का कुमारी शोभा कुमारी रूपा कुमारी तथा मध्य विद्यालय हंसराजपुर के अंकिता कुमारी रश्मि कुमारी खुशबू कुमारी सविता कुमारी सृष्टि कुमारी सहित अन्य छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण नगर अध्यक्ष के द्वारा किया गया । प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। वितरण के पश्चात श्वेता रानी ने कहीं की स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई जन जन तक पहुंचाएं स्वच्छता ही तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है । स्वच्छ नगर स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह कार्यक्रम 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलाई जाएगी स्वच्छता के प्रति जन-जन तक पहुंचाएं । इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी रमन राज कमल महाराज प्रवीण शर्मा स्वच्छता पदाधिकारी सुषमा कुमारी सहित नगर के अनन्य कर्मी उपस्थित थे ।

## झाड़फूंक, इलाज और प्रलोभन के नाम पर धर्मांतरण का खेल बदस्तूर जारी

- समाजिक कार्यकर्ता विरोध पर उतरे ,पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में झाड़ फूँक के नाम पर जाति बदलने को लेकर बवाल मचा है, सूचना पर पहुंची पुलिस नें आरोपियों को भगाकर हंगामा शांत करवाया है । लेकिन जिस तरह लोग आपस में भीड़कर एक दूसरे से उलझते नजर आये उसने सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिया है। दरअसल दवा इलाज के नाम पर प्रलोभन देकर धर्मान्तरण का आरोप है, बताया जा रहा है की शहर के चौरसिया गली में कैंप लगाकर भोले भाले गरीब लोगों का इलाज किया जा रहा है। लिहाजा स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं नें इसका विरोध करते हुए हंगामा किया है,सूचना पर पहुंची पुलिस घटना कि छानबीन में जुटी है। बतादें कि चिउटाहां स्थित रत्नपुरवा ईसाई मिशनरी से आये कुछ एजेंट और पास्टर पर धर्मान्तरण का आरोप लगा है। ताजा मामला पटखौली थाना क्षेत्र के मलकौली वार्ड नं 2 का बताया गया है। धनहा,भीतहा औरवाल्मीकिनगर के लक्ष्मीपुर के बाद बगहा शहर में धर्मान्तरण की साजिश कि पुलिस प्रशासन जाँच में जुटी है अभी अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से परेहज कर रहें है। अब सवाल यह है कि शहर के पॉस इलाके में इस तरह कैंप लगानें कि इजाजत या कोई प्रशासनिक अनुमति दीं गईं थी या नहीं क्योंकि जो महिलाएं या बीमार लोग उस कैंप में अपना दवा इलाज करवा रहें थे उनके ओर से कोई विरोध या आरोप नहीं लगाया गया है बावजूद इसके कुछ सामाजिक कार्यकर्त्ता इसे धर्मान्तरण का नाम दें रहें तत्काल इस पर रोक लगाने व कार्रवाई कि मांग कर रहें हैं। वहीं संचालक ललन राम जो बयान दें रहें हैं वह चौकाने वाला है मिशनरी से जुड़े इस शख्स का कहना है कि जो लोग मंदिर या भगवान कि शरण में थे उनकी परेशानी दूर नहीं हुई लिहाजा उनकी बीमारी औरपरेशानी प्रभु ईशु दूर करेंगें । इधर सामाजिक कार्यकर्त्ता निप्पू पाठक का कहना है कि गंभीर और असाध्य रोगों का इलाज अस्पताल में होगा कि ऐसे कैंप लगाकर झाड़ फूँक से ठीक होगा।क्योंकि केंद्र सरकार आयुष्मान कार्ड बनाकर 5 लाख तक के दवा इलाज का खर्च उठा रही है वहीं बिहार सरकार भी 2 लाख तक के इलाज की योजना चला रही है ।

## कृषक स्वर्ण समृद्धि सप्ताह के अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक किसन वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



बनियापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र, सारण के द्वारा बनियापुर प्रखण्ड के कराह गांव में कृषक वैज्ञानिक वातार्लाप का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं, रबी के मुख्य फसलों, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की विभिन्न तकनीकों, वर्तमान समय में कृषि मशीनीकरण की माँग, जीरो टिलेज, लेजर लैंड लेवलर, हैप्पी सीडर के विषय में किसानों को विस्तार से बताया। उद्यान विशेषज डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका एवं फलों के नए बाग लगाने और उसके महत्व के बारे में किसानों को विस्तृत में बताया साथ ही सितम्बर माह में चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा, हिन्दी पखवाड़ा एवं पोषण माह के विषय में भी किसानों को अवगत किया। पादप संरक्षण विषेशज्ञ डॉ. जीर विनायक ने फसलों के कीटो एवं रोगों के बारे में किसानों को बताया। सभी किसानों ने वैज्ञानिको से वातार्लाप की तथा अपना सुझाव साझा किया। कार्यक्रम के दौरान रामेश्वर सिंह, राघवेन्द्र कुमार सिंह, मिश्रीलाल सहनी, विक्रमा प्रसाद, संजय कुमार सिंह, मुन्ना कुमार राय, विक्रम कुमार, विकास कुमार सिंह, आशुतोष सिंह आदि किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी से उमाशंकर ने भी अपना सहयोग दिया।

## नेपाली पीएम ने विवादित सुस्ता गांव में झूला पूल और पावर ग्रिड स्टेशन का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल के सकरदिनही से विवादित सुस्ता गांव को जोड़ने वाले करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे झूला पुल और बिजली ट्रांसफार्मर ग्रिड का उद्घाटन नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर किया गया। इस पुल और ग्रिड के माध्यम से सुस्ता ग्रामीणों को भारत की सीमा से नेपाल के अन्य हिस्सों से सीधे जुड़ने का अवसर मिल गया है। बतादें की नेपाल के कब्जे वाले सुस्ता गांव का इतिहास भारत के साथ विवादों से भरा रहा है। सुस्ता गांव कि जमीन भारत के किसानों और वीटीआर वन भूमि की जमीन है, जिसपर नेपाली नागरिकों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। इस विवादित गांव के विकास के लिए नेपाली सरकार पूरे संसाधन लगाकर विकास कर रही है। इसी क्रम में नेपाल के राष्ट्रपति सुस्ता गांव पहुंचकर सुस्ता गांववासियों को सौगात दी है। इस मौके पर लुंबिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री चेतनारायण,नवल परासी सांसद विनोद चौधरी, विधायक देवकरण कलवार, नवल परासी जिला के डीएम स्कीम श्रेष्ठ सहित अनेक प्रमुख नेता और अधिकारी उपस्थित थे। बतातें चलें कि पुल का निर्माण नेपाली करेंसी 25 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है और यह पुल नारायणी गंडक नदी पर स्थित है,जो दो पहिया वाहनों के आवागमन को ध्यान में रखकर बनाया गया है।राष्ट्रपति पौडेल ने उद्घाटन के बाद पुल का निरीक्षण करते हुए सरकार के काम की सराहना की और कहा, ‌यह पुल सुस्ता के नागरिकों के लिए नेपाल के अन्य शहरों और बाजारों तक पहुंच आसान करेगा और बाढ़ के दौरान आने वाली कठिनाइयों से राहत दिलाएगा। नागरिकता और जमीन के मुद्दे पर जोर नवल परासी सांसद विनोद चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान सुस्ता के वंचित नागरिकों के लिए नागरिकता और जमीन के अधिकार की मांग की। उन्होंने कहा कि सुस्ता के निवासियों को अब तक लाल पर्ची नहीं मिली है, जो उन्हें जल्द दी जानी चाहिए ताकि वे जमीन के कानूनी मालिक बन सकें और देश के विकास में सहयोग कर सकें। विकास की दिशा में बड़ा कदम इस पुल के निर्माण के साथ ही सुस्ता के नागरिकों को अब 24 घंटे बिजली की सुविधा भी मिल सकेगी।

## माँझी नगर पंचायत होकर गुजरने वाला माँझी बनवार सड़क बदहाल

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। प्रखंड की आधा दर्जन पंचायतों को मुख्यालय से जोड़ने वाला माँझी बनवार पथ नगर पंचायत क्षेत्र में बदहाली का पर्याय बनकर रह गया है। उक्त जर्जर सड़क होकर आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माँझी ब्लॉक से माँझी गोंढा दलित बस्ती तक उक्त सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं जिनमें अबतक बाढ़ व बरसात का पानी भरा पड़ा है। सड़क की वस्तु स्थित यह है की सड़क पर पड़े रोड़े उखड़ कर बिखर गए हैं तथा दशक पगडंडी से भी बुरी हालत में है। सड़क पर बाढ़ का पानी महीनों से जमा है। राहगीर सड़क पर लगे पानी में अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं तथा ऑटो आदि आए दिन पलटते रहते हैं। लोगों का कहना है की माँझी नगर पँचायत घोषित होने के बाद से सड़क की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। मालूम हो कि माँझी प्रखंड मुख्यालय से बनवार



तथा दाउदपुर आदि को जोड़ने वाला यह सबसे महत्वपूर्ण सड़क है। इस रास्ते से होकर बड़ी संख्या में गाँव के लोग शव यात्रा लेकर श्मसान घाट तक की यात्रा करते है।नगर पंचायत के लोगों का कहना है की सड़क की बदहाली के कारण तीन महीने से इस रास्ते से शव यात्रा निकालना लोग बन्द कर दिये हैं। उक्त सड़क पर सड़क किनारे के लोगों द्वारा जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण किया गया है जिससे सड़क संकरा होकर रह गया है तथा दो वाहनों के आमने सामने आ जाने पर अक्सर उक्त सड़क पर जाम लग जाता है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर स्थानीय विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने बताया कि जल्द ही उक्त सड़क का कायाकल्प होगा तथा यात्रियों की परेशानियों को दूर कर दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी श्री अमन समीर की अध्यक्षता में गुरुवार संध्या में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022 से 2024 के सड़क दुर्घटना के मामलों के विश्लेषण में ओवर स्पीडिंग दुर्घटना का मुख्य कारण पाया गया है। इसके बाद गलत दिशा में वाहन चलाना एक मुख्य कारण है। जिला में चिन्हित 11 ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय उच्च पथ पर अवस्थित हैं। इन सभी जगहों पर स्पीड लिमिट, क्रॉस बैरियर एवं अन्य उपयुक्त साइनबोर्ड लगाने का निदेश संबंधित उच्च पथ के अभियंता को दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी मुख्य सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्रवाई का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने हेलमेट के उपयोग एवं ट्रिप्पल लोडिंग चलाने वाले दो पहिया वाहनों के विरूद्ध लगातार चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निदेश दिया। मुख्य सड़कों के किनारे अवैध रूप से ट्रक लगाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी थाना प्रभारी को दिया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि हिट एंड रन के 496 मामलों में मुआवजे के भुगतान हेतु 290 आवेदन ही अद्यतन प्राप्त हुये हैं। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारी को हिट एंड रन के सभी मामलों में निहित प्रक्रिया के तहत मुआवजे के भुगतान हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ससमय आवेदन भेजना सुनिश्चित करें ताकि मुआवजे के भुगतान हेतु कार्रवाई की जा सके।

## सारण के गौरवशाली इतिहास पर आयोजित हुआ व्याख्यान




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज, छपरा के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सारण के गौरवशाली इतिहास पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. सरोज कुमार सिंह थे। प्राचार्य ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सारण इतिहास जानना सभी के लिए आवश्यक है क्योंकि अपने यहाँ के संस्कृति की पहचान सभी को होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. सरोज कुमार सिंह ने सारण के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सारण की विरासत और संस्कृति काफी पुरातन और समृद्ध रही है । मुख्य वक्ता ने सारण ज़िला के सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में बताया। प्रारंभ में उन्होंने सारण के पौराणिक महत्व को बताते हुए कहा कि दानी मौर्यध्वज, आमी शक्तिपीठ, हरिहरनाथ, गौतम स्थान, दधीचि आदि का पौराणिक महत्व को जानने की जरूरत है ।
चिरांद में नवपाषाण युग और ताम्र युग के समय का अवशेष मिला है, जो इसके इतिहास को पुरातन और समृद्ध बनाता है। उन्होंने आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के बारे में बताया। उन्होंने फतेह बहादुर साही, महेंद्र मिश्र, राहुल संकृतायायन, छट्ठू गिरी, नारायण सिंह, बहुरिया राम, भिखारी ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, जय प्रकाश नारायण, मालखाचक के क्रांतिकारी आदि के बारे में बताया। मंच संचालन डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेश रंजन ने किया। कार्यक्रम में प्रो. एन पी वर्मा, प्रो. विधान चंद्र भारती, डॉ. श्वेता गुप्ता, डॉ. रजनीश यादव, डॉ. सोमनाथ घोष, डॉ. विशाल कुमार सिंह, डॉ. ऐमान रियाज, भावेश कुमार, जुगनू आरा आदि समेत कई छात्र उपस्थित थे ।

## दुर्गापूजा को ले महापौर ने की हेल्थ विभाग के साथ बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । शुक्रवार को महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दशहरा पर्व को देखते हुए सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य टीम के साथ बैठक आयोजित की गई कजिसमें शहर में दशहरा पूजा को देखते हुए सभी जगहों पर दुर्गा पूजा पंडाल के पास स्वास्थ्य टीम द्वारा हेल्थ की सुविधा कराने हेतु महापौर द्वारा आदेश दिया गया क
बाढ़ आने के बाद मच्छर का प्रकोप बढ़ जाने से डेंगू का केश ज्यादा मिल रहा है, इसके लिए नगर निगम टीम एवं स्वास्थ्य विभाग टीम मिलकर एंटीलार्वा केमिकल का छिड़काव एवं फॉगिंग की व्यवस्था की जा रही है कमहापौर द्वारा स्वास्थ्य टीम को पूजा पंडाल म्युनिसिपल चौक, सभी चौक- चौराहो पर मोबाईल एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य टीम हेल्थ कैंप लगाकर श्रद्धांलुओं को स्वास्थ्य से सम्बंधित ख्याल रखेगा '
लोगों के बीच जागरूकता कराने को लेकर डीपीएम हेल्थ के द्वारा कैंपेन भी कराया जाएगा, ताकि एंटीलार्वा मच्छर के प्रकोप को कम किया जा सके क इसके लिए सभी टीम काम कर रही है कउन्होंने कहा कि जिंगल गाना के माध्यम से डेंगू के का प्रचार -प्रसार के लिए नगर निगम के कचरा उठाव वाहन पर ये गाना बजाया जायेगा, और उसका अनुश्रवण स्वच्छता पदाधिकारी के द्वारा किया जायेगा कशहर मे बाढ़ का आ जाने से शहर के लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। नगर प्रशासन के द्वारा फॉगिंग आदि की जा रही है।

## त्योहारों के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बानाये रखने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक




- सभी प्रतिमा/विसर्जन शोभा यात्रा के लिये लाइसेन्स की अनिवार्यता, रोशनी, साफ-सफाई, स्थानीय शांति समिति की बैठक करने को लेकर दिया गया महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने गुरुवार संध्या में दुगार्पूजा एवं आगामी अन्य त्यौहारों के अवसर पर विधि व्यवस्था सामान्य बानाये रखने को लेकर बैठक किया।

दुर्गा पूजा के संदर्भ में बताया गया कि सभी प्रतिमा/विसर्जन यात्रा के लिये लाइसेन्स की अनिवार्यता को सुनिश्चित किया जाना है।सभी थाना/प्रखंड/अनुमंडल स्तर पर सभी स्थानीय पूजा समिति /आयोजकों के साथ तत्काल बैठक कर सभी आवश्यक दिशानिर्देशों से अवगत कराने को कहा गया।

साथ ही स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

कार्यपलाक अभियंता विद्युत आपूर्त्ति को सभी आवश्यक जगहों पर बिजली के जर्जर तारों की मरम्मती सुनिश्चित करने को कहा गया। साफ सफाई को लेकर नगर निगम एवं अन्य सभी नगर निकायों को स्पष्ट निदेश दिया गया।

पुलिस उपाधीक्षक यातायात को पूजा के अवसर पर छपरा शहर के लिये स्पष्ट ट्रैफिक प्लान तैयार कर इसकी पूर्व जानकारी देने को कहा गया।

शहरी क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सभी नगर निकायों को दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेन रोड एवं रेलवे लाइन के किनारे स्थित आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।

प्रतिमा विसर्जन सीधे नदियों में नहीं किया जाना है। इसके लिए नदियों के किनारे आवश्यकतानुसार कृत्रिम जलाशयों का निर्माण करने को कहा गया। विसर्जन हेतु चिन्हित सभी घाटों पर आपदा प्रबंधन के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश सभी अनुमंडल पदाधिकारियों/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। उपयुक्त मामलों में सीसीए के तहत कार्रवाई हेतु भी प्रस्ताव भेजने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी,थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

## अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर नकेल कसना पुलिस की पहली प्राथमिकता: पुलिस कप्तान

- एसपी ने तीन कांडो पर मीडिया से बात कर दी विस्तृत जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' सारण के पुलिस कप्तान कुमार आशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर एक साथ तीन कांडों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारण पुलिस प्रशासन अपराधिक घटनाओं को रोकने के प्रति गंभीर है ' पुलिस कप्तान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि खैरा थाना अंतर्गत रामपुर मठिया के पास अपनी सौतेली मां को दो बेटियों द्वारा इट से कुचलकर मार डालने का मामला प्रकाश में आया है ' मृतक महिला का शव रामपुर मठिया के पास लावारिस हालत में पाया गया है ' मृतक महिला के मोबाइल से पुलिस अधीक्षक को फोन कर गुमराह करने की कोशिश भी कोशिश की गई ' प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी ने यह भी कहा कि इस मामले में प्रियांशु कुमार, पिता सुधीर कुमार सिंह, ग्राम रामनगर चौखरा, थाना कोपा, जिला सारण के लिखित आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए नामजद अभियुक्त निशा कुमारी एवं उसकी बहन रो
रौशनी कुमारी, पिता उमेश सिंह, ग्राम गगोली, थाना मशरक, जिला सारण एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध मृतिका पिंकी देवी की हत्या करने के आरोप में आरोपित किया गया है ' उन्होंने कहा कि अनुसंधान के क्रम में नामजद अभियुक्त निशा कुमारी एवं रौशनी कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया है ' तथा उनके निशान देही पर खून लगा इट तथा अभियुक्तों के खून लगे वस्त्र को भी जप्त कर लिया गया है, साथ ही इस हत्याकांड में संलिप्त अन्य अभियुक्त के विरुद्ध अनुसंधान जारी है ' प्रेस मीडिया को सम्बोधित करते हुए रिविलगंज थाना काण्ड संख्या 286/24 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दो महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में एसपी ने कहा कि इस घटना में गुलशन खातून नामक महिला की मौत हो गई, जबकि शायबा खातून का इलाज पीएमसीएच में चल रहा है ' एसपी ने कहा कि अनुसंधान के क्रम में इस घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है ' शायबा खातून ने अपने व्यान में मृतिका के पति पर हत्या करने को लेकर पूर्व में धमकी देने का भी आरोप लगा रही है, इस कांड का अनुसंधान जारी है ' उन्होंने कहा कि इस घटना में मृतक महिला गुलशन खातून,पिता बदरे आलम, ग्राम सिरसिया थाना रिविलगंज तथा गंभीर रूप से घायल शायबा खातून, पिता शौकत अली, ग्राम टेकनीवास,थाना रिविलगंज, जिला सारण के रूप में पहचान की गई है ' सारण के पुलिस कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीसरा कांड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शहर के एक पब्लिक स्कूल में नाबालिक बच्ची के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया ' इस कांड का अनुसंधान के क्रम में नामजद अभियुक्त पप्पू कुमार ऊर्फ शिवमोहन सिंह,पिता रमाशंकर सिंह, ग्राम कोठिया, थाना जलालपुर, जिला सारण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

## संक्षिप्त खबरें

### अतिक्रमण हटने के उपरांत दो पक्षों में मारपीट

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज । थाना क्षेत्र अंतर्गत जमोढ़ी गांव में अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उक्त गांव में अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारी की देखरेख में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। बताया जाता है कि जैसे ही अतिक्रमण हटाकर उक्त स्थल से अधिकारी वापस लौटे तो अतिक्रमण स्थल पर ही दो पक्ष आपस में भीड़ गए। जिस दौरान दोनों पक्षों से आंशिक रूप से लोग चोटिल हो गए। जिस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा मारपीट के मामले में एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है । श्री कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर कांड दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मारपीट के मामले में द्वितीय पक्ष से वीरबल राम , बाल्मिकी राम , संतोष राम और विशाल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के बाराडीह पंचायत अंतर्गत जोरावरपुर गांव के मुख्य गली में किया गया अतिक्रमण को सीओ डॉ रितेश कुमार ने हटवा दिया । सीओ ने बताया कि जोरावरपुर गांव में मुख्य गली में काफी दिनों से दरोगा पासवान ने अतिक्रमण कर रखा था । अतिक्रमण हटाने की लगातार नोटिस दी गई लेकिन अतिक्रमणकारी लगातार अनसुना करता रहा । अतिक्रमण हटाने की नोटिस देने के बाद भी कोई जवाब नही मिला और अतिक्रमण नही हटायी गई । मुख्य गली में अतिक्रमण से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा था । गांव के लोग अतिक्रमण से परेशान थे लगातार अतिक्रमण हटाने की कई माह से मांग करते आ रहे है । बताया गया कि जोरावरपुर गांव में जैसे ही पुलिस बल जेसीबी के साथ पहुंची तो अतिक्रमण करने वालों ने अतिक्रमण नहीं हटाने का भरपूर प्रयास किया । पुलिस बल के साथ व जेसीबी को रोकने का भी भरपूर प्रयास किया लेकिन पुलिस बल ने प्रशासन की मदत कर अतिक्रमण को हटा दिया ।

### चोरी की बैट्री साथ एक आरोपी किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ(रोहतास) : पुलिस ने चोरी के बैट्री साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार । जानकारी देते हुए सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्यपुरा निवासी सतेंद्र कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी का एक बैट्री भी बरामद किया गया है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 287/24 के आलोक में चोरी करने का मामला दर्ज था ।

### वारंटी को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) : पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा निवासी वीरेंद्र राम को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सासाराम व्यवहार न्यायालय से पुराने केस के मामले में वारंट निर्गत था । श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### युवा कलाकृति महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) बिहार जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिलास्तरीय कला,संस्कृति एवं युवा विभाग का युवा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार शुक्रवार को मल्टीपर्पस हॉल फजलगंज में किया गया। जिसका उद्घाटन डीएम उदिता सिंह के कर कमलों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त,अपर समाहार्ता सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता एवं जिला के अन्य पदाधिकारी मौजुद रहे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में 13 विधाओं में लगभग 150 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता की है। प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए कला, संस्कृति एव युवा विभाग, बिहार के निर्देशानुसार भेजा जाएगा।

# डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी भोजपेक्स 2024 का भव्य शुभारंभ

## दो दिवसीय प्रदर्शनी आरा के ग्रान्ड रीगल रिसोर्ट में हुआ शुरू

प्रातः किरण संवाददाता




भोजपुर। दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी (फिलाटेली) इलडखढए 2024 का भव्य शुभारम्भ 27 सितम्बर को ग्रान्ड रीगल रिसोर्ट में किया गयो इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो० (डा०) शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, कुलपति, वी०के०एस०यु० ने किया` अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएँ बिहार सर्किल, प्रो० (डा०) रणविजय कुमार, कुलसचिव वी०के०एस०यु० और आरा शहर की मेयर इंदु देवी उपस्थित थे` स्वागत गान के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत बी०डी०पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया` अपने स्वागत भाषण में डाक अधीक्षक पवन कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रदर्शनी में दुर्लभ से दुर्लभ डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया है जो आमतौर समान्य रूप से कहीं देखने को नहीं मिलती है` इस प्रदर्शनी के माध्यम से डाक टिकटों से संबंधित गौरवशाली इतिहास को जनमानस तक पहुँचाना ही इसका प्रयास है` प्रदर्शनी में एतिहासिक धरोहरों, प्रसिद्ध शख्सियतों, एतिहासिक घटनाओं, कला एवं संस्कृति जगत आदि पर आधारित डाक टिकटों का संग्रह शामिल किया गया है `` इसमें प्रदेश एवं देश स्तर के ख्याति प्राप्त फिलाटेलिस्टों के संग्रह शामिल किये गए है` अपने संबोधन में कुलपति महोदय ने डाक विभाग के ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर आजादी के बाद के इतिहास को बताते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला` उन्होंने ग्रामीण डाकघर के डाकिया के विशेष पहचान की चर्चा करते हुए अपने कार्य क्षेत्र में दायित्व निर्वहन में उनकी काफी प्रशंसा की` कुलसचिव ने मशहूर गाने चिठ्ठी आयी है को याद करते हुए सात समुन्दर पार भी संवाद पहुँचाने में पोस्ट ऑफिस की भूमिका की तारीफ की` उन्होंने आगे कहा कि आज के परिवेश में कई वित्तीय संस्थाएं काम कर रही है लेकिन आज भी आम जनता पोस्ट ऑफिस पर ही भरोसा करती है` डाक निदेशक पवन कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि वर्त्तमान में पोस्ट ऑफिस 100 से भी ज्यादा सेवाएँ आम जनता को प्रदान कर रहा है` जनता का विश्वास पोस्ट ऑफिस पर आज भी बरकरार है और ये विभाग अपनी सेवाएँ लगातार जनता को देता रहेगा` समारोह में महान गणितज्ञ वशिष्ट नारायण सिंह के उपर एक विशेष आवरण निदेशक महोदय द्वारा जारी किया गया` दो दिवसीय चलनेवाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिन स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए सीनियर एवं जूनियर क्षेणीयों में अलग-अलग पत्र-लेखन एवं स्टाम्प डिजाईन प्रतियोगितायें भी आयोजित की गई` पत्र-लेखन की कला के प्रति युवाओं एवं बच्चों में प्रेम और इससे जुड़ाव बनाये रखने के उदेश्य से इस प्रदर्शनी में ह्रढाई आखर पत्र लेखनह्न प्रतियोगिता कराई गई जो एक अखिल भारतीय स्तर पर 14 सितंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित हो रही है` इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कैमूर गाँधी के नाम से प्रचलित सुरेन्द्र रस्तोगी एवं बा के नाम से प्रचलित अनुराधा रस्तोगी द्वारा बापू एवं बा की भूमिका रही जिसमें उन्होंने उनका जीवंत चित्रण किया` स्वछता की महत्ता को दशार्ते हुए एक झांकी भी इनके माध्यम से प्रस्तुत की गई जिसमें डाक अधीक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने झाडु लगाकर स्वच्छता के सन्देश को फैलाया ` इस कार्यक्रम में लगभग 500 स्कूली बच्चें, भारी संख्या में आम जनता एवं डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे`

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) शुक्रवार को नोखा थाना परिसर में आगामी दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ मकसूदन चौरसिया विडियो अतुल गुप्ता थानाध्यक्ष, दिनेश कुमार मालाकार सहित पूजा समिति सदस्य व। सभापति राधेश्याम सिंह उपसभापति धनजी सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, मनोज चंदेल, मुखिया दयानंद सिंह रंजित पासवान वार्ड पार्षद सदस्य मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ आफताब आलम, राकेश कुमार, गांधी चौधरी, रमेश चौहान शामिल हुए। बैठक आगामी होने वाली दुर्गापूजा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि पूजा दौरान सरकार द्वारा जारी सभी गाइड लाइन व दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उक्त दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा और लाइसेंस पर निर्धारित रूटों पर ही ससमय जुलूस का आयोजन करना होगा। पूजा को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की भी अपील की गई। पूजा में किसी तरह का अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों से कड़ाई से निपटा जाएग। इसके लिए पुलिस अभी से ही सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर रही है ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। वहीं पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों ने भी अपना अपना सुझाव दिया। मौके पर अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा:बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर विश्व पर्यटन दिवस दिनांक 27 सितंबर, 2024 के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के तत्वाधान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बाबू वीर कुंवर सिंह के किला में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के योजना से होने वाले लाभ से अवगत कराने एवं आमजन, कमजोर एवं पिछड़े तथा जरूरतमंद लोगों को विधिक रुप से जागरूक करते हुए हैंड बिल का वितरण किया गया। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव द्वारा बताया गया कि भोजपुर जिले में जगदीशपुर अनुमंडल में स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह के किला एवं वहां स्थित संग्रहालय को देखने लोग देश के कोने कोने से आते हैं और यह भोजपुर वासियों के लिए पर्यटन की दृष्टि से काफी अच्छा है। बाबू वीर कुंवर सिंह द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान को हमें भूलना नहीं चाहिए। आगे उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्यालय से एक पैनल अधिवक्ता कृष्ण गोपाल मिश्रा के साथ पारा विधिक स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार एवं मनोज कुमार ओझा की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

## काराकाट क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा रहूंगा दिल से समर्पित : उपेंद्र कुशवाहा

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के तेंदुनी चौक पर काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में एनडीए कार्यकताओं ने राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा का भव्य स्वागत किया।

उनके आगमन पर पूरा तेंदुनी चौक ढोल- नगाड़े बाजे से गूंजता रहा। जहां सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक और एनडीए कार्यकर्ता उनके उपर फूलों की बौछार व माला पहना नारों के साथ उनका स्वागत किया। मौके पर उपेंद्र कुशवाहा ने लोगों सहित कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि काराकाट क्षेत्र की जनता से हमेशा मुझे स्नेह सम्मान मिलता रहा है। जो बिहार में होने वाली आगामी 2025 में विधानसभा चुनाव में अबकी बार एनडीए की सरकार 200 सीटों के लक्ष्य को पार करेगी।

जहां एनडीए गठबंधन की सरकार के आगे सभी विपक्षी दलों की पार्टियां चारों खाने चित हो जायेगी। जो अबकी बार एनडीए के नेतृत्व में बिहार सरकार का बनना तय है। क्योंकि एनडीए की एक ही सोच है की बिहार एक नई शिखर पर पहुंच एक नया इतिहास लिखे। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व बिहार में विकास की रफ्तार के साथ सबका साथ-सबका विकास का सपना पूरा हो सके। वही अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने कहा कि राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा एनडीए गठबंधन के एक जुझारू नेता है। जो बिहार में एनडीए गठबंधन को एक नई मजबूती देने में लगें है। मौके पर प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह, वीरबहादुर सिंह,उमाशंकर सिंह,विजय कुमार सिंह,दिनेश कुमार,अनिल सिंह,अरविंद सिंह,बलवंत सिंह, पूर्व मुखिया बसंत चौधरी, रमेश कुमार, शशिभूषण प्रसाद,रंजीत चौधरी,विवेक कुशवाहा,अभय कुमार सिंह,मंटू कुमार चौधरी,रोहित कुमार तिवारी,परवेज खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## स्मार्ट मीटर पर लगे प्रतिबंध, गरीबों का खून चूसने वाला है मीटर : सुदामा प्रसाद

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जगदीशपुर के मोहम्द मुस्तफा का 18 माह का बिजली बिल 35 लाख आया था जिसे सुधार कर 17 सौ किया गया। प्रत्येक दिन 9527 बढ़ रहा था बिल जबकि उपभोक्ता पिछ्ले 1 साल साल बिजली इस्तेमाल ही नही कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट मीटर के खिलाफ संघर्षों के जीत है। इसके खिलाफ मानसून सत्र मेरे द्वारा उठाया गया सवाल , कई दौर में अधिकारियों से वार्ता करने और भाकपा माले द्वारा 13 अगस्त सहित लगतार जनांदोलन किया गया। तब जाकर स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी सामने आई। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि तत्काल सरकार को चाहिए कि स्मार्ट मीटर लगाना बंद करे और जनता के पैसों को कॉरपोरेट घराने को देना बंद हो। जगदीशपुर के मोहम्द मुस्तफा के परिवार में खुशी की लहर है, इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। पूरा परिवार सासंद सुदामा प्रसाद और भाकपा माले के प्रति आभार व्यक्त कर रहें हैं।

## सफलता : बीएएमएस डिग्री में गोल्ड मेडल प्राप्त कर दुर्गेश ने लहराया परचम

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) तिलौथू निवासी आरपीएफ एसआई सेवानिवृत स्व. ब्रजेश तिवारी के पुत्र दुर्गेश तिवारी को बीएएमएस डिग्री में गोल्ड मेडल मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। जो जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया में बीएएमएस के विद्यार्थी रहे। बताया जाता है कि तिलौथू प्रखंड प्रतिभावान युवाओं का धनी क्षेत्र है। यहां के युवा हर क्षेत्र में अपना योगदान अव्वल होकर पूरे भारत में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। वही छठे कन्वर्सेशन प्रोग्राम में जेएनसीयू बलिया के द्वारा दुर्गेश को गोल्ड मेडल महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पुरस्कार स्वरूप भेट किया। इसके मिलते ही उसने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए परिजनों सहित सबका आभार जताया। उसने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जेम्स विद्यालय सिकारिया से प्रारंभ करते हुए बनारस में इंटरमीडिएट के बाद फिजियोथेरेपी का कोर्स किया और अब बहुत ही अच्छे आयुर्वेदा डॉक्टर के रूप में सेवा भी कर रहे हैं। इनकी सफलता पर तिलौथू मुखिया पुनीता द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता छोटी ओझा, सत्यानंद कुमार, बलीराम यादव, रविंद्र दुबे, डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही, आनंद द्विवेदी, जंगलेश चौरसिया, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम, हंसराज कुमार, उपमुखिया अमित गुप्ता, अजीत गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

## बाढ़ से प्रभावित लगभग 300 परिवारों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने किया राहत सामग्री वितरित



प्रातः किरण संवाददाता

आरा :भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के मौजमपुर गांव में बाढ़ भी विभिषिका से प्रभावित लगभग 300 परिवारों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं कंचन शल्य निकेतन कतीरा आरा के संयुक्त तत्वावधान में राहत सामग्री का वितरण किया गया। राहत सामग्री में तरपॉलिन शीट, बाल्टी,मग, बर्तन, चूड़ा, गुड़,बिस्कुट ,सतु, दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्री- साबुन, तेल ,ब्रश, पेस्ट,सेनेटरी नैपकिन, आदि वितरित किए गए ।आज के कार्यक्र कार्यक्रम में राज भवन के प्रतिनिधि श्री रोहित कुमार की गरिमामय में उपस्थिति रही। राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ पी सिंह सर्जन कंचन शल्य निकेतन एवं डॉ विभा कुमारी सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी भोजपुर जिला इकाई ने किया। राहत सामग्री वितरण के आज के कार्यक्रम में संरक्षक श्री हरेंद्र प्रसाद सिंह, संरक्षक सह कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा ,डॉक्टर जितेंद्र शुक्ल एंव श्री विजय मेहता का विशेष सहयोग रहा। रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर के स्वयंसेवक प्रभात मिश्रा, मनोज शाह, अमोद कुमार ,राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार एवं कंचन शल्य निकेतन के कृष्णा सिंह एवं अन्य स्टाफ के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर देव वल्लभ सिंह अधिवक्ता तथा उनके सहयोगियों ने राहत सामग्री बांटने में बाढ़ प्रभावित लोगों को चिन्हित कर सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर राजमोहन प्रतिनिधि रोहित कुमार ने कहा कि महामहिम राज्य स्तर पर रेट को समिति के प्रेसिडेंट होते हैं । यद्यपि जिला स्तर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की शाखाएं अपने स्तर से आपदा प्रभावित लोगों की मदद कर रही है फिर भी हमारी कोशिश है कि राज भवन के द्वारा पूरे बिहार में राज्य शाखा के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों को हर संभव सहयोग पहुंचा जा सके। डॉ पी सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी पीड़ित मानवता की सेवा हर संभव करती रहती है मैं इसका एक सक्रिय और वरिष्ठ सदस्य भी हूं और कंचन शल्य निकेतन नर्सिंग होम के द्वारा भी पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया गया है इसलिए जरूरत पड़ने पर स्वयं भी और रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में भी हम सभी अपने जिले में आए हुए आपदाओं का मिलजुल कर सामना करने का प्रयास करते हैं। रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी ने बताया कि जिले के लोगों का बाढ़ के कारण नुकसान बहुत ज्यादा हुआ है हम पूर्ण रूप से इसकी पूर्ति तो नहीं कर सकेंगे फिर भी पानी जैसे-जैसे उतरेगा सुदूर इलाकों में भी जाकर ऐसे परिवारों को चिन्हित कर जिनका सब कुछ बाढ़ में खत्म हो चुका है उनको मदद करने की कोशिश होगी ताकि वह फिर से सामान्य जीवन को जी सके।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एनीमिया मुक्त हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन



● छात्राओं को दी गई एनीमिया की जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद बिक्रमगंज स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को हेल्थ कैंप टी-3 कार्यक्रम का हुआ आयोजन। जिसमें विद्यालय के वर्ग 6 से 8 तक की सभी छात्राएं व वार्डन सहित कर्मियों ने भाग लिया। जिसका शुभारंभ आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कृष्ण कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए उन्होंने बताया कि किशोरियों में एनीमिया रोग की जांच क्यों जरूरी है। साथ ही इसके लक्षण और बचाव क्या है। जबकि इस पर चर्चा करते हुए पीरामल फाउंडेशन प्रोग्राम लीडर कुश कुमार ने बताया कि आज पूरे राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की स्थिति बहुत ही चिंताजनक होती जा रही है। जिसके कारण उनका मानसिक व शारीरिक विकास की वृद्धि में कमी हो रही है। जिसको दूर करने के लिए किशोरियों को अपने भोजनयुक्त आहार में आयरन एवं प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का नियमित रूप प्रयोग करना चाहिए। जिस कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा आयरन युक्त दवा भी दी जा रही है। ताकि उसके खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बनी रहे। इस अवसर पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने छात्राओं को संबोधित कर बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। मौके पर आयुष चिकित्सक कृष्ण कुमार पांडे, आरबीएस टीम सदस्य संत राज, प्रभावती कुमारी, फार्मासिस्ट प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अनीश नारायण, पिरामल प्रोग्राम लीडर कुश कुमार, कस्तूरबा विद्यालय वार्डन सुलक्षणा कुमारी, शिक्षिका अमृता कुमारी ज्योति,शीला कुमारी, विजया आदि थे।

## लक्ष्मणपुर में रामबाबु चंद्रवंशी की हत्या की निन्दा, हत्यारों की हो गिरफ्तारी :क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी व आरा सदर प्रखंड कमिटी सदस्य उपेन्द्र पाल ने एक संयुक्त ब्यान जारी कर बतलाए कि आरा मु.थाना के लक्ष्मणपुर मे अपराधियों ने रात मे रामबाबु प्रसाद चंद्रवंशी की नृशंस हत्या कर दी.सूचना मिलते ही भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी व आरा सदर प्रखंड कमिटी सदस्य उपेन्द्र पाल तथा कुंदन कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिए तथा इस हत्या कांड पर दुख प्रकट करते हुए गहरी संवेदना प्रकट की तथा पुलिस पदाधिकारी से रामबाबु प्रसाद चंद्रवंशी के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की.भाकपा माले नेताओं ने नीतिश भाजपा राज मे बढ़ते अपराध पर रोश प्रकट की.पुलिस प्रशासन ने लोगों के गुस्से को देखते हुए 24 घंटे मे अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया. भाकपा माले नेताओं ने रामबाबु प्रसाद के आश्रृतों को 5 लाख मुआवजा की भी मांग की.और उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की.

## 76 वर्ष बाद भी आरक्षण से वंचित है समाज

कैमूर । देश को आजाद हुए 76 वर्ष हो गए फिर भी देश में गरीबी का उन्मूलन नहीं हुआ । इसके पीछे की वजह जाने वगैर आरक्षण के विवाद को बेवजह तूल देने का सिलसिला आज भी जारी है। यदि 1947 से ही केवल गरीबी पर फोकस करके सचमुच आरक्षण को लागू किया गया होता तो गरीबी नाम की चिड़िया कही भी दिखाई नहीं देती। आरक्षण में क्रिमी लेयर को लागू करना अति आवश्यक है ।

# स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय द्वारा बाल संसद का किया गया मंचन

● बाल संसद के उद्घाटन पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया

प्रातः किरण संवाददाता




आरा, स्थानीय ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय द्वारा बाल संसद का मंचन जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज परिसर में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि स्वरूप पधारे संसदीय कार्य प्रणाली की व्यवहारिकता की परख रखने वाले पूर्व सांसद सह केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह. ने इस प्रकार के कुशल मंच की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जिस प्रकार विद्यालय परिवार ने मेहनत करके इस परिदृश्य को यहां उतारा है यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है। पूरा विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र हैं।

भाई बर्मेश्वर ने अपने उदगार में कहा कि आज जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के परिसर में ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जिस प्रकार संसद भवन का प्रारूप तैयार किया गया है इसे देखकर साक्षात ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हम सभी सदन की गरिमामई वातावरण में बैठे हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि यहां केवल राष्ट्र और विद्यालय के विकास के बारे में ही चचाएं हुई है यह एक अत्यंत सराहनीय कदम है।

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद योजना के तहत विद्यालय के वर्ग 8, 9, 10 के छात्र छात्राओं द्वारा बाल संसद का मंचीय आयोजन किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के भविष्य, कर्णधार छात्र-छात्राओं को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र राष्ट्र ह्यभारतह्न के संसदीय प्रक्रिया और लोकतांत्रिक परंपराओं से परिचित कराना है। इस मंच पर राजनीतिक सुधार, संसदीय गतिविधियों, शिक्षा, रोजगार और नीति निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

मंच संचालन कर रहे सिद्ध बिजय जैन ने बताया कि ज्ञान ज्योति के विद्यार्थियों द्वारा संसद भवन का जो दृश्य प्रस्तुत किया गया, उसे देखकर उपस्थित अतिथियों को साक्षात संसद भवन में बैठने का अनुभुति प्राप्त हुई। श्री सिद्ध ने बताया कि इस आयोजन की सफलता के लिए जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के बीबीए, एमबीए, बीसीए के विद्यार्थियों द्वारा अत्यन्त उत्सुकता के साथ तैयारी की गई है।

इस बाल संसद में स्पीकर की भूमिका आस्था सिंह ने बखुबी निभाई। साथ ही विभिन्न संसद सदस्य में हरिओमजी प्रधान मंत्री, सिमरन कुमारी गृह मंत्री, श्रेष्ठ वर्धन वित्त मंत्री, असिता आर्या विदेश मंत्री, अंजली कुमारी रक्षा मंत्री, स्वाती सिंह रक्षा मंत्री, रौशन कुमार युवा एवं खेल मंत्रालय, आदित्य राज पाठक संसदीय कार्य, अक्षिता विधि एवं न्याय, रीधिमा सिंह अल्पसंख्यक, राहुल यादव कोयला, साक्षी तिवारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रिंस कुमार पाण्डेय कृषि मंत्री, प्रिंस कुमार सिंह सूचना एवं ब्रॉडकास्ट मंत्री के रूप में बखुबी भूमिका निभाई। साथ ही मो. हमादुल्ला हक नए मंत्री के रूप में, कृष्णा नरसरिया, आस्था तिवारी और आदित्य राज ने नए संसद सदस्य के तौर पर और अर्पिता सिंह एवं वैष्णवी वात्स ने सरकार सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई। संसद भवन में विपक्ष के नेता की भूमिका में शिवम कुमार गुप्ता दिखे और विपक्षी दल के सदस्यों में आर्यन भारद्वाज, रीशिता सिंह, रोशनी पाण्डेय, रूतिका कुमारी, श्रेया कुमारी, रिया सिंह, आदित्य कुमार, आद्या कुमारी, उत्कर्ष, अनन्या सिंह, आकाश कुमार, सौम्या कुमारी, आदित्य तिवारी, वैदेही त्रिपाठी, साक्षी कुमारी, आयुष कुमार सिंह, यालिनी यावेद, अनिवेष राज ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया। भारत गणराज्य के संसद सत्र का हिस्सा बनने और यहां के संसदीय कार्यप्रणाली को देखने के लिए आयुष कुमार सिंह एवं भव्या तिवारी विदेशी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। संसद सदस्यों के अतिरिक्त संसदीय कार्य में सहयोग करने वाले पदों के लिए प्रियांशु कुमार पाण्डेय मार्शल, प्रीति सोनी प्रधान सचिव, हर्ष सिंह एवं सत्यम कुमार सचिव, भव्या श्री और मयंक कुमार मीडिया प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत हुई मैराथन दौड़

### रंगोली पेन्टिंग व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा:जिला गंगा समिति भोजपुर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जिलाधिकारी महोदय के अध्यक्षता में किया गया किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मैराथन , रंगोली पेन्टिंग व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने मैराथन में भाग ले रहे युवाओं को हरी झंडी दिखाते कर रवाना किया, इस मौके पर नगर आयुक्त आरा , जिला गंगा समिति की नोडल अधिकारी , डीआरडीए के डायरेक्टर जिला परियोजना अधिकारी एवं कई अधिकारी उपस्थित रहे । जिला अधिकारी भोजपुर ने कहा की स्वच्छता एक सामूहिक मुहिम है अगर हम महात्मा गांधी के सपनों को साकार करना चाहते हैं तो हम सबको इस मुहिम में अपना समय देना होगा तभी जाकर यह जिला और यह देश स्वच्छता की नई परिभाषा लिख सकता है। वही रंगोली पेंटिंग एवं समान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एस बी महाविद्यालय आरा में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला ग्रामीण अभिकरण के निर्देशक, एस बी महाविद्यालय की प्राचार्य , प्रोफेसर सद्दाम हुसैन प्रोफेसर मिराज दानापुरी एवम जिला परियोजना अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में गंगा पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हर्षित और ग्रुप के द्वारा दिया गया वहीं सुभाष एंड ग्रुप के द्वारा आरा को स्वच्छ बनाएंगे संगीत की प्रस्तुति दी गई। रंगोली प्रतियोगिता में राजनंदनी ने प्रथम स्थान , अंजली कुमारी ने द्वितीय स्थान और सलोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्यांशी गुप्ता ने प्रथम स्थान ,मोनी कुमारी ने द्वितीय स्थान, और अंजली कुमारी ने तृतीय स्थान प्रदान किया।

एवम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अमरजीत कुमार ने प्रथम स्थान श्याम किशोर सिंह दूसरे स्थान और निखिल कुमार ने तीसरा स्थान प्रदान किया। यह सभी प्रतियोगिता स्वच्छता ही सेवा एवं निर्मल गंगा के थीम पर आधारित किया गया था।

## जीविका के वार्षिक आमसभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




बिक्रमगंज । शुक्रवार को सीएलएफ कार्यालय बिक्रमगंज में प्रगति जीविका महिला विकास का स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिक्रमगंज बीडीओ अमित प्रताप सिंह, बीसीओ नरेंद्र कुमार एवं प्रखंड प्रबंधक विजय कुमार चौधरी ,क्षेत्रीय समन्वयक प्रतीक राज रत्नम ने संयुक्त रूप से किया। इस आम सभा में भारी संख्या में महिलाओं के बीच वार्षिक का योजना आगामी बजट प्रस्तुत किया गया। साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सविता देवी, सचिव राबिया खातून ,कोषाध्यक्ष लक्ष्मीना देवी ने किया। मौके पर एमआरपी जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, आलोक कुमार ,अभिषेक कुमार, रविशंकर प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, अमित कुमार, कालिंदी कुमारी, अंजुला कुमारी उपस्थित थे।

# तीन अक्टूबर को गया जिला स्थापना दिवस समारोह को भव्य रुप में मनाने का निर्णय लिया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया। 03 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 160वॉ गया जिला स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त गया नवीन कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई है।जिला स्थापना दिवस के अवसर पर प्रातः 7:00 टावर चौक से शुरू होकर गांधी मैदान मंडप तक वॉक फॉर गया कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे जिले के पदाधिकारीगण, गण्यमान्य महानुभाव, स्कूली बच्चे सहित अन्य शामिल होंगे। उप विकास आयुक्त ने नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि गांधी मंडप के समीप वॉक फॉर गया में भाग लेने वाले व्यक्तियों, पदाधिकारियों के लिए पर्याप्त नींबू पानी एव बिस्किट की व्यवस्था रखें। इसके पहले सुबह 7:30 बजे गांधी मैदान परिसर एव खकु परिसरों में पौधरोपण किया जाएगा। यह दिन एक गया जिले के लिये ऐतिहासिक दिन है उसे देश से स्वच्छता का एक अच्छा मैसेज जिले को देना होगा, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संपूर्ण शहर की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएंगे तथा टावर चौक की रंगाई पुताई सुनिश्चित कराएंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस गया में 11:00 बजे पूर्वाहन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारी गण सिंबॉलिक रुप से रक्तदान शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे, जिससे आम लोग प्रेरित होकर रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगें।

जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने स्तर से स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार करते हुए प्रेषित करें।

जिला स्थापना दिवस के अवसर पर यातायात व्यवस्था तथा विधि व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।जिला स्थापना दिवस के अवसर पर गया जिला का नक्शा बनाते हुए उस पर 160 मोमबत्तियां जलाई जाएगी साथ ही रंगोली एवं केक कटिंग किया जाना है। इसके लिए उन्होंने डीपीएम जीविका तथा नजारथ उप समाहर्ता को आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देश दिए हैं। इस तिथि को और खूबसूरत बनाने के लिए सभी सरकारी कार्यालय के साथ-साथ गया जिले के सभी तमाम जिले वासियों से अपील किया है कि इस तिथि को विभिन्न टिमटिमाते रंगों वाली आकर्षक लाइट से अपने घरों,निजी कार्यालयों को सजाने के काम करे।इस बैठक में सिविल सर्जन, नगर आयुक्त, डीपीओ शिक्षा, आईसीडीएस, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सह सामान्य शाखा प्रभारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सेहत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गया व राजगीर में बुनकर संघ को स्थायी वस्त्र शॉप आवंटित किया जाए : गोपाल पटवा



प्रातः किरण संवाददाता

गया।विजय कुमार भारती , बुनकर विकास एवं शोध संस्थान नई दिल्ली के संयोजक सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बुनकर प्रकोष्ठ भाजपा अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलाने हेतु सीताकुंड पहुंचे और पिंडदान व तर्पण संपन्न हुआ। जय प्रकाश पांडेय द्वारा पिंडदान का कर्मकांड कराया गया है। इस मौके पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ सह सामाजिक कार्यकर्ता ने स्थानीय बुनकरों द्वारा उत्पादित वस्त्र के शिविर में अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया है। विजय भारती ने बताया कि बहुत जल्द बुनकर विश्वविद्यालय की नींव रखी जाएगी। पटवा ने कहा गया एयरपोर्ट , रेलवे स्टेशन , राजगीर , विष्णुपद कॉरिडोर एवं बोधगया कॉरिडोर में स्थाई रूप से लोकल फोर फोकल बुनकर शॉप आवंटित करने की मांग की है।

### प्रमुख व उप प्रमुख ने सांसद का किया अभिनंदन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।राजद नेता संसदीय दल राजद सह औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा को औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के रफीगंज विधानसभा अंतर्गत मदनपुर प्रखंड के सभागार में पंचायत समिति के बैठक में पहुंचने पर प्रखंड प्रमुख सोनी देवी ,प्रखंड उप प्रमुख अमृता देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किये है। और इस प्रखंड के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सांसद ने हर मदद का भरोसा दिलाया।

### आहर में डुबने से मौत, सांसद ने शोक-संवेदना व्यक्त की

प्रातः किरण संवाददात

गया । राजद नेता संसदीय दल के नेता सह औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने औरंगाबाद जिले के नवीनगर विधानसभा अंतर्गत बारुण प्रखंड के इटहट,में पांच बच्चो कि मौत आहर में डूबने से हो गया था । सांसद को घटना की जानकारी मिलने के उपरान्त इटहट गांव में पहुंच कर पीड़ित परिवारो से मिलकर कर दुःख व्यक्त किये है। इस दुःख घड़ी में मैं साथ हूं। इस दुःख की घड़ी में ईश्वर परिवार वालों को सहनशक्ति दे। ये पांचों बच्चे के आत्मा के शांति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

### डीएम ने किया कार्यालयों व शाखाओं का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। समाहरणालय परिसर में स्थित कार्यालयों / शाखाओं का जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा के औचक निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, जिला राजस्व शाखा, जिला आपदा प्रबंधन शाखा, जिला विधि शाखा, जिला पंचायत कार्यालय, सामान्य शाखा, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन का कार्यालय के साथ अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यालयों में बॉयोमैट्रिक अधिष्ठापन एवं साफ सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। जाँच के क्रम में पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया गया और सभी कर्मियों को कार्य शैली में सुधार करने हेतु निदेश दिए गए साथ ही बिना पूर्व सूचना के कार्यालयों से अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण पृच्छा हेतु निदेश दिया गया।

### केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड पटना में हिन्दी पखवाड़ा का समापन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ राजभाषा हिन्दी पर परिचर्चा हुई। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने बताया कि इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा अधिक से अधिक अनुप्रयोग करने एवं अपने आचरण में लाने हेतु विभिन्न प्रकार की आठ प्रतियोगिताएं (हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता, हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता (केवल अहिन्दी भाषी के लिए), हिन्दी प्रश्न मंच (केवल वाहन चालक एवं एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए), हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, तत्काल भाषण / विचार प्रतियोगिता तथा कविता-पाठ प्रतियोगिता) आयोजित की गईं।

# डीएम ने जनता दरबार मे 33 परिवादियों की सुनी फरियाद



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 33 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, अतिक्रमण, बंटवारा, मापी, मजदूरी, लाईसेंस, जन वितरण प्रणाली, आवास योजना, स्वच्छता कर्मी, दाखिल खारिज, विकलांगता प्रमाण पत्र, आईसीडीएस, बंदोबस्त विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। महेन्दिया थाना स्थित ग्राम मडैलापर निवासी रामध्यान सिंह द्वारा बताया गया कि मेरा पुत्र पुजा कुमार जो मानसिक रूप से विचलित है. विकलांगता प्रमाण पत्र की जरूरत है। चिकित्सीय जाँच करवाकर विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम धरनई निवासी कृष्णा चौधरी द्वारा बताया गया कि मेरे घर के उपर से 11 हजार वोल्ट के तार गुजरा है तथा छत की ढ़लाई का कार्य किया जाना है, जिससे किसी भी समय खतरा होने की संभावना बनी रहती है। बिजली की तार एवं पॉल हटवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम खुदरू बिगहा निवासी सोमरी देवी द्वारा बताया गया कि मुझे आवास योजना की सख्त जरूरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम अंकित है तथा मेरे स्थान पर दूसरे व्यक्ति को लाभ दे दिया गया है। मुझे आवास योजना से मिलने वाली राशि भुगतान करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशक डीआरडीए अरवल को स्थलीय निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। वंशी थाना स्थित ग्राम एकरौंजा निवासी भोला राउत द्वारा बताया गया कि मेरे प्लॉट की मापी अंचलाधिकारी वंशी द्वारा सही से नहीं कराई गई है। भूमि को सही मापी करवाकर चिन्हित करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी वंशी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। इसी क्रम में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार से संबंधित आज कुल 01 मामलों की सुनवाई हुई जिसमें 01 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

# हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर के ग्यारहवें दिन प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह की रचनाओं पर संवाद

प्रातः किरण संवाददात



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन शिक्षक,प्रसिद्ध ज्योतिर्विद, लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार औरंगाबाद में साक्षरता को धार देने वाले शिवनारायण सिंह के साहित्यिक आख्यानकों पर संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि पेशे से शिक्षक शिवनारायण सिंह औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध ज्योतिर्विद के रूप में जाने जाते हैं।ज्योतिष विद्या को घर-घर तक पहुंचाने वाले,औरंगाबाद जिले में साक्षरता अभियान को मूर्त रूप प्रदान करने वाले लेखक की रचनाएं खुशबू जैसे लोग, व्यवहारिक ज्योतिष औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों के रूप में जानी जाती है। खुशबू जैसे लोग जहां संस्मरणात्मक वृति है तो वही व्यावहारिक ज्योतिष में आम जन के लोगों के बीच ज्योतिष को किस तरह से लाया जाए उसका उन्होंने उल्लेख किया है संस्मरण साहित्य में उन्होंने औरंगाबाद जिले के महत्वपूर्ण राजनीतिक, साहित्यिक, सामाजिक हस्तियों के बारे में चर्चा की है उनके साथ बिताए पल उनकी यादों को संजोकर पाठकों के सामने परोसा है। शैक्षणिक कार्यकाल में जिला उद्घोषक के रूप में भी कार्य करते थे।वर्तमान में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संरक्षक मंडल सदस्य हैं।समकालीन जवाबदेही,शब्द के चितेरे पत्रिका को प्रकाशन कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के वरीय सदस्य हैं।औरंगाबाद जिले के लोग उन्हें प्यार से फेसबुक गुरु कहते हैं।आज भी साहित्यिक लेखन में तल्लीन हैं और प्रतिवर्ष कुछ न कुछ साहित्य को देते रहते हैं उनके कारण हिंदी भाषा का बहुत ही विकास हुआ है।लगभग 10000 जन्म कुंडली बनाकर उन्होंने एक रिकॉर्ड कायम किया है।

# इस माह चोथी बार न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्तागण

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में शोक सभा आयोजित किया गया जिसमें दिवंगत अधिवक्ता सुजाउल मुस्तफा खां उर्फ मिनू खां के आक्समिक निधन पर शोकसभा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। सर्वप्रथम उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए दो मिनट के मौन रखकर उनके आत्मा के शान्ति की प्रार्थना की गई तत्पश्चात सभी अधिवक्ताओं ने आज न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय किया। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व महासचिव नागेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव परशुराम सिंह, प्रदीप कुमार,क्षीतिज रंजन, सियाराम पांडे, परवेज अख्तर, नवीन कुमार, सुजीत कुमार सिंह, अफजल अहमद खां, अख्तर अली,मो शाहीद, रज्जी अहमद, पवन कुमार सिंह,रामप्रवेश ठाकुर, इम्तियाज अंसारी,राधेश्याम प्रसाद, अमित कुमार, अनील सिंह, प्रदीप सिंह, अमरेश कुमार,मंतोष कुमार, कुणाल कुमार,अम्बर सहित अन्य उपस्थित थे। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्तागण 02 सितम्बर को अधिवक्ता अमरदेव सिंह के मृत्यु , 07 सितम्बर अधिवक्ता मिथलेश कुमार सिन्हा के मृत्यु,18 सितम्बर को अधिवक्ता ब्रजबिहारी शर्मा के मृत्यु और आज 26 सितम्बर को अधिवक्ता मिनु खां के आक्समिक मृत्यु हो जाने पर अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ और मुवक्किलों को निराश वापस लोटना पड़ा।

# ईटहट एवं कुशहा में बच्चों के आकस्मिक मौत पर पृथ्वीराज ट्रस्ट ने शोक व्यक्त की

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जितिया पर्व के दिन बारुण प्रखंड के ईटहट गांव में चार एवं मदनपुर प्रखंड के कुशहा गांव में चार बच्चों के डूबने से हुई आकस्मिक मौत पर ट्रस्ट के सदस्यों ने द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि देते हुए सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह,उपाध्यक्ष प्रो ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,संयोजक जगदीश सिंह वरीय सदस्य जे एल एन कॉलेज डेहरी के प्राचार्य विजय कुमार सिंह,राम प्रवेश सिंह,समाजसेवी शैलेंद्र सिंह,जयंत प्रकाश,गोरखनाथ सिंह, रणजीत कुमार सिंह,उमेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि यह बहुत ही हृदय विदारक घटना है।पर्व के दिन इस तरह का घटना घट जाने से पूरा ट्रस्ट परिवार मर्माहत है और पीड़ित परिवार के साथ है सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा एवं आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। यह भी कहा गया कि पर्व त्योहार के समय अभिभावक लोग अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

# मन की बात कार्यक्रम को सुनकर, 100 नए सदस्यों को भाजपा में सदस्यता दिलाई

**भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई**

प्रातः किरण संवाददात

गया। भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए आज किसान मोर्चा कार्यालय में डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर, 100 नए सदस्यों को भाजपा में सदस्यता दिलाई जाए डॉ. मिश्रा ने बताया कि मन की बातहृ केवल एक संवाद नहीं बल्कि यह किसानों और जनता के बीच की दूरी को कम करने का एक माध्यम है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए किसानों की समस्याएं उनके विचार और सुझाव सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंचते हैं जिससे सरकार को नीतियों को जनहित में संशोधित करने का अवसर मिलता है। इस बैठक के दौरान डॉ. मिश्रा ने सभी उपस्थित सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने बूथ पर ह्लमन की बातह्व को सुनने का आयोजन करना चाहिए ताकि हम इस संदेश को और अधिक लोगों तक पहुंचा सकें। जब हम इस कार्यक्रम को बूथ पर सुनेंगे तो लोगों में भाजपा के प्रति रुचि और जुड़ाव बढ़ेगा।

उन्होंने यह भी चर्चा की कि सदस्यों को अपने आस-पास के लोगों से जुड़कर उन्हें सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस प्रक्रिया में स्थानीय मुद्दों और किसान कल्याण की योजनाओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. मिश्रा ने अंत में सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने बूथों पर सक्रियता बढ़ाएं और बिहार को सदस्यता में प्रथम स्थान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। इस प्रकार की बैठकें न केवल संगठन को मजबूत करती हैं, बल्कि समाज में भाजपा के प्रति सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं।आज के बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, राणा रंजीत सिंह,सारिका वर्मा,गुड़िया कुमारी,जीया वर्मा, इंदु प्रजापति,दीपक पाण्डेय,संतोष कुमार, डॉ अशोक कुमार,श्याम किशोर मिश्रा,मिहिर कुमार,वेदव्यास पांडेय,कुंदन,कुमार,दिनेश कुमार,सुनील मिश्रा,मंटू कुमार,धर्मेंद्र प्रसाद,बबलू गुप्ता,विजय प्रसाद उर्फ काला नाग,महेश यादव साहित दर्जनों की संख्या में उपस्थित हुए ।

# नगर स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक



**सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार की अध्यक्षता में पीएसआई इंडिया के सहयोग से नगर स्वास्थ्य समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई**

प्रातः किरण संवाददात

गया। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डा प्रभात कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अन्तेर्गत पीएसआई इंडिया के सहयोग से नगर स्वास्थ्य समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गयी जिसमें स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अतिरिक्त शहरी स्वास्थ्य के विभिन साझेदार जैसे आई सी डी एस, नगर निगम, जन प्रतिनिधि , आई एम ए ,मोग्स , पीएसआई इंडिया, युनिसेफ आदि डेवलपमेंट पार्टनर्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया .

नगर समन्वय समिति की इस त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुये सिविल सर्जन ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की स्थापना भारत सरकार द्वारा 2013 में शहरी मलिन बस्तियों के निवासी , फुटपाथी आबादी , घुमंतू आबादी आदि को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उदेश्य से की गयी है।इसके अन्तेर्गत पचास हजार की शहरी आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित की गयी है।

जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार रवि शंकर ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य में स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में अन्य साझेदारों की अहम भूमिका होती है जिनके साथ निरंतर समुचित समन्वय के द्वारा ही इन सेवाओं को बेहतर तरीके से लक्षित वर्ग तक पहुँचाया जा सकता है ।इसी उदेश्य के साथ उन सभी शहरी साझेदारों के साथ बैठक कर प्रत्येक विभाग से सहयोग की अपेक्षा की गये जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया .

पीएसआई इंडिया के करुक्रम प्रबन्धक अजय कुमार ने पीपीटी के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य के विभिन्न साझेदारों की भूमिका और परस्पर की अन्ते र्विभागीय समन्वय के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित साझेदारों से सहयोग का आग्रह किया है ।जिससे ताकि वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य की समेकित सुविधा उपलब्ध करवाना संभव हो पायेगा ।नगर स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक में अध्यक्ष डा मंजू सिंह ने बताया की सरकार के निर्देश के अनुसार प्रत्येक माह के 9 एवं 21 तारीख को निजी चिकित्सको की सेवा प्रत्येक यू पीएचसी उपलब्ध करायी जा रही है ।जिसे निरंतर जारी रखा जायेगा ।सदर सीडीपीओ संगीता कुमारी ने आइसी डीसी की ओर से स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने पर बल देते हुये बताया की साथ मिलकर कार्य करने से वंचित वर्ग के जीवन स्तर में वंचित सुधार लाया जा सकता है .

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निकाला जन आक्रोश प्रदर्शन



**15 सूत्री मांगों को डीएम को सोपा ज्ञापन**

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से जन आक्रोश प्रदर्शन निकल गया । यह प्रदर्शन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय शाह जुहैर भवन 9 नंबर सुलिस से निकाल कर औरंगाबाद पटना रोड होते हुए भगत सिंह चौक होते हुए गगन भेदी नारा लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिंदाबाद, सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन देना होगा, परचाधारियों को जमीन पर दखल कब्जा दिलाना होगा, बरसों से बसे भूमिहीन परिवारों को वासगित पर्चा मुहैया करना होगा, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाना होगा, सभी वृद्ध जनों को3000 मानसिक पेंशन देना होगा, बेरोजगारों को 10000 रुपया बेरोजगारी भत्ता देना होगा, बटाईदारों को मलकाना हक देना होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगानी होगी, सभी बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देनी होगी, महंगाई पर रोक लगाओ आदि मांगों को लेकर के जिला समाहरणालय तक सीपीआई कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआई के जिला सचिव कामरेड अरुण कुमार, मोइन अंसारी, रामचंद्र पाठक, दीनानाथ सिंह, शिवदत्त सिंह आदि कर रहे थे। प्रदर्शनकारी जिला समाहरणालय पहुंच कर यह कार्यक्रम सभा में तब्दील हो गई। इस सभा की अध्यक्षता कामरेड मोइन अंसारी ने किया। इस सभा को संबोधित करते हुए राज कार्यकारिणी सदस्य कॉमेडी विश्वजीत कुमार ने कहा आज के दौर में बिहार सरकार गरीबों से जो वादा किया था वह वादा खिलाफी कार्यक्रम चल रहे हैं तालाब और पिंडों पर बसे गरीबों को हटाने का काम कर रही है ऐसे वक्त में तमाम गरीबों को एकजुट रहकर के लड़ाई लड़ने की जरूरत है सभा के बाद पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी से मिलकर 15 सूत्री मांगों को जिला अधिकारी के समक्ष सोपा इस कार्यक्रम में लाल बहादुर पासवान, सुरेश सिंह, गोपाल मिश्रा, राकेश कुमार, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए बैठक आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के ओबरा प्रखंड में भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य दीपक कुमार के नेतृत्व में युवाओं के साथ मिलकर भाजपा का सदस्यता अभियान को गति देने के लिए एक बैठक आयोजित किया गया युवाओं को उत्साह को देखते हुए ऐसा लग रहा था कि युवा गांव गांव जाएंगे और नरेंद्र मोदी जी और भाजपा के विचारों को गांव-गांव तक पहुंच कर हर युवा और हर व्यक्ति को भाजपा से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा ,इस अभियान का शुरूआत बीजेपी औरंगाबाद जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा जी बीजेपी की सदस्यता अभियान की शुरूआत 2 तारखी को मोदी जी के सदस्यता के साथ ही अभियान का शुरूवात किया गया है। भाजपा ने देश भर में मेगा सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने बीजेपी का पहला सदस्य बनकर सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। बिहार में बीजेपी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वही औरंगाबाद 2 महीने में 5 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प पूरा करने के लिए जिला सदस्यता प्रभारी सतीश कुमार सिंह के प्रभार में लगातार बैठक कर भाजपा अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता पूरे उत्साह से लगे हुए हैं। जिला का समिति सदस्य दीपक कुमार और जिला का सोशल मीडिया के संयोजक राहुल कुमार ने कहा कि सदस्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं की होगी अहम भूमिका।

बीजेपी औरंगाबाद 5 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा और युवाओं जब जिम्मेदारी अपने कंधो पर लेंगे तो कोई भी लक्ष्य छोटा होगा। सदस्यता अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि संगठन का पर्व है। युवाओ से निवेदन किया हैं कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान 2024 के तहत पार्टी की सदस्यता लें और मिलकर एक सशक्त संगठन का निर्माण करें। आपकी सहभागिता हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।आइए, मिलकर सशक्त और विकसित भारत का निर्माण करें। आपकी भागीदारी ही हमारी शक्ति है। बीजेपी के सदस्य बनने का क्या है तरीका बीजेपी का सदस्य बनने के लिए अभियान के लिंक पर जाना होगा।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग, पटना भवन प्रमंडल, पटना**

(ee.patna.bcd@gmail.com)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –12/प0भ0प्र0/2024–25**

(Double Bid system)

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | निविदा विपत्र का मुल्य (रु0) | ई–निविदा प्रकिया शुल्क (रु0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 3 nos. additional class room(ACR) (G.F) in B.N.R Trainning College. Gulzarbagh(secondry), Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 2 | Construction of 3 nos. additional class room(ACR) (F.F) in B.N.R Trainning College. Gulzarbagh (secondry), Patna for the year 2024-25 | 46.00 | 92000.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 3 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (G.F) in B.N.R Trainning College. Gulzarbagh (secondry), Patna for the year 2024-25 | 45.00 | 90000.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 4 | Construction of 2 nos. additional class room(ACR) (F.F) in B.N.R Trainning College. Gulzarbagh (secondry), Patna for the year 2024-25 | 44.00 | 88000.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 5 | Construction of 4 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Kanya M.S Begampur (elementy) at Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 6 | Construction of 4 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Urdu M.S Sultanganj (elementy) at Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 7 | Construction of 4 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Kanya M.S Shalimpur Ahara(Elementry) at Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 8 | Construction of 4 nos. additional class room(ACR) (G+1) in M.S Bhawar Pokhar(Elementry ) at Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |
| 9 | Construction of 4 nos. additional class room(ACR) (G+1) in Urdu M.S Darji tola (Elementry) at Patna for the year 2024-25 | 49.90 | 99800.00 | 5000.00 | As Per e-Proc2 | Four months |

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांकः– 25.09.2024
3. प्रिबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : 1.दिनांक–25.10.2024 15:30 बजे अप0 को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय 2.दिनांक –28.10.2024 15:30 बजे अप0 को मुख्य अभियंता (पटना) का कार्यालय।
4. परिमाण विपत्र (डाउनलोड) एवं निविदा प्राप्ति (अपलोड ) की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–21.10.2024 से 02.11.2024 15.30 बजे अप0 तक । दिनांक–04.11.2024 को 15.30 बजे अप0 तक । ।
5. निविदा खोलने(तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय : दिनांक–05.11.2024 को 15:30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान : वेबसाईट (www.erproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा (तकनीकी बीड) प्राप्ति का स्थान : वेबसाईट (www.erproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की तिथिः– : 120 दिन
10. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता : सक्षम पदाधिकारी।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

PR- 009338 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । बिलासपुर मंडल के बीरसिंहपुर स्टेशन पर तीसरी लाईन के कनेक्टिविटी के कमीशनिंग हेतु एनआई कार्य के मद्देनजर बरौनी और गोंदिया के मध्य परिचालित की जाने वाली गाड़ी सं. 15231/1232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन अप एवं डाउन दिशा में दिनांक 02.10.2024 से 10.10.2024 तक बरौनी-कटनी-उस्लापुर(बिलासपुर)-गोंदिया के बजाए परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट-गोंदिया के रास्ते परिचालित की जाएगी ।

## गया-पटना मेमू पैसेंजर का जहानाबाद से पटना के मध्य ठहराव समय में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर ।गाड़ी सं. 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 01.10.2024 से जहानाबाद और पटना के मध्य ठहराव समय में परिवर्तन किया जा रहा है । दिनांक 01.10.2024 से गाड़ी सं. 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल 16.53 बजे के बजाए 16.58 बजे जहानाबाद पहुंचकर 17.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान कर 17.09 नदौल, 17.18 बजे तारेगना, 17.45 बजे पुनपुन सहित विभिन्न स्टेशनों/हाल्टों पर बदले हुए समय सारणी के अनुसार रूकते हुए 18.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

## सहरसा और सरायगढ़ के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु सहरसा और सरायगढ़ के मध्य दिनांक 28.09.2024 से एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 05570/05569 का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 05570 सहरसा-सरायगढ़ एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 28.09.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (रविवार एवं गुरूवार को छोड़कर) सहरसा से 17.00 बजे खुलकर 17.18 बजे गढ़ बरुआरी एवं 17.31 बजे सुपौल रूकते हुए 18.20 बजे सरायगढ़ पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05569 सरायगढ़-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 29.09.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह में पांच दिन (सोमवार एवं शुक्रवार को छोड़कर) सरायगढ़ से 05.30 बजे खुलकर 05.59 बजे सुपौल एवं 06.11 बजे गढ़ बरुआरी रूकते हुए 06.50 बजे सहरसा पहुंचेगी । इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 12567/12568 सहरसा-पटना-सहरसा राज्यरानी एक्सप्रेस के रेक द्वारा किया जायेगा अर्थात इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 03 कोच, साधारण श्रेणी के 16 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे ।

## 2036 ऑगनवाड़ी केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

पटना। राज्य स्तर से सभी जिला पदाधिकारियों के माध्यम से कुल 2036 ऑगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कराया गया। 616 केन्द्रों के संचालन की स्थिति अच्छी पाई गई। 279 केन्द्रों के संचालन की स्थिति असंतोषप्रद पाई गई, यथा- पोषाहार की मात्रा एवं गुणवत्ता में कमी, बच्चों की उपस्थिति में कमी, स्कूल पूर्व शिक्षा का अभाव, पंजियों के संधारण में कमी इत्यादि।

# अम्बाला मंडल के राजपुरा स्टेशन पर एनआई कार्य के होने से ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददात

हाजीपुर। अम्बाला मंडल के राजपुरा स्टेशन को डीएफसीसीएल से लिंकेज करने हेतु एनआई कार्य किया जाना प्रस्तावित है । इस कारण निम्नानुसार ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जा रहा है -

### परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें

29 सितंबर एवं 02 तथा 06 अक्टूबर, 2024 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 04652 अमृतसर-जयनगर स्पेशल का परिचालन परिवर्तित मार्ग सानेहवाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते 30 सितंबर एवं 01 तथा 05 अक्टूबर, 2024 को पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली गाड़ी सं. 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेहवाल के रास्ते ।

30 सितंबर एवं 05 अक्टूबर, 2024 को जयनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेहवाल के रास्ते ।

30 सितंबर, 2024 को सहरसा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12203 सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग पानीपत-जींद- जखाल-धूरी-चंडीगढ़ के रास्ते 01 अक्टूबर, 2024 को जयनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14649 जयनगर-अमृतसर सरूय जमुना एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेहवाल के रास्ते ।



01 एवं 05 अक्टूबर, 2024 को कोलकाता से खुलने वाली गाड़ी सं. 12357 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-सानेहवाल के रास्ते ।

28 सितंबर एवं 06 अक्टूबर, 2024 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग सानेहवाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते ।

06 अक्टूबर, 2024 को जलंधर सिटी से खुलने वाली गाड़ी सं. 22552 जलंधर सिटी-दरभंगा अंत्योदय एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग सानेहवाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते ।

नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -

30 सितंबर, 2024 को सियालदह से खुलने वाली गाड़ी सं. 22317 सियालदह-जम्मूतवी एक्सप्रेस अम्बाला मंडल में 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

06 अक्टूबर, 2024 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस अम्बाला मंडल में 20 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

06 अक्टूर, 2024 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12380 अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस फिरोजपुर मंडल में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई । जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार 27 सितम्बर को जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर सुदूरवर्ती क्षेत्र एवं दूर दराज क्षेत्र से आए हुए 62 से ज्यादा फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने आम जनों की समस्याओं को गौर से सुना और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा अपने कार्यालय कक्ष में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर जिलेवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, खतियान, दखल कब्जा,जमीन की नापी, पेय नल जल, भरण पोषण,राशन कार्ड, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, स्ट्रीट लाइट लगवाने, शिक्षा आदि से संबंधित मामले छाये रहे। इसके अलावा इंदिरा आवास योजना का लाभ, पक्की नली गली, संबंधित मामले भी आये। उन्होंने हर मामलों को गौर से सुना और संबंधित पदाधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया।

मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## नपं कार्यालय गड़हनी में सफाई कर्मियों की हुई शिविर लगाकर जाँच



प्रातः किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर)।जिले के गड़हनी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन स्वच्छता पदाधिकारी विनीता कुमारी के देखरेख आयोजित किया गया।जिसका नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने की।बतादें की स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत बीते 17 सितम्बर से प्रत्येक दिन स्वच्छता के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा।इसी दरम्यान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गड़हनी के द्वारा नगर पंचायत में सेवा दे रहे सभी सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य जाँच शिविर लगा कर किया गया।वही इस सम्बंध में स्वच्छता पदाधिकारी विनीता कुमारी ने बताई की यह स्वच्छता पखवारा के तहत नपं के विभिन्न वार्डो में अलग-अलग दिन चिन्हित स्थानों को साफ-सफाई किया जा रहा हैं।कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने बताई की अवसान एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच शिविर चलाया जा रहा हैं,इसका समापन 2 अक्टूबर के बाद होगा।सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य संबंधित जांच किया गया।जिन्हें दिक्कत थी उन्हें आराम करने को बोला गया हैं।मौके पर पंकज कुमार,सफाई जामदार संजय,अनिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जलालपुर में जिउतिया पर्व जिला प्रशासन अनुसूचित जाति छात्रावास शीघ्र खाली कराए:मनोज सिंह यादव

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास का अतिक्रमण हटाने के लिए अरवल में जोरदार प्रदर्शन किया गया । बसपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव ने कहा कि कई जिला पदाधिकारी आए और गए लेकिन अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास में पहले नवोदय विद्यालय चलाया गया अभी तत्काल में होमगार्ड का कैंप रखा गया है जबकि सभी जिले में मॉडल अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास का निर्माण हो चुका है बिहार सरकार पैसा भी दे दिया है लेकिन आज 7 वर्षो से मॉडल अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण नहीं हो सका है आज अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के छात्र नौजवान के द्वारा अरवल में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया है आने वाले दिनों में एक सप्ताह के अंदर अगर छात्रावास को खाली नहीं कराया गया तो जन आंदोलन आगे भी किया जाएगा।

## केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड पटना में हिन्दी पखवाड़ा का हुआ समापन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना ।केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ राजभाषा हिन्दी पर परिचर्चा हुई। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने बताया कि इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा अधिक से अधिक अनुप्रयोग करने एवं अपने आचरण में लाने हेतु विभिन्न प्रकार की आठ प्रतियोगिताएं (हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता, हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता (केवल अहिन्दी भाषी के लिए), हिन्दी प्रश्न मंच (केवल वाहन चालक एवं एम. टी.एस. कर्मचारियों के लिए), हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, तत्काल भाषण / विचार प्रतियोगिता तथा कविता-पाठ प्रतियोगिता) आयोजित की गईं।

इन प्रतियोगिताओं में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें जल एवं भाषा से संबंधित अच्छे स्लोगन, विचार आए, उनको अपने जीवन में तथा समाज में चलन में लाने हेतु सभी ने विश्वास दिलाया। इस राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गुरुवार को सभी प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को तथा उत्साह वर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया।

## संकुल केंद्र पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मुल्यांकन आरम्भ



प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज।जिले के प्रारंभिक विद्यालयों मे हुए अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आज से सभी संकुल संसाधन केंद्र पर मुल्यांकन का कार्य शुरू हो गया। बिहार बोर्ड के तर्ज पर विद्यालय के बच्चो का परीक्षा संकुल के दुसरे विद्यालय के शिक्षको द्वारा विक्षण का कार्य किया था अब संकुल पर उन शिक्षको द्वारा मुल्यांकन का कार्य शुरू किया गया है जो 1 अक्टूबर तक चलेगा। गरखा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा संकुल संसाधन केंद्र के केन्द्राधिक्षक अरूण कुमार ने बताया कि संकूल पर कुल 41 शिक्षक-शिक्षिका मुल्यांकन के लिए 4 दिनो के लिए प्रतिनियुक्त है ।परीक्षा मुल्यांकन मे मध्य विद्यालय धनौरा,कसीना,मीरपुर जुअरा,संठा,कोठियां प्राथमिक विद्यालय धनौरा,मौजमपुर समान्य, मौजमपुर अनुसूचित, सोडागोदाम, कोठियां अनुसूचित एवं हिम्मतपुर के शिक्षक सामिल हुए जिसमे केन्द्राधिक्षक अरूण कुमार पूर्व प्रभारी राकेश कुमार सिंह, पूर्व समन्वयक धर्मेंद्र कुमार सिंह, व्यवस्थापक सौरभ कुमार, शिवम कुमार एवं मृत्युंजय मांझी मुख्य रूप से मुल्यांकन मे सहयोग किए।

## नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया गया पौधारोपण

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। माँझी नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार की सुबह स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह एवम कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया तथा नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद की मौजूदगी में पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके साथ ही नगर पंचायत के सभी वार्डों में दर्जनों स्थानों पर पौधारोपण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत की साफ सफाई के साथ-साथ उसे हरा भरा रखना सभी की जिम्मेवारी है। पौधा रोपण से वातावरण स्वच्छ और साफ रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और उमस से यही पौधे लोगों को राहत भी देंगे। उन्होंने बताया कि अन्य कई स्थानों पर फलदार पौधे भी लगाए जायेंगे, ताकि लोगों को फल भी मिल सके। उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों के कार्यक्षेत्र में भी पौधारोपण कराया। मौके पर कृष्णा सिंह पहलवान,बृज लाल महतो,मनीष कुमार सिंह,राजा बाबू सहित दर्जनों अन्य लोग भी मौजूद थे।

## रामपुर चाय स्कूल में पिस्तौल लेकर पहूंची 9वीं की छात्रा, छात्राओं में मची खलबली

करपी । नौवीं क्लास की एक छात्रा बैग में छः पिस्टल लेकर गुरुवार को विद्यालय या आ पहुंचीं। इसकी भनक लगते ही तर छात्र छात्राओं में खलबली मच गई। चा सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिस्टल ना को जब्त कर लिया है। मामले में दर अज्ञात के खिलाफ शहर तेलपा थाने में केस किया गया है। करपी प्रखंड के एक हाई स्कूल में नौवीं क्लास की एक छात्रा ने न्स अपना दबदबा कायम करने के इरादे पर से 7.64 बोर की एक खाली पिस्टल को लेकर पहुंच गई। सहेली के साथ श्री क्लास में पिस्टल निकालकर छात्र के छात्राओं को दिखाने लगीं। यह देख कई लड़कियां घबरा गईं। कुछ ही समय में प्रधानाध्यापक को भी भनक लग गई। प्रधानाध्यापक तहकीकात में जुट गए। तभी दोनों छात्राएं मौका पाकर अपनी एक सहेली के बैग में पिस्तौल रखकर उसे घर भेज दिया। बिना छुट्टी छात्रा के घर जाने पर प्रधानाध्यापक को शक हुआ। उन्होंने तत्काल उक्त छात्रा के पिता और भाई को सूचना दी और स्कूल बुलाया। साथ ही डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने की भनक मिलते ही तीसरी छात्रा के स्वजन ने घर के समीप पानी भरे गड्ढे में पिस्तौल फेंक दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिस्टल को जब्त कर लिया। मामले में तीनों छात्राओं से प्रधानाध्यापक और पुलिस ने पूछताछ की और जमकर फटकार लगाई। एसपी राजेंद्र कुमार भील ने कहा कि बरामद पिस्तौल की जांच कराई जा रही है। मामले में शहर तेलपा थाने में अज्ञात पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच में जुट गई है।

## प्रखंड स्तरीय आकांक्षी संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



रामपुर (कैमूर) रामपुर प्रखंड कार्यालय में नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रामपुर दृष्टि पाठक के द्वारा किया गया। इस दौरान बीड़ीओ एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनरेगा कार्यक्रम प्रसून कुमार एटीएम अमन कुमार सिंह कई विभाग के पदाधिकारी ने आकाशी प्रखंड कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से मौजूद लोगों को जानकारी दी। वही कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कई स्टाल भी लगाया गया था। जहां ढलोगों की स्वास्थ्य जांच खान-पान बीमा योजना मिट्टी जांच समेत कई जानकारी उपलब्ध कराई गई कृषि विभाग के एटीएम अमन कुमार के द्वारा किसानों को कई सारी सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी बताएं एवं फसल में लगे हुए रोग के उपचार के भी बारे में बताई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित छः इंडिकेशन पर लोगों को जागरूक करना। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक ने बताया कि जनता के सहयोग से हम निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। जो सभी जनप्रतिनिधियों आशा जीविका गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र पर होने वाले एएनसि जांच के लिए अवश्य भेजें उससे स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य भी पूरा होगा और प्रखंड को फंड भी मिलेगा उन्होंने आगे कहा की आकांक्षी योजना के तहत प्रखंड के विकास के लिए 39 बिंदुओं परियोजना का लक्ष्य पूर्ण करना है। जो पहले चरण में छह बिंदुओं पर कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य रखा गया है। अवसर प्रखंड के क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव-2024 का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

- 27-28 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है युवा उत्सव
- 11 विभिन्न विधाओं में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवा कलाकार इसमें ले रहे हैं भाग



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।जिले के युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ने तथा प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रोत्साहन देने हेतु जिला प्रशासन, सारण द्वारा दिनांक 27 सितंबर 2024 से 28 सितंबर 2024 तक जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024झ25 का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें 15झ29 साल तक के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह छपरा में दीप प्रज्वलित कर दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस उत्सव के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव के माध्यम से स्थानीय युवा कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिये बेहतर मंच प्रदान किया जा रहा है। विजेता कलाकार आगे राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शिरकत कर सकेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागी कलाकारों को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दीं।

दो दिवसीय युवा उत्सव में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैंः समूह लोक नृत्य झ इस विधा में भाग लेने हेतु प्रत्येक दल के लिए संगत कलाकारों सहित अधिकतम 20 प्रतिभागियों की संख्या अनुमान्य है। समूह गायन/लोकगीत एकल/लोकगाथा झ इस विधा में भाग लेने हेतु प्रत्येक दल में संगत कलाकारों सहित अधिकतम 10 कलाकार भाग ले सकते हैं।गायकों की अधिकतम क्षमता 10 हो सकती है।

कहानी लेखन प्रतियोगिता झ इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑन द स्पॉट विषय दिया जाएगा

कविता लेखन प्रतियोगिता झ इस प्रतियोगिता हेतु विषय ऑन द स्पॉट दिया जाएगा। चित्रकला/मूर्तिकला/हस्तशिल्प/छाया चित्र प्रतियोगिता वक्तृता (भाषण प्रतियोगिता) झ प्रतिभागियों को हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में ही भाषण तैयार करना होगा।

एकांकी नाटक प्रतियोगिता झ नाट्य प्रस्तुति में कलाकारों की संख्या अधिकतम 12 होगी। . शास्त्रीय गायन (एकल) हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक शैली प्रतियोगिता शास्त्रीय वादन (एकल) प्रतियोगिता झ सितार, गिटार,तबला, बांसुरी, वीणा एवं मृदंगम।इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिभागी अपना वाद्य यंत्र साथ लायेंगे।

## पैक्स अध्यक्ष को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

काराकाट (रोहतास) काराकाट नगर पंचायत गोडारी के पैक्स अध्यक्ष उदय कुमार प्रसाद को मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद पैक्स अध्यक्ष ने काराकाट थाना में लिखित आवेदन देकर जान माल की क्षति की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि किसी अनजान नंबर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोबाइल पर 12 .08 मिनट पर 8210609319 से फोन आया जब मैं फोन से बात करने लगा तो उधर से गाली गलौज शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा जिसके बाद मैं फोन काट दिया। इसके बाद कई बार लगातार रिंग करता रहा लेकिन हम फोन रिसीव नहीं किये । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि दर्ज बयान के आधार पर एफआइआर दर्ज कर लिया गया है। जिस मोबाइल से पैक्स अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी मिली है उस मोबाईल नंबर किसका है खोजबीन जारी है । जानकारी प्राप्त होते ही सख्त कारवाई की जाएगी ।

## मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार सरस मेला के समापन समारोह में किया उदगार व्यक्त



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। वर्तमान में जीविका से जुड़कर सवा सौ करोड़ परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चले हैं ' जीविका दीदियाँ अब दूसरे राज्यों में जाकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का पाठ पढ़ा रही हैं ' राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री, बिहार सरकार, श्रवण कुमार ने बिहार सरस मेला के समापन समारोह में उक्त उदगार व्यक्त किया 'बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका ( ग्रामीण विकास विभाग ) के तत्वाधान में 18 सितंबर से जारी दस दिवसीय बिहार सरस मेला का शुक्रवार को समापन हो गया ' समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री , ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार शिरकत किया ' माननीय मंत्री ने सरस मेला का अवलोकन किया और ग्रामीण शिल्पकारों द्वारा उत्पादित उत्पादों की तारीफ की ' मुख्य मंच पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी का स्वागत संबोधन श्री हिमांशु शर्मा , मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका ने किया ' अपने स्वागत संबोधन में श्री हिमांशु शर्मा ने सरस मेला के आयोजन के उद्देश्यों के बारे में बताया और कहा कि ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहन देना एवं स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं के हुनर को व्यवसाय एवं स्वरोजगार से जोड़ना और फिर बाजार उपलब्ध करना मेला का उद्देश्य है ' समापन कार्यक्रम में सरस मेला में सर्वश्रेष्ठ बिक्री करने वाली महिला उद्यमियों को माननीय मंत्री जी ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया ' सम्मानित होने वाली महिला उद्यमियों में सर्वश्रेष्ठ बिक्री के लिए प्रथम जैस्मिन मालिक, ओड़िसा, द्वितीय खाबीरम नीशा-आसाम, तृतीय -सुल्ताना-बिहार, चतुर्थ श्रीमती रीना देवी झ बिहार एवं 5 वें स्थान पर रही एन.चोबा लीमाझमणिपुर रही ' अपने संबोधन में माननीय मंत्री , ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने कहा कि जीविका को अब पूरे देश में आजीविका के नाम से जाने जाना लगा है ' जीविका से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं ' उन्हें और सशक्त और स्वावलंबी बनाना बिहार सरकार का लक्ष्य है ' जीविका से जुडी महिलाओं को सरकारी संस्थानों से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है ' सरस मेला के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए श्री श्रवण कुमार जी ने कहा कि सरस मेला एक ऐसा बाजार एवं प्रदर्शनी स्थल है जहाँ बिहार के सभी जिलों समेत विभिन्न राज्यों के हस्त शिल्प , लोक कलाकृति, लोक संस्कृति एवं देशी व्यंजनों का प्रदर्शनी सह बिक्री की जाती है ' ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार मेला के माध्यम

# शांति को प्राप्त करने के लिए सतसंग में गोता लगाना पड़ता है : सर्व आशुतोष महाराज

प्रातः किरण संवाददाता

नगीना शांति वाटिका के सामने क्रिसेंट गार्डन, सौभाग्य पथ रुकनपुरा, पटना में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस एवं गीता विवेचना पर संस्थान के संस्थापक व संचालक दिव्य गुरु सर्व आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रीति भारती ने कहा की सनातन धर्म में रामचरितमानस और गीता दो ऐसे धर्म ग्रंथ है जो जन मानस में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली पुस्तक है` ये दोनों ग्रंथ समाज में सुखपूर्वक जीने तथा भक्ति को प्राप्त कर परम लक्ष्य को प्राप्त कराने का मार्ग प्रशस्त करता है` परंतु इन दोनों ग्रंथों के मात्र पठन झ पाठन से समाज में शांति स्थापित नहीं हो सकती` इसके लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है` यह मार्गदर्शन सिर्फ समय के पूर्ण सद्गुरु ही दे सकते है` प्रवचन को आगे बढ़ाते हुए सद्गुरु सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी कुन्दनानन्द ने कहा की शांति की खोज मनुष्य का स्वाभाविक गुण है ।

जीतने भी आविष्कार हुए या हो रहे है सब सुख व शांति के लिए ही हो रहे है` हमारे शास्त्र कहते है की



जिसने भी शांति को प्राप्त किया उसे सत्संग में गोता लगाना पड़ा है` तुलसी बाबा कहते है की बड़े भाग्य पाइए सतसंगा` बड़े भाग्य से सत्संग पाया जाता है` भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता सुनाये उसी बात को संजय नें धृतराष्ट को सुनाया पर परिवर्तन अर्जुन के जीवन में हुआ न की धृतराष्ट के जीवन में` उसी तरह ईश्वर की चर्चा या शांति की चर्चा करने से शांति नहीं आती है जीवन में अमल करना होता है` भगवान की जब एक जीव पर कृपा होती है तब सत्संग होता है ।

अजामिल , अंगुलिमाल , रत्नाकर ,गणिका वेश्या आदि अनेकों लोग अपने जीवन को सत्संग के माध्यम से ही धन्य कर पाए । रामचरित मानस में सत्संग की बड़ी महिमा गायी गई है ।

सत्संग का शाब्दिक अर्थ होता है सत्य जमा संग अर्थात सत्य का संग कर लेना सत्य केवल ईश्वर है इसका मतलब ईश्वर का संग कर लेना ही सत्संग है । जब सच्चे संतों के द्वारा भगवान की कथा की जाती है और सच्ची श्रद्धा से कोई भी व्यक्ति भगवान की कथा को सुनता है तो उन संतो के द्वारा भगवान का दर्शन कराया जाता है ।स्वामी ने आगे कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान जिसके संथापक व संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज जी है उनके विशेष अनुकम्पा से आज वही कथा सुना रहा हूँ जिसके उपरांत जिन श्रद्धालु को भगवान का दर्शन करने की इच्छा होगी उन्हें दर्शन कराया जाएगा । ईश्वर दर्शन कल्पना का विषय नहीं है । बल्कि यह प्रत्यक्ष अनुभूति है ।

भगवान कहीं नही , मेरे ही अंदर है । वही भगवान मेरे अंदर विराजमान है जिसके कारण ही हम एक दूसरे को देख पा रहे है सुन पा रहे है । जिस घड़ी वो इस शरीर से निकल जायेगा ये आंखे नही देख पाएगी । उसी ईश्वर को तत्व रूप में देखना उसका प्रत्यक्ष अनुभति ही सत्संग है । हमारे गुरुदेव कहते है कि ईश्वर का साक्षात्कार करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है । आइये दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आपका आह्वान करती है कि आप अपने अंदर स्थित परमात्मा का दर्शन करें और अपने जीवन को धन्य करें।

## सीमा शुल्क (निवारण) पटना ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

पटना । सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक के द्वारा 14 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत आयुक्त के साथ-साथ अन्य सभी अधिकारियों ने अपने आसपास को सम्पूर्ण स्वक्छ बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया ।अभियान के तहत केंद्रीय राजस्व आवासीय परिसर, आशियाना-दीघा रोड, सलीमपुर डुमरा, पटना में आयुक्त के साथ ही साथ विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा साफ सफाई एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त केंद्रीय राजस्व आवासीय परिसर में स्वछता अभियान के तहत पूर्ण साफ-सफाई एवं सौन्द्रियकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि सरकारी विद्यालयों खासकर कन्या विद्यालयों में शौचालय का निर्माण एवं मरम्मती कार्य के तहत बक्सर जिले के नियाजीपुर, उच्च विद्यालय में शौचालय का निर्माण एवं मरम्मती कार्य एवं विद्यालय प्रांगन की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य संपन्न कराया गया। सीमा शुल्क (निवारण) द्वारा नियाजीपुर, उच्च विद्यालय एवं राजपुर उच्च विद्यालय अर्जुनपुर में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन को स्थापित किया गया जिसका लोकार्पण आयुक्त सीमा शुल्क, पटना के कर कमलों द्वारा किया गया। आयुक्त ने आगे यह भी बताया कि कन्या विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की स्थापना पर विशेष महत्व देने कि आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी सरकारी कन्या विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की स्थापना के लिए प्रयासरत रहेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में पढाई के साथ ही साथ स्वछता के प्रति जागरूकता फैलेगी। सीमा शुल्क (निवारण) के इस कार्य से विद्यालय की लकड़ियों में स्वछता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला।

# बांग्लादेश के फैन से कानपुर टेस्ट में मारपीट, अस्पताल ले जाया गया

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बांग्लादेश के एक क्रिकेट प्रशंसक को कथित तौर पर दर्शक दीर्घा में परेशान किया गया, जिसके बाद चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया।



इस घटना के कारण के बारे में हालांकि अभी कोई स्पष्टता नहीं है। यह प्रशंसक खुद को 'सुपर फैन रॉबी' बता रहा था। वह इस घटना के समय बाघ की पोशाक पहने हुए था और स्टैंड सी में बैठा था। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि रॉबी घटनाओं का सटीक क्रम नहीं बता सका लेकिन वह दर्द से परेशानी में था। मीडिया से बातचीत के दौरान उसने संकेत दिया कि झगड़े के दौरान उसे पेट में मुक्का मारा गया था। अधिकारी ने कहा, 'वह जब स्टैंड से बाहर आया तब दर्द से कराह रहा था। वह अचेत होने लगा था। उसे बैठने के लिए कुर्सी दी गई लेकिन वह गिर गया। स्टेडियम में मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रशंसक को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई और उसके लिए एम्बुलेंस बुलाई गई। उन्होंने कहा, 'हमें नहीं पता कि उसे किसी ने मारा था या नहीं। प्रशंसकों पर नजर रखने के लिए उस स्टैंड में एक कांस्टेबल है। हम समझ नहीं पाए कि वह क्या कह रहा था। शायद वह दर्द में था। अधिकारी ने कहा, 'एम्बुलेंस को आने में कुछ समय लग रहा था इसलिए स्टेडियम की मेडिकल टीम उसे नजदीकी सुविधा केंद्र में ले गई।

# नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं। भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी श्रृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है।



मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने कहा, 'मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है। और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है। मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी।

अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं। उन्होंने कहा, 'अगर हम इन दोनों (अश्विन और जडेजा) के खिलाफ अच्छा खेलते हैं तो हम अच्छी स्थिति में होंगे। ये दोनों खिलाड़ी मेरे करियर में ज्यादातर समय गेंदबाजी करते रहे हैं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा करते हुए कहा, 'और अब जसप्रीत बुमराह।

**भारत-बांग्लादेश सेकेण्ड टेस्ट : बांग्लादेश 107/3**

# पहले दिन का खेल बारिश के कारण जल्दी खत्म

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन का खेल भारी बारिश के कारण शुक्रवार को यहां जल्दी समाप्त कर दिया गया। खेल रोके जाने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। बांग्लादेश ने इस दौरान लंच के बाद के सत्र में नौ ओवर के खेल में 33 रन जोड़कर कप्तान नजमुल हसन शंटो (31) का विकेट गंवा दिया। मुशफिकुर रहीम (छह) और मोमिनुल हक (40) क्रीज पर मौजूद थे।

कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। वर्षा और खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से शुरु हुआ। ग्रीनपार्क मैदान पर बीती रात बारिश से गीली आउटफील्ड को सुखाने में ग्रांउड स्टाफ ने कड़ी मशक्कत की। मैदानी अंपायर साढ़े नौ बजे मैदान का निरीक्षण किया और दस बजे टॉस के ऐलान की घोषणा की। मैच साढ़े 10 बजे शुरु हुआ। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहला टेस्ट जीत कर अपराजेय बढ़त हासिल कर चुके भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए कोई परिवर्तन नहीं किया है और वह पिच में व्याप्त नमी का लाभ उठाने के लिये चेन्नई टेस्ट की तरह तीन तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरेगा।



## 1964 के बाद पहली बार हुआ ऐसा

बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को जगह दी है। टॉस के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी मगर बाद में टीम ने वापसी कर ली थी। यहां दिलचस्प है कि 1964 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है क्योंकि ग्रीनपाक की पिच पर चौथी पारी में खेलना अति दुष्कर हो जाता है।

## इस मैदान का रिकॉर्ड

यहां अब तक 23 टेस्ट मैच खेले जा चुके है जिसमें भारत के पक्ष में सात मैच आये हैं जबकि तीन में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। 13 मैचों में हार जीत का फैसला नहीं हो सका है। भारत ने यहां पिछला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेला था जिसमें हार जीत का फैसला नहीं हो सका था।

## प्लेइंग 11

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जाडेजा, आर अश्विन, आकाश दीप , जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश** – नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफकिर रहीम, शाकिब अल हसन, मेहदी हसन मिराज़, लिटन दास (विकेटकीपर), हसन महमूद, खालिद अहमद और तैजुल इस्लाम।

## बारिश प्रभावित मैच में पहले दिन आकाश दीप और अश्विन ने किया प्रभावित

तेज गेंदबाज आकाश दीप (34 रन पर दो विकेट) अपनी शुरुआती स्पैल में प्रभावी रहे तो वही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो को चलता कर बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को भारत को मजबूत स्थिति में रखा। मौसम के पूर्वानुमान से पहले से ही बारिश की संभावना थी और शुरुआती दिन सिर्फ 35 ओवर को खेल संभव हो सका।

दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने इस दौरान अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन अश्विन की गेंद पढ़ने में नाकाम रहे और 31 रन बनाकर पगबाधा हो गए। बीती रात बारिश होने के कारण आउटफील्ड गीली हो गई थी जिससे दिन का खेल एक घंटे की देर से शुरू हुआ था। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया जिससे स्थानीय स्पिनर कुलदीप यादव को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ा।

बादल की आंखमिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की आकाशदीप वामहस्त बल्लेबाजों के लिए 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सफल रहे। उनकी सटीक लाइन लेंथ से सामंजस्य बैठाने में बांग्लादेश के बल्लेबाजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने शुरुआती ओवरों से ही बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन (शून्य) और शदमन इस्लाम (24) को परेशान किया।

हसन ने अतिरक्षात्मक रवैया अपनाया तो वहीं इस्लाम ने रन बनाने के मौकों को पूरी तरह से भुनाया। बुमराह की बाहर निकलती गेंदें कई बार स्टंप और बल्ले के बाहरी किनारे के करीब से गुजरी तो वहीं सिराज की गेंद बल्ले से टकरने के बाद स्लिप में खड़े क्षेत्ररक्षकों तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा गई। इस्लाम ने बुमराह के ओवर में दो चौके जड़कर दबाव कम किया तो वहीं दूसरे छोर से हसन ने 23 डॉट गेंदे खेली।

# ड्वेन ब्रावो ने खेल के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास, आईपीएल 2025 से पहले केकेआर टीम से जुड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सं मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है।

उन्होंने लिखा, 'एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में इक्कीस साल, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह कई उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया।% उन्होंने कहा, 'मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था जबकि आईपीएल में उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था। वह इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और अफगानिस्तान की टीम के साथ कोच के तौर पर जुड़े थे। नाइट राइडर्स समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने शुक्रवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'डीजे ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना एक रोमांचक विकास है। उनके व्यापक अनुभव और गहन ज्ञान के साथ-साथ जीतने की उनकी ललक से हमारी फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों को बहुत फायदा होगा।

केकेआर के अलावा वह टी20 लीग में नाइट राइडर्स की फ्रेंचाइजी टीमों के भी प्रभारी होंगे। इस भूमिका में आने के बाद उनका चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ लंबे समय तक रहा जुड़ाव खत्म हो जायेगा। मैसुर ने कहा, 'हमें इस बात की भी खुशी है कि ब्रावो सीपीएल, एमएलसी और आईएलटी20 सहित विश्व स्तर पर हमारी अन्य फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ेंगे। ब्रावो ने केकेआर में अपनी भूमिका पर कहा, 'मैं सीपीएल में पिछले 10 वर्षों से ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा हूं। मैंने विभिन्न लीगों में नाइट राइडर्स के लिए और उनके खिलाफ खेला है। मैं उनके संचालन के तरीके का बहुत सम्मान करता हूं।



उन्होंने कहा, 'फ्रेंचाइजी मालिकों का जुनून, पेशेवर प्रबंधन और परिवार जैसा माहौल इसे विशेष बनाते हैं। यह मेरे लिए एकदम सही मंच है क्योंकि मैं खेलने से लेकर अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को सलाह और कोचिंग देने के लिए आगे बढ़ रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मेरा मन खेलना जारी रखना चाहता है लेकिन मेरा शरीर अब दर्द बर्दाश्त नहीं कर रहा है।

ब्रावो ने मौजूदा सीपीएल सत्र से पहले कहा था कि यह उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। इस सप्ताह की शुरुआत में तरौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कमर में लगी चोट ने उनके सीपीएल करियर को छोटा कर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरा दिमाग खेल को जारी रखना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द को सहन नहीं कर पा रहा है।

# चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप-नीरज चोपड़ा

**सोनीपत (एजेंसी)।** भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गए हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की 'मिशन ओलंपिक 2036' पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, 'मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं।



विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा। उन्होंने कहा, 'तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है।

भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा, 'हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे। (लेकिन) इस बार, हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।

# इंग्लैंड टीम का उभरता सितारा जोश हल क्राड चोटिल, पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल क्राड चोट के कारण इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय तेज गेंदबाज को किआ ओवल में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के तीसरे टेस्ट में पदार्पण के दौरान यह चोट लगी थी। ऐसी उम्मीद थी कि हल पाकिस्तान दौरे से पहले अपनी फिटनेस हासिल कर लेंगे। नतीजतन, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही व्हाइट-बॉल घरेलू श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। हालांकि हल समय पर अपनी फिटनेस हासिल करने में असमर्थ रहे और इंग्लैंड ने उन्हें तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर करने का फैसला किया।



इंग्लैंड ने हल के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, और वे 1 अक्टूबर को 16 खिलाड़ियों की टीम के साथ पाकिस्तान जाएंगे। लीसेस्टरशायर के इस तेज गेंदबाज का सीनियर टीम में शामिल होना उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का परिणाम है। उन्होंने पिछले 12 महीनों में इंग्लैंड के घरेलू सेटअप में अपना नाम बनाया है। ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरुआती टेस्ट में मार्क वुड के चोटिल होने के बाद हल को इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में शामिल किया गया था।



# आईपीएल में रिटेन हो सकते हैं 5 खिलाड़ी

**ऐसा हुआ तो फ्रेंचाइजीज की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी, कोर ग्रुप भी बना रहेगा**

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई इंडियन प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजीज को 5 खिलाड़ी तक रिटेन करने की परमिशन दे सकता है। बोर्ड इस साल के अंत में होने जा रहे ऑक्शन से राइट टु मैच कार्ड का विकल्प हटाकर कम से कम 5 रिटेंशन पर विचार कर रहा है, ताकि टीमों की ब्रांड वैल्यू बरकरार रहे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि इन 5 खिलाड़ियों में कितने भारतीय व कितने विदेशी हो सकते हैं।

टीमों ने पिछले महीने बोर्ड से एक मीटिंग में इस पर बोर्ड से चर्चा की थी। अधिकांश फ्रेंचाइजीज 5-6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की मांग कर रही थीं। बताया जा रहा है कि बोर्ड फ्रेंचाइजीज की बात मानने जा रहा है। लीग की मेगा ऑक्शन इस साल के अंत में हो सकता है।

## क्या असर होगा?

- 5 प्लेयर्स रिटेन होने से सभी फ्रेंचाइजीज की ब्रॉन्ड वैल्यू बढ़ेगी। ● टीमें अपने कोर ग्रुप को रोक सकेंगी। मुंबई-चेन्नई को ज्यादा फायदा होगा। ● एमएस धोनी आईपीएल का एक और सीजन भी खेल सकते हैं। ● रोहित, बुमराह, सूर्या और पंड्या को रिटेन कर सकेगी मुंबई ● भारतीय बोर्ड से 5 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति का सबसे ज्यादा फायदा मुंबई इंडियंस को होगा। ऐसा होने पर मुंबई इंडियंस जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे कोर ग्रुप के खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी।
- चेन्नई भी गायकवाड़, जडेजा, एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों को अपने पास रख सकती है। राजस्थान के पास भी बटलर, संजू सैमसन, अश्विन और चहल जैसे बड़े खिलाड़ियों के साथ ओवरसीज प्लेयर्स को होल्ड करने का ऑप्शन होगा।

# बदलापुर केस: अक्षय के पिता की अर्जी पर अर्जेंट सुनवाई करेगा हाई कोर्ट, अब तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई, एजेंसी।** बदलापुर केस में बॉम्बे हाई कोर्ट मृत आरोपी अक्षय शिंदे के पिता की अर्जी पर अर्जेंट सुनवाई को तैयार हो गया है। आरोपी अक्षय शिंदे को ठाणे पुलिस ने मार दिया था। परिजनों ने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया है और कहा है कि इसके पीछे बड़ी साजिश है। पुलिस, स्कूल प्रबंधन के अलावा कई अन्य बड़े लोग भी इस साजिश में शामिल हो सकते हैं। अक्षय शिंदे पर बदलापुर के स्कूल के टॉयलेट में दो नाबालिग बच्चियों से रेप करने का आरोप था। वह स्कूल में सफाई का काम करता था।

अक्षय शिंदे के पिता ने अंबरनाथ म्युनिसिपल काउंसिल के चीफ ऑफिसर के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था। अक्षय का परिवार उसके अंतिम संस्कार के लिए जमीन की मांग कर रहा है। इसके अलावा परिवार ने सुरक्षा की भी मांग की है। जस्टिस रेवती मोहिते और जस्टिस एमएम साथाये की बेंच दोपहर 1 बजे मामले की सुनवाई करने वाली है। अक्षय के चाचा अमर शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने उसका शव दफनाने के लिए स्थान का चयन अब तक नहीं किया है। उन्होंने कहा, हम उसे दफनाने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने हमें कुछ जगह दिखाने के लिए बुलाया है। हम शव को सुरक्षित जगह पर दफनाएंगे। अमर शिंदे ने





कहा कि अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है।

उन्होंने कहा, हमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री (देवेंद्र फडणवीस) को भी एक ईमेल भेजा है। अक्षय शिंदे के पिता के वकील अमित कटारनवरे ने बताया कि अक्षय शिंदे ने अतीत में इच्छा व्यक्त की थी कि वह अंतिम संस्कार के बजाय उसे दफनाया जाए। बुधवार को, उसके पिता ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि परिवार शव को अपने कब्जे में लेने के लिए तैयार है, लेकिन उन्हें दफनाने की जगह नहीं मिल रही है। सरकारी वकील ने उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया था कि ठाणे अपराध शाखा के एक पुलिस उपायुक्त स्थानीय प्राधिकारी से आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहेंगे।

अक्षय के पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बंबई उच्च न्यायालय ने पुलिस के साथ गोलीबारी को लेकर चिंता व्यक्त की, कहा कि इस घटना को टाला जा सकता था और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने गोलीबारी की परिस्थितियों और पुलिस द्वारा स्थिति से निपटने के तरीके पर गंभीर सवाल उठाए थे।

अक्षय के पिता ने याचिका दायर कर पुलिस की इस बात को चुनौती दी है कि जांच के लिए बाहर ले जाते वक्त अक्षय ने पहले एक पुलिसकर्मी को गोली मारी और जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। याचिका में शिंदे को फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम को उसे तलोजा जेल से बदलापुर वापस ले जाया जा रहा था, तभी ठाणे के निकट मुंब्रा बाईपास पर गोलीबारी हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई। किंडरगार्टन की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के बाद पिछले महीने बदलापुर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### अशोक गहलोत को सता रहा मानहानि में कानून का डर, बोले- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के दो बड़े नेता पूर्व सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। गहलोत के हमले के बाद केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पलटवार करते हुए कहा कि संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के पीड़ितों को न्याय दिलाने की नीयत कभी पूर्व मुख्यमंत्री की नहीं रही। वो पहले भी इस प्रकरण को लेकर राजनीति कर रहे थे और आज भी वही कर रहे हैं। अब जब मानहानि में खुद को फंसता देख रहे हैं तो उन्हें मेरी दिवंगत मां का सम्मान भी याद आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा कि संजीवनी प्रकरण में हाईकोर्ट से मुझे मिली क्लीन चिट से अशोक गहलोत व्यथित हो उठे हैं। जब तक वो सत्ता में थे, सरकार के संसाधनों का दुरुपयोग कर मुझे फंसाने की कोशिशें करते रहे। मुझे फंसाने के लिए वकीलों पर सरकारी कोष से 40 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, लेकिन जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर जवाब दिया। शेखावत ने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि अब उन्हें मेरी दिवंगत मां के सम्मान की याद आ रही है। जब उन्होंने मेरी दिवंगत मां को लेकर अनर्गल बयानबाजी की थी, तब क्यों उनके मन में ऐसा सम्मान नहीं आया। अब जब कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस और मजबूत हो गया है तो उन्हें कानून का डर सता रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अशोक गहलोत को हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश से एसआईटी गठन कर एसओजी की जांच की याद आ रही है। साफ है कि उन्हें सरकारी एजेंसियों पर कतई भरोसा नहीं है। शेखावत ने कहा कि भारत के संविधान और न्याय व्यवस्था पर मुझे पूरा भरोसा है। दुर्भावना के साथ पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने विरोधियों के खिलाफ जो षडयंत्र रचे, उसकी सजा उन्हें शीघ्र मिलेगी। यह उनके अपने बचाव में दिए बयान से और स्पष्ट हो गया है।

### गाजियाबाद में जबरन धर्म बदलने की कोशिश, हिंदू संगठनों का हंगामा

**गाजियाबाद एजेंसी।** मोदीनगर के विजयनगर कॉलोनी में एक महिला ने जबरन धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पहुंचे हिंदू संगठन के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने तीन लोगों पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। विजयनगर कॉलोनी निवासी संगीता ने शनिवार को उपजिलाधिकारी और एसीपी मोदीनगर को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि सास-ससुर और भतीजा जबरदस्ती इसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। धर्म परिवर्तन न करने पर आए दिन मारपीट करते हैं। इस मामले में आशु ,अशर्फी और किशनपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। पुलिस का दावा था कि इस मामले में धर्म गुरुओं को भी जांच के घेरे में लाए गए हैं। महिला का आरोप है कि गुरुवार को तीन लोग बाइक पर आए और जबरन धर्मांतरण करने का दबाव बनाने लगे। जब ऐसा करने से इनकार किया तो वह उल्टा सीधा कहने लगे। महिला ने इसकी सूचना हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को दी। हिंदू संगठन से जुड़े नीरज शर्मा दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ विजयनगर कॉलोनी पहुंचे और तीनों लोगों को घेरकर हंगामा करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि जो व्यक्ति कॉलोनी में आए हैं,उनमें से एक व्यक्ति इसाई धर्म से ताल्लुक रखते हैं। हंगामा बढ़ता देखकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत किया। पुलिस तीनों को मोदीनगर थाने ले आई। संगीता का आरोप है कि बाइक पर तीन लोग नोएडा से आए और धर्मांतरण करने की बात कह रहे थे। वह तरह-तरह का प्रलोभन भी दे रहे थे। धर्मांतरण न करने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।



## दोनों के मन में मैं बनूं-मैं बनूं; पायलट और अशोक गहलोत पर गोविंद सिंह डोटासरा बोले

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न दलों और राज्यों के नेताओं का तूफानी दौरा जारी है। चूंकि राजस्थान हरियाणा का पड़ोसी राज्य है, इसलिए वहां के नेता भी चुनाव प्रचार में जुटें है। इस दौरान पत्रकारों के कुरेदने पर राजस्थान के नेता अपने राज्य की राजनीति पर भी चर्चा छेड़ दे रहे हैं। एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राजस्थान के कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को लेकर पूछे गए एक सवाल पर प्रतिक्रिया दी।

गुरुवार को हरियाणा में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा से जब पूछा गया कि जैसे हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सेलजा के बीच मुख्यमंत्री बनने की खींचतान चल रही है क्या ऐसी लड़ाई राजस्थान में सचिन पायलट और गहलोत के बीच में भी तो होती है। इस सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि लड़ाई तो नहीं होती, लेकिन उन दोनों के मन में होता है कि मैं बनूं- मैं बनूं। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। आलाकमान तय करता है। आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया तो सबने माना।

## छत्तीसगढ़ में झुंड से अलग हुए जंगली हाथी ने बोला हमला; एक की मौत- अन्य घायल

**जशपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में जंगली हाथी के हमला करने की वारदात सामने आई है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया है। जशपुर प्रभाग के वन अधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि घटना आगडीह गांव की है। अब तक की जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पड़ोसी राज्य झारखंड में हाथी अपने झुंड से अलग हो गया था। इसके बाद वो पड़ोसी राज्य के जशपुर में घुस गया था।

अधिकारी ने बताया कि सामने से आते दो लोगों के ऊपर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। इसमें असित तिग्गा की मौत हो गई। वहीं उनके साथ के व्यक्ति अरविंद तिग्गा बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन लोगों ने घायल अरविंद को अस्पताल में भर्ती कराया और इसके बाद उन्हें अंबिकापुर अस्पताल में भेज दिया गया। मरने वाले व्यक्ति को 25000 रुपए की सहायता राशि देने की बात कही गई है।

## पहचान छिपाकर भारत में रह रही थी पोर्न स्टार रिया बर्डे, जांच में निकली बांग्लादेशी; गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** पहचान छिपाकर भारत में रह रही पोर्न स्टार रिया बर्डे को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत में रहने का आरोप है। जांच के दौरान पोर्न स्टार रिया बर्डे बांग्लादेशी निकली है। पोर्न जगत में रिया को आरोही बर्डे या बन्ना शेख के नाम से भी जाना जाता है। रिया बांग्लादेशी मूल रहने के बावजूद फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपनी मां, भाई और बहन के साथ अवैध रूप से रह रही थी। रिया की मां और पिता कतर में हैं, जबकि पुलिस रिया के भाई और बहन की तलाश कर रहे हैं।

रिया बर्डे पर बांग्लादेशी मूल की होने और अपनी मां, भाई और बहन के साथ अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप है। आरोप है कि रिया की मां ने इसी मकसद से अमरावती के एक शख्स से शादी की थी। पुलिस ने रिया के अलावा उसकी मां अंजलि बर्डे उर्फ ??रूबी शेख, पिता अरविंद बर्डे, भाई रवींद्र उर्फ ??रियाज शेख और बहन रितु उर्फ ??मोनी शेख



को भी अवैध रूप से भारत में रहने का आरोपी बनाया है। पुलिस ने रिया को ठाणे जिले के उल्लासनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

**राज कुंद्रा प्रोडेक्शन में भी कर चुकी काम:** पुलिस ने कहा कि रिया राज कुंद्रा के प्रोडक्शन से जुड़ी थीं और उन्होंने कई पोर्न फिल्मों में काम किया है। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर संग्राम मालकर ने कहा, ÷जांच में हमने पाया कि रिया की मां अंजलि बांग्लादेश की रहने वाली है और वह रिया समेत अपनी दो बेटियों और बेटे के साथ भारत में अवैध रूप से रह रही थी। रिया की मां ने खुद को पश्चिम बंगाल का बताकर अमरावती निवासी अरविंद बर्डे से शादी की और बाद में अपनी भारतीय पहचान साबित करने के लिए अपने और बच्चों के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य फर्जी दस्तावेज जमा करके भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया।

**रिया की मां और पिता कतर में, भाई-बहन की तलाश:** पुलिस को पता चला कि रिया की मां और पिता दोनों फिलहाल कतर में रह रहे हैं, जबकि पुलिस उसके भाई और बहन की भी तलाश कर रही है। पुलिस ने कहा कि रिया को पहले मुंबई पुलिस ने वेश्यावृत्ति से जुड़े एक मामले में अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। मामला तब सामने आया जब रिया के दोस्त प्रशांत मिश्रा को पता चला कि वह मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली है और वह भारत में अवैध रूप से रह रही है। उन्होंने उसकी शिकायत पुलिस से की।

## सबसे लंबे समय तक मौत की सजा पाने वाले कैदी की 45 साल बाद हुई रिहाई, हत्या के मामले में बरी

**टोक्यो, एजेंसी।** इवाओ हाकामाडा को करीब 45 साल पहले मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से उसकी मौत की सजा टलती रही। ऐसे में साल 2014 में इवाओ हाकामाडा का नाम सबसे लंबे समय तक मौत की सजा काटने वाले कैदी के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया था। जापान में सबसे लंबे समय तक मौत की सजा काटने वाले एक व्यक्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया। अदालत ने 88 साल के इवाओ हाकामाडा को निर्दोष मानते हुए आरोपों से बरी करने का आदेश दिया। इवाओ हाकामाडा पर साल 1966 में चार लोगों की हत्याओं का आरोप था। गौरतलब है कि इवाओ हाकामाडा को करीब 45 साल पहले मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से उसकी मौत की सजा टलती रही। ऐसे में साल 2014 में इवाओ हाकामाडा का नाम सबसे लंबे समय तक मौत की सजा काटने वाले कैदी के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया था। जापान को शिजुओका जिला न्यायालय ने इवाओ हाकामाडा को दोषमुक्त करार दिया। इवाओ हाकामाडा की देखभाल उसकी बहन करती है। अदालत के आदेश पर खुशी जाहिर करते हुए इवाओ हाकामाडी की बहन हिदेको हाकामाडा ने कहा कि जब मैने टीवी पर अदालत का आदेश सुना तो मैं बहुत भावुक हो गई और मेरी आंखों से आंसू बहते रहे। दरअसल जिन सबूतों के आधार पर इवाओ को मौत की सजा दी गई थी, उन पर संदेह के चलते साल 2014 में इवाओ हाकामाडा के मामले पर फिर से सुनवाई शुरू हुई थी। इवाओ हाकामाडा एक पूर्व बॉक्सर है और उस पर अपने पूर्व बॉस और उसके परिवार की चाकू घोंपकर हत्या करने और उनके घर को जलाने का आरोप था।

## जी4 देशों ने किया यूएन के शिखर सम्मेलन का स्वागत, विदेश मंत्रियों ने यूएनएससी में सुधार की बताई जरूरत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जी 4 देश (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) ने एक संयुक्त बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन का स्वागत किया। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। चार समूह देशों में शामिल भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और जापान के विदेश मामलों के मंत्री योको कामिकावा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर बैठक के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र परिषद में सुधार की संभावनाओं पर संयुक्त राष्ट्र महासभा को चर्चा करनी चाहिए।

चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान में वैश्विक शासन में बदलाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर चर्चा सर्वोच्च



प्राथमिकता रहेगी। मंत्रियों ने सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की वकालत की। जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय प्रणाली की वर्तमान महत्वपूर्ण चुनौतियों पर ध्यान दिया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा परिषद का व्यापक सुधार संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और वर्तमान व भविष्य के लिए उपयुक्त बनाने के प्रयास का अनिवार्य हिस्सा है। जर्मनी, भारत और जापान ने त्न-20 की अध्यक्षता मिलने पर ब्राजील की ओर से शुरू की गई कॉल टू एक्शन पहल का स्वागत किया।

जी4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में 15 देशों की सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए अपना आह्वान दोहराया। इसे परिषद की वैधता बढ़ाने के लिए वार्ता प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण संख्या में सदस्य राज्यों द्वारा समर्थन दिया गया है। बयान में कहा गया कि वे दोनों सदस्यता श्रेणियों में सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशों की भूमिका और भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमत हैं। उन्होंने अफ्रीका, एशिया-प्रशांत और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले और गैर-प्रतिनिधित्व वाले समूहों और क्षेत्रों के बेहतर प्रतिनिधित्व के महत्व पर भी जोर दिया। मंत्रियों ने एजुल्विनी सहमति और सिर्ते घोषणा में निहित कॉमन अफ्रीकन पोजिशन के प्रति अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के काम की समीक्षा करते हुए जी4 मंत्रियों ने अंतर-सरकारी वार्ता में पर्याप्त प्रगति न होने पर कड़ी चिंता व्यक्त की। वार्ता शुरू करने की तत्काल आवश्यकता बताई।

## जेलेंस्की ने की बाइडन-हैरिस से मुलाकात, यूक्रेन की विजय योजना के विवरण पर हुई चर्चा

### अमेरिका का जताया आभार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** जेलेंस्की ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ भी विजय योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी लोगों, यूक्रेनी बच्चों और सभी को पुतिन की बुरी नजर से बचाना होगा। यूक्रेन भाग्यशाली है कि इस परिस्थिति में अमेरिका हमेशा साथ खड़ा रहा है। रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन की विजय योजना के विवरण पर चर्चा के लिए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी के समर्थन के लिए ाभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका यूक्रेन के साथ खड़ा है। व्हाइट हाउस में यह बैठक यूक्रेन के लिए एक नए पैकेज और 80 लाख रुपये की सहायता की घोषणा के बाद हुई।



जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात के दौरान मैंने उनके सामने जीत की योजना पेश की। इस यौजना को मजबूत करने को लेकर हमने चर्चा की। हमने अपने विचार और दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने आगे कहा, मुझे खुशी है कि रूस के साथ युद्ध की शुरुआत के समय से ही यूक्रेन और अमेरिका एकसाथ खड़ा है। आपकी दृढ़ संकल्प हमें मजबूत बनाने के लिए अविश्नीय रूप से महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के साथ इस युद्ध में यूक्रेन की जीत होगी। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, आज राष्ट्रपति जेलेंस्की और मैं युद्ध के मैदान में यूक्रेन की स्थिति को मजबूत करने पर फिर से चर्चा के लिए बैठे। दो चीजें स्पष्ट हैं, इस युद्ध में यूक्रेन की जीत होगी और अमेरिका हर कदम पर यूक्रेन के साथ खड़ा होगा।

**कमला हैरिस के साथ भी हुई चर्चा:** जेलेंस्की ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ भी विजय योजना पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर कहा, मैंने विजय योजना के विवरण को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ साझा किया। हमारे लिए अमेरिका के साथ पूर्ण समन्वय में काम करना बहुत महत्वपूर्ण है।जेलेंस्की ने अमेरिका के समर्थन पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हमें इस युद्ध को समाप्त करना होगा और न्यायपूर्ण शांति प्राप्त करनी होगी। हमें अपने लोगों को बचाना होगा। हमें यूक्रेनी लोगों, यूक्रेनी बच्चों और सभी को पुतिन की बुरी नजर से बचाना होगा। हम भाग्यशाली हैं कि इस परिस्थिति में अमेरिका हमेशा यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। एक बयान में, बाइडन ने उल्लेख किया कि अमेरिकी रक्षा विभाग यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के माध्यम से 2.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सुरक्षा सहायता की घोषणा कर रहा है, जो यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा, मानव रहित हवाई प्रणाली और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार प्रदान करेगा, साथ ही यूक्रेन के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगा और इसके रखरखाव और अन्य आवश्यकताओं का समर्थन करेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129